सूर्योदय 5:46 सूर्यास्त 7:06

आज का तापमान

शिमला	17.2 न्यू	20.8 अधि
धर्मशाला	19 न्यू	29.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	80,235.59
निफ्टी	24,487.40

सोना 1,02,640 | चांदी 1,15,000

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

पृष्ठ 6 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 13 अगस्त 2025 | 29 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 226, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

बद्रीनाथ और हेमकुंड की यात्रा स्थगित

एजेंसी, गोपेश्वर। मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट के बाद बद्रीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा फिलहाल 14 अगस्त तक के लिए रोक दी गई है। मंगलवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बद्रीनाथ हाइवे पर कमेडा के पास भूस्खलन के कारण रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। इससे यहां पर वाहनों की आवाजाही मुश्किल से हो पा रही है। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए 14 अगस्त तक के लिए बद्रीनाथ तथा हेमकुंड की यात्रा को स्थगित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

किन्नर कैलाश यात्रा आज से फिर होगा शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है कि किन्नर कैलाश यात्रा 13 अगस्त से एक बार फिर शुरू होने जा रही है। यात्रा को सुचारु रूप से चलाने के लिए प्रशासन ने कुछ महत्वपूर्ण नियम जारी किए हैं। 13 और 14 अगस्त को प्रतिदिन 250 यात्रियों को यात्रा की अनुमति मिलेगी। इस दौरान पंजीकरण की प्रक्रिया सुबह 6 बजे से शुरू होगी और केवल ऑफलाइन माध्यम से ही की जा सकेगी। 15 अगस्त से यात्रियों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया में बदलाव होगा। इस दिन से श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से पंजीकरण करा सकेंगे।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- टौणी देवी-ऊहल रोड भूस्खलन से फिर हुआ बंद, लटका पेड़ बना खतरा पेज 2
- ब्यास नदी उफान पर: प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए बंद किया पुल -पेज 5
- सराज में शिक्षण कार्य जल्द होंगे बहाल : रोहित ठाकुर -पेज 9
- मनाली में स्क्रब टायफस की दस्तक, सतर्क हुआ स्वास्थ्य विभाग -पेज 11
- ऑस्ट्रेलिया लगातार नौ टी-20 जीतने के बाद हारा -पेज 14

जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

कहा- आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्पीकर ने कहा कि मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है।

उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के 1-1 जज और एक कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा।

स्पीकर बिरला ने कहा कि हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया। सीजेआई ने इस मामले पर विचार करने के बाद जस्टिस वर्मा की प्रतिक्रिया और दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की प्रतिक्रिया पर राय बनाई कि इस पर गहन जांच जरूरी है। इसलिए एक 3 सदस्यों वाली कमेटी बनाई गई।

हमें याद है कि तत्कालीन सीजेआई ने यह रिपोर्ट प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को भेजी है। यह भी कहा है कि इस केस में पूर्व प्रावधानों के अनुसार काम किया है। समिति की रिपोर्ट में आरोप इस प्रकृति के हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने की कार्रवाई शुरू करने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

स्पीकर ने बनाई तीन सदस्यीय कमेटी

स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि स्वतंत्र जांच के बाद हमें यह पता चला है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत जज को हटाने की प्रक्रिया नियमों के अनुसार शुरू की जानी चाहिए। बेदाग चरित्र न्यायपालिका में एक आदमी के विश्वास की नींव है। वर्तमान केस में जुड़े तथ्य भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करते हैं और कार्रवाई के लिए प्रेरित करते हैं। संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस वर्मा को पद से हटाने का प्रस्ताव पेश करते हैं। इस पर आगे की कार्रवाई की जाए। इसे उचित पाते हुए मैंने इसकी स्वीकृति दी है। मैंने जस्टिस वर्मा को पद से हटाने के आरोपों की जांच के लिए 3 सदस्यों की कमेटी बनाई है। कमेटी में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट चीफ जस्टिस मनिंदर मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट बीवी आचार्य शामिल हैं।

वोटर वेरिफिकेशन पर फिर हंगामा लोकसभा में विपक्ष ने फाड़े कागज

वोट चोरी के खिलाफ संसद के बाहर प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईएस पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा स्थगित कर दी गई। शाम 4.30 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा होने लगा।

विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके। इस दौरान भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा कि उपनेता (विपक्ष) की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

पीठासीन बोले- विपक्ष के उपनेता के इशारे पर हुआ ऐसा

वहीं, नेशनल एंटी-डोपिंग (संशोधन) बिल- 2025 और नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल- 2025 राज्यसभा से पास हो गया। इसके बाद राज्यसभा भी 18 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

हालांकि, चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं, बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया।

राहुल गांधी ने कहा कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत-सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की 'फर्स्ट टाइम' वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल में लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी की आशंका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में हुए मंडी लोकसभा चुनाव में संभावित गड़बड़ी को लेकर कहा कि यह एक 'स्टडी का विषय' है और अगर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने ऐसी कोई आशंका जताई है, तो इसमें निश्चित तौर पर सच्चाई होगी।

सुक्खू ने प्रतिभा सिंह के बयान का किया समर्थन

यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हाल ही में हुए चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद से पार्टी के भीतर और बाहर कई सवाल खड़े हो रहे थे। सुक्खू ने मंगलवार को युवा दिवस के अवसर पर एक साइकिल रैली और मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद मीडिया से बातचीत में यह बात कही। अपने अन्य कार्यक्रमों और बयानों पर बात करते हुए, मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली दौरे की खबरों को खारिज कर दिया।

अमेरिका ने फिर 90 दिन टाला चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ

एजेंसी, वॉशिंगटन

ट्रंप बोले- मेरा जिनपिंग से अच्छा रिश्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का फैसला 90 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अमेरिका-चीन टैरिफ की डेडलाइन 9 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। फिलहाल अमेरिका ने चीन पर 30 फीसदी टैरिफ लगा रखा है।

फिलहाल चीन पर 30 प्रतिशत टैरिफ

अप्रैल में अमेरिका ने चीन पर 245 फीसदी तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने इसका जवाब देते हुए अमेरिका पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही थी। अब अमेरिका चीन पर मेहरबान हो गया है। अमेरिका की चीन पर मेहरबानी की वजह यूं ही नहीं है।

अमेरिका लाख धमकी दे, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि ट्रंप का देश किस हद तक चीन पर निर्भर है। व्यापार में चीन से पंगा लेना अमेरिका को महंगा पड़ सकता है। इसके साथ ही अमेरिकी कंपनियों के विरोध की वजह भी बन सकती है। (अनंत ज्ञान)

सजा की अवधि पूरी कर चुके दोषी को तत्काल करें रिहा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि कोई दोषी व्यक्ति सजा की निर्धारित अवधि पूरी करने के बाद भी जेल में बंद है और किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तत्काल रिहा किया जाए।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान को रिहा करने का आदेश देते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि यादव ने इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है।

पीठ ने इसके साथ ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया कि वे यह पता करें कि कोई दोषी व्यक्ति सजा की निर्धारित अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद तो नहीं है। यदि कोई दोषी व्यक्ति किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है और निर्धारित अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद हैं तो जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे शीघ्र रिहा किया जाए। (अनंत ज्ञान)

श्रीनगर में अलगाववादी यासीन के घर समेत आठ जगह छापेमारी

एजेंसी, श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की स्टेट इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) की मंगलवार को श्रीनगर के 8 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। मामला अप्रैल 1990 में घाटी में आतंकवाद के चरम के दौरान कश्मीरी पंडित महिला सरला भट के अपहरण-हत्या से जुड़ा है। जिन जगहों पर एसआईए की रेड जारी है, उनमें जेएंडके लिब्रेशन फ्रंट के पूर्व चीफ यासीन मलिक का मैसूमा स्थित घर भी शामिल है। यहां डिप्टी एसपी आबिद हुसैन, एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट और दूसरे पुलिसकर्मी जांच के लिए पहुंचे हैं। यासीन मलिक को टेरर फंडिंग केस में मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। फिलहाल वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। यासीन का बेटा गुलाम कादिर मलिक भी तिहाड़ में ही बंद है। (अनंत ज्ञान)

नादौन में अमृतसर के व्यापारियों से 4 .35 करोड़ के सोने के जेवर जब्त

शशि सोनल, अनंत ज्ञान

नादौन। नादौन शहर में मंगलवार को एक्साइज एवं टैक्सेशन विभाग ने 4 किलो 810 ग्राम सोने के जेवर बिना बिल के पकड़ने में सफलता हासिल की है। इन पकड़े गए सोने के गहनों की कीमत 4.35 करोड़ रुपए है। इस मामले की क्षेत्र में खासी चर्चा है।

26 लाख 15 हजार रुपए डाला जुर्माना



मिली जानकारी के अनुसार अमृतसर से दो सोने के व्यापारी सोने के जेवर बेचने के लिए एक वाहन से नादौन आए, जिसकी भनक लगते ही एक्साइज एवं टैक्सेशन विभाग सक्रिय हो गया। स्टेट एक्साइज एवं टैक्सेशन वृत्त नादौन के सहायक कमिश्नर अरविंद शर्मा के नेतृत्व में इन व्यापारियों को दबोचने के लिए कमर कस ली। ज्यों ही ये अमृतसर के व्यापारी नादौन बाजार में पहुंचे विभाग की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। और इन व्यापारियों को सोने के जेवरों सहित कार्यालय में ले गए जहां इनसे बिल आदि मांगे तो वे कोई वैलिड बिल आदि प्रस्तुत नहीं कर पाए। पकड़े गए सोने के जेवरों का वजन करवाया जो 4 किलो 810 ग्राम निकला। विभाग ने इन व्यापारियों को इस मामले में 26 लाख 15 हजार रुपए जुर्माना डाला। अरविंद शर्मा ने बताया कि दोनों व्यापारियों खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जोधपुर बॉर्डर पर पकड़ी 7 करोड़ की हेरोइन

एजेंसी, जोधपुर। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी की एक और बड़ी कोशिश को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नाकाम कर दिया है। जोधपुर के खजुआना इलाके में बीएसएफ के जवानों ने सोमवार देर रात ड्रोन के जरिए भेजी गई 1.6 किलोग्राम हेरोइन बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 7 करोड़ रुपए से भी अधिक आंकी गई है।

बीएसएफ के आईजी मदनलाल गर्ग ने बताया कि यह खेप सोमवार रात करीब 1.30 बजे पाकिस्तान से एक ड्रोन के जरिए सीमा से लगभग अढ़ाई किलोमीटर अंदर गिराई गई थी। सतर्क बीएसएफ जवानों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर इस पैकेट को कब्जे में ले लिया। (अनंत ज्ञान)

हाईकोर्ट बोला-बिना सबूतों के सजा असंवैधानिक

पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान

शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में मुख्यमंत्री आवास पर तैनात एक सुरक्षाकर्मी को दी गई सजा को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि किसी कर्मचारी को पुख्ता सबूतों के बिना दंडित नहीं किया जा सकता।

सुरक्षाकर्मी को दी गई चार वेतनवृद्धियां रोकने की सजा रद्द

यह मामला हिमाचल प्रदेश सशस्त्र पुलिस की तीसरी बटालियन के कांस्टेबल होशियार सिंह से जुड़ा है। 18 फरवरी 2002 को, जब वह मुख्यमंत्री के शिमला स्थित आवास पर ड्यूटी पर थे, तब एक व्यक्ति कंटीले तारों से परिसर में घुस गया और अपना बैग छोड़कर भाग गया। इस घटना के बाद होशियार सिंह सहित तीन सुरक्षाकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई और उन्हें चार वेतनवृद्धियां रोकने की सजा दी गई थी। न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने होशियार सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए पाया कि जांच में उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला था।

शहरीकरण | रेरा की पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता पर उठ रहे सवाल

बिल्डरों की जकड़ में सोलन शहर

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। समशीतोष्ण वातावरण वाले सोलन शहर को बिल्डरों की नजर लग गई। सोलन में बसने की चाहत ने शहर को कंक्रीट का जंगल बना दिया, जिससे यहां के तापमान में साल दर साल बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। शहर के आसपास के हरित क्षेत्रों पर बिल्डरों ने कब्जा कर यहां मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट खड़े कर दिए। जहां पर पेयजल और सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाएं काम चलाऊ हैं। जिससे शहर के पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। इससे रियल एस्टेट अथॉरिटी और इंडिया (रेरा) की पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता पर सवाल खड़े हो गए।

शहर के आसपास कोई ही हिस्सा बचा होगा जहां बिल्डरों का कब्जा न हो। हाल ही के दिनों में शहर के चंबाघाट रोड पर रेरा के तहत बनी चेस्टर हिल में भी बिल्डरों की मनमानी उजागर हो गई। जहां जीवनभर की पूंजी खर्च कर फ्लैट में रह रहे लोगों का पानी का कनेक्शन काट दिया गया। बिल्डरों पर फ्लैट मालिकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने इसको लेकर 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



सोलन शहर।

पानी और सीवरेज बड़ी समस्या

बिल्डरों ने लोगों को सब्जबाग दिखाकर उनका करोड़ों रुपए निवेश कर अपार्टमेंट निर्माण में लगा दिया है। पर इंसानी जीवन के लिए सब से प्रमुख जरूरत पानी और सीवरेज व्यवस्था की होती है, जिसका बिल्डरों के पास दूरगामी प्रबंध नहीं है। रेरा के नियमों के मुताबिक किसी प्रकार की हाउसिंग के लिए पानी, कूड़ा निष्पादन और सीवरेज व्यवस्ता के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। पर शहर के बिल्डर करोड़ों की कमाई कर अब नगर निगम पर डोरे डालकर अपनी जिम्मेदारी से भागने की फिराक में हैं, जबकि शहर में पहले ही पानी और कूड़ा प्रबंधन की बहुत बड़ी चुनौती कड़ी हो चुकी है।

निगम के पास नहीं कोई ठोस नीति

शहरीकरण के चलते सोलन शहर में अब तिल धरने की जगह नहीं बची है। बनिस्पत शहर में नियमों को ताक में रखकर हो रहे बेतरतीब निर्माण पर अंकुश लगाने के बजाय नगर निगम कोई ठोस नीति नहीं बना पाया। एक तरफ पानी की कमी से लोगों को तीन से चार दिन बाद पानी मिल रहा है। वहीं, करीब 100 करोड़ खर्च कर भी सीवरेज व्यवस्था दो दशक से नहीं बनी। इसी तरह सड़कों और रास्तों में होते अतिक्रमण से शहर का विकास चुनौती बन चुका है। ऐसे में आगामी 20 वर्षों में शहर की क्या स्थिति होगी किसी को नहीं पता।

नगर निगम में रेरा के तहत बनी आवसीय कॉलोनी कों पानी सप्लाई का प्रावधान नहीं है। फिलहाल सरकार ने शहर में पानी की सप्लाई का जिम्मा जल शक्ति विभाग को सौंपा गया है। शहर को योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने को मास्टर प्लान बनाया जाएगा।

-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।

न्यूज ब्रीफ

आज नशे के खिलाफ ली जाएगी शपथ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को जिला हमीरपुर में भी सभी कार्यालयों और संस्थानों में नशा विरोधी शपथ ली जाएगी। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने इस संबंध में सभी कार्यालयों एवं संस्थानों के प्रमुखों को अपने-अपने कार्यस्थलों पर नशा विरोधी शपथ के कार्यक्रम आयोजित करने तथा इसकी रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा जिला की समग्र रिपोर्ट नशा मुक्त भारत अभियान के वेब पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

झनिक्कर में 'हर घर तिरंगा' के तहत किया जागरूक

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। आंगनबाड़ी केंद्र झनिक्कर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुमलता द्वारा लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक व भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को अपने अपने घरों में फहराने के लिए जागरूक किया ताकि देश भक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा मिल सके। यह अभियान 2अगस्त से शुरू हुआ है और 15 अगस्त तक चलेगा। इसमें सभी harghartiranga.com पर अपनी सैल्फी अपलोड करें। अंत में सभी ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रैली निकाली व स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया।

पिंकी देवी का गिरा मकान, मदद की गुहार

अनंत ज्ञान, बड़सर। पिंकी देवी जो कि बड़सर पंचायत के वार्ड नं. 4 की रहने वाली है, उसका घर बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पंचायत के उपप्रधान राकेश शर्मा और पटवारी मौके पर गए हुए थे। पटवारी ने मौके पर पिंकी देवी और ग्रामीणों के बयान कलमबद्ध किए तथा पीड़िता को आश्वासन दिया कि प्रशासन को नुकसान बारे रिपोर्ट भेज दी जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि पिंकी देवी पहले ही बड़ी कठिनाइयों से कच्चे घर में रहकर अपना गुजारा चला रही थी, परंतु अब तो उसका घर क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस वजह से उसकी सहायता की जानी लाजमी है ताकि पिंकी देवी को राहत मिल सके।

सीएम आपदा राहत कोष में दिया 51 हजार का चेक

अनंत ज्ञान, बड़सर। उपमंडल बड़सर की प्रतिष्ठित उत्थान समाज सेवा समिति खज्जियां ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के लिए 51,000 रुपए की सहयोग राशि भेंट कर मानवता की एक बेहतरीन मिसाल पेश की है। समिति सदस्यों ने यह चेक एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम के माध्यम से सरकार को सौंपा। समिति के प्रमुख सदस्यों हंस राज शर्मा, बालक राम, राजेंद्र कुमार और उर्मिला देवी ने बताया कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों की मदद करना सभी का नैतिक कर्तव्य है।

अपहरण व चोरी मामले की जांच में जुटी पुलिस

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन में कुछ युवाओं द्वारा एक 12 वर्षीय नाबालिग बच्चे के अपहरण व इससे जुड़े चोरी के मामले में पुलिस आज भी जांच में जुटी रही। लेकिन अभी इस मामले में किसी की गिरफतारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है ताकि इस मामले में ठोस कार्रवाई की जा सके। काबिलेगौर है कि नादौन शहर के वार्ड न. 1 से प्रवासियों के अस्थाई निवास से अपहर्णकर्ता बच्चे को उठाकर बाइक से ले गए और उसके बाद उसके हाथ पांव बांध दिए। अपहरणकर्ता नादौन शहर के बार्ड न. 1 में झुंगी में रह रहे प्रवासी परिवारों में से विरजू के बेटे को समझकर सरोज सदा निवासी बिहार के 12 वर्षीय बेटे का ही अपहरण कर लिया परंतु जब उन्हें पता चला कि वह जिस बच्चे को उठाने गए थे वह ये नहीं बल्कि कोई और है तो अपहरणकर्ताओं ने उसे कुर्सी से बांध कर छोड़ दिया गया। जब उनकी योजना कामयाब नहीं हुई तो उन्होंने जिस बच्चे को उठाना चाहते थे उसके पिता विरजू साहनी निवासी बिहार की मिक्सचर मशीन ही चोरी कर डाली यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। उपरोक्त बारे एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

चलते वाहन में लगी आग, बाल-बाल बचा पुलिस स्टाफ

शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन शहर में पुलिस वाहन जीप को उस समय अचानक आग लग गई, जब पुलिस टीम किडनैपिंग व चोरी के मामले की जांच के संदर्भ में मौका पर जा रहे थे। पुलिस वाहन ज्यों ही अस्पताल रोड़ पर कोट के पास पहुंचा तो अचानक वाहन में आग लग गई, जिसका अभास होते ही वाहन चालक गुलशन कुमार सहित पुलिस टीम को तुरंत जीप से उतर गई। पुलिस वाहन में सब इंस्पेक्टर देव राज, हैडकंस्टेबल सुमित व कुलदीप कुमार व चालक गुलशन कुमार शामिल थे। पुलिस वाहन का इंजन आदि पूरी तरह से जल जाने से काफी नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस का यह वाहन काफी पुराना है और करीब 3 लाख किलोमीटर चल चुका है। बावजूद इसके पुलिस इस वाहन का इस्तेमाल कर रही थी। डीएसपी प्रताप सिंह ने वाहन में आग लगने की पुष्टि करते हुए कहा कि वाहन में अचानक आग लग गई, जिससे वाहन को काफी क्षति पहुंची है।

पश्चिम बंगाल में ट्रेनिंग के दौरान मौत परिवार ने जताया हत्या का संदेह

कपिल की बहन मोनिका का सवाल-तैरने वाले की डूबने से कैसे हो सकती है मौत?

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

बड़सर। हमीरपुर जिले के उपमंडल बड़सर के सपूत कपिल कुमार को उनके पैतृक श्मशानघाट में एक वीर जवान की तरह अंतिम संस्कार किया गया। कपिल को चचेरे भाई योगेश कुमार योगी ने मुखाग्नि दी। इससे पहले जैसे ही कपिल का शव घर बगेड़ में पहुंचा, तो उसके माता-पिता भी वेशुद्ध पड़े थे, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। माहौल इतना गमगीन था कि सब की आंखें नम थीं। बता दें कि कपिल कुमार (21) पश्चिम बंगाल के हावड़ा में निजी कॉलेज मरीन इंजीनियरिंग में 6 महीने का क्रैश कोर्स कर रहा था।

शनिवार को ट्रेनिंग के दौरान मौत होने की सूचना परिवार को दी गई थी। वहां पर मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी माता-पिता को सही से नहीं दी गई है। परिवार के सदस्यों ने ट्रेनिंग करवाने वाली कंपनी पर सीधे-सीधे कत्ल का आरोप लगाया है। कपिल की बड़ी बहन मोनिका ने आरोप लगाया है की उसके भाई की मौत डूबने से नहीं, बल्कि उसे शक है कि उसकी हत्या की गई है।

कपिल कुमार को वीर जवान की तरह दी गई अंतिम विदाई, विधायक भी रहे मौजूद।

इसकी शिकायत पश्चिम बंगाल के संकरैल पुलिस स्टेशन में मरीन इंजीनियरिंग क्रैश कोर्स कॉलेज पर परिवार जनों से जानकारी छिपाने का आरोप लगाते हुए एफआई आरदर्ज करवाई है। मोनिका ने कहा है मेरा भाई तैरना जानता था, डूब नहीं सकता। उसके सिर के पिछले हिस्से पर खून के धब्बे मैंने देखे हैं।

जब परिवार के सदस्य डेड बॉडी को लेने के लिए गए और कॉलेज की सीसीटीवी फुटेज की जांच करने को कहा तो हमें उन्होंने मना कर दिया और उसके कमरे में भी जाने से मन कर दिया। इस कारण अब हमारा शक बढ़ गया है। हमें लगता है कि कपिल को मारा गया है, जो कि डूबने से नहीं मरा है। मृतक कपिल के परिवार सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं सांसद अनुराग ठाकुर से इस सारे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है ताकि आगे से कोई अभागा कपिल की तरह मौत के आगोश में न समा सके।

दिवंगत कपिल की अंतिम यात्रा में स्थानीय विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, कांग्रेस नेता विशाल शर्मा, सुभाष ढटवलिया, डैनी जसवाल, बिझड़ी पंचायत प्रधान संजय शर्मा, गारली पंचायत प्रधान संजय कुमार सहित हजारों नम आंखों ने अंतिम विदाई दी।

हमीरपुर में विस उपाध्यक्ष विनय करेंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हमीरपुर जिले में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार करेंगे। इस समारोह के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि पूर्व में जारी आदेश के अनुसार इस जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने करनी थी, लेकिन उनके कार्यक्रम में बदलाव के कारण अब इस समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि विधानसभा के उपाध्यक्ष 15 अगस्त को सुबह 11 बजे ध्वजारोहण करेंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। इस परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट्स एंड गाइड्स की टुकड़ियां भाग लेंगी। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रवास कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा उपाध्यक्ष 14 अगस्त की शाम को ही हमीरपुर पहुंच जाएंगे और 15 अगस्त को जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करने के पश्चात दोपहर बाद नाहन रवाना हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समारोह की परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल आरंभ कर दी गई है और मौसम के खराब रहने की स्थिति के मद्देनजर आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके लिए सभी संबंधित विभागों और नगर निगम के अधिकारियों को पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने सभी हमीरपुर वासियों से जिला स्तरीय समारोह में भाग लेने की अपील की है।

टौणी देवी-ऊहल रोड भूस्खलन से फिर हुआ बंद, लटका पेड़ बना खतरा

संजीव चौहान, अनंत ज्ञान

सड़क को खोलने के लिए जेसीबी कर रही कार्य।

टौणी देवी। टौणी देवी-ऊहल- कक्कड़ संपर्क सड़क मंगलवार को एक बार फिर भूस्खलन के कारण बंद हो गई। बता दें कि यह वही सड़क है, जहां पहले भी कई बार भूस्खलन हुआ है, लेकिन कुछ ही दिनों में आज फिर मलबा गिरने से आवागमन ठप हो गया है। बता दें कि सुबह अचानक पहाड़ से भारी मात्रा में मलबा और बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर आ गिरे।

घटनास्थल पर एक पेड़ भी मलबे में फंसा हुआ है, जो किसी भी समय गिर सकता है। इस कारण राहत कार्य में जुटी टीमों और राहगीरों के लिए खतरा और बढ़ गया है। वहीं, सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग की जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। यातायात पूरी तरह से रुका हुआ है और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। हालांकि अब मलबा हटा दिया है और वाहनों को आवाजाही के लिए अस्थायी तौर पर रोड खोल दिया गया है।

वहीं, लोक निर्माण विभाग टौणी देवी के एसडीओ नितीश भारद्वाज ने बताया कि सूचना मिलते ही दो जेसीबी मशीनों को भेज दिया गया था, जिनकी मदद से मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। फिलहाल वाहनों की आवाजाही सुचारु कर दी गई है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि वे आवश्यक कार्य होने पर ही यात्रा करें और प्रभावित क्षेत्र में रुकने से बचें।

नकली पुलिस अधिकारी मामले में कॉल डिटेल खंगाले

अनंत ज्ञान, भोरंज। पुलिस थाना भोरंज में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नकली पुलिस अधिकारी बनकर कॉल करने के मामले में कॉल डिटेल खंगाली जा रही हैं। यह मामला शिकायतकर्ता जोल गांव निवासी रंजना कुमारी पत्नी सुमित कुमारने सोमवार को दर्ज करवाया था। शिकायत के अनुसार, एक अज्ञात मोबाइल नंबर से रंजना कुमारी को फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को थाना भोरंज का पुलिसकर्मी बताते हुए धमकाया कि वह तुरंत थाना में हाजिर हो जाए, अन्यथा पुलिस घर से पकड़कर ले जाएगी।

कॉल करने वाले ने दावा किया कि कल्याण बोर्ड द्वारा उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। थाना प्रभारी प्रशांत ठाकुर ने बताया कि कॉल डिटेल में यह वेरीफाई किया जाएगा कि उसने ऐसा कहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है।

डीसी ने की महिला व बाल विकास योजनाओं की समीक्षा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने मंगलवार को हमीर भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि यह विभाग हमारी लगभग 68 प्रतिशत आबादी से संबंधित योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करता है।

डीसी अमरजीत सिंह ने जिला स्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

महिलाओं और बच्चों से संबंधित इन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से ही विकास के विभिन्न मानकों में हमारा प्रदेश, देश और समाज आगे बढ़ता है। इन योजनाओं में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की भी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए, इन तीनों विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 1351 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 साल तक के शिशुओं, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को विशेष पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। इनमें से 96 आंगनबाड़ी केंद्र विभाग के अपने भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। जबकि, 179 आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल भवनों में, 418 सामुदायिक भवनों, 9 पंचायत भवनों और 649 केंद्र अन्य भवनों में चलाए जा रहे हैं।

इन सभी भवनों में बिजली, पानी और शौचालय से संबंधित कोई समस्या है तो उसका निवारण प्राथमिकता आधार पर होना चाहिए। स्कूली भवनों में चल रहे केंद्रों को शिक्षा विभाग की मदद से आदर्श केंद्रों के रूप में विकसित किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 3 साल तक के सभी 12381 बच्चों, 2374 गर्भवती महिलाओं और 1760 धात्री महिलाओं को पोषाहार दिया जा रहा है। इनके अलावा 3 से 6 साल तक के 2727 बच्चों को भी पोषण कार्यक्रम में कवर लिया जा रहा है। पोषण ट्रैकर्स के माध्यम से इसकी निगरानी भी की जा रही है। गंभीर कुपोषण के शिकार जिला के 133 बच्चों और आंशिक कुपोषण से ग्रस्त 684 बच्चों पर विशेष रूप से फोकस किया जाना चाहिए।

इसके अलावा भी उन्होंने अन्य भी जानकारी दी। बैठक में कार्यकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने विभिन्न योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष बबली देवी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनीष राणा और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

अध्यापकों को मिले नई दृष्किोण और ऊर्जा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

शिक्षण मानकों को सुदृढ़ बनाने और अध्यापन कार्य को बढ़ावा देने की दिशा में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर ने 10 से 12 अगस्त तक तीन दिवसीय इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय चेयरपर्सन प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन सीपी लखनपाल, निदेशक पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, शशि बाला प्रधानाचार्य हीरानगर एवं उप-प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार उपस्थित रहे और कार्यक्रम को दिशा प्रदान की।

प्रशिक्षण का नेतृत्व अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, समन्वयकों विनिता गुप्ता, मनीषा मारवाह, कंचन लखनपाल एवं विषय-विशेष प्रशिक्षकों ने किया। कार्यक्रम में कुल 150 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पहले दिन का प्रशिक्षण डोमेन 3डी प्रोफेशनल डेवलपमेंट एंड ग्रोथ के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसका विषय था 'एम्पावरिंग एजुकेटसर्र बेस्ट प्रेक्टिसेज, क्लास रूम मास्टरी, एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट'। इस सत्र में शिक्षकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन के तरीके, विद्यालय की उत्कृष्ट कार्य पद्धतियां और तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय बताए गए, ताकि शिक्षण कार्य अधिक संतुलित और उत्पादक हो सके। दूसरे और तीसरे दिन विद्यालय के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विषय-विशेष इन-हाउस प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

हिम अकादमी स्कूल विकासनगर में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया।

इन इंटरैक्टिव कार्यशालाओं में शिक्षकों ने अपने-अपने विषयों की गहन जानकारी प्राप्त की, नवीन शिक्षण पद्धतियों का आदान-प्रदान किया और पाठ्यक्रम लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षण रणनीतियों को परिष्कृत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को एक-दूसरे से सीखने और अनुभव साझा करने का अवसर मिला। कार्यशाला के समापन पर विद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्र शिक्षकों की दक्षता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके।

विद्यालय ने यह भी दोहराया कि वह भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अपने शिक्षकों के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने विद्यालय प्रशासन और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें न केवल शैक्षिक दृष्टि से लाभ हुआ, बल्कि अपने अध्यापन जीवन में नए दृष्टिकोण और ऊर्जा भी मिली।

रोजगार से लेकर जन सुविधाओं तक सुजानपुर की अनदेखी : राणा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे राजेंद्र राणा।

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और सुजानपुर के वर्तमान विधायक पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि सुजानपुर में मूलभूत सुविधाओं से लेकर नौकरियों तक का बंटाधार हो रहा है, लेकिन सरकार और विधायक इस अनदेखी के बीच भी मस्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार और सुजानपुर में कांग्रेस का विधायक होते हुए भी स्थानीय जनता को उसका वाजिब हक नहीं मिल पा रहा। राजेंद्र राणा ने विशेष रूप से सुजानपुर व टौणी देवी के सिविल अस्पताल में नियुक्त की गई स्टाफ नर्सों का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि इन भर्तियों में सुजानपुर क्षेत्र की पूरी तरह अनदेखी की गई है और सभी नियुक्तियां चहेतों को दी गई हैं। उन्होंने कहा जब बात नौकरी देने की आती है, तो सुजानपुर के युवाओं को दरकिनार कर बाहरी लोगों को तरजीह दी जा रही है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में कांग्रेस विधायक पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलना इसका स्पष्ट प्रमाण है। राणा ने कहा कि इस सरकार की कार्यप्रणाली से हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर की जनता के साथ वादाखिलाफी के लिए यहां की जनता आगामी चुनावों में कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

आज से शुरू होगी बीटेक की दूसरे चरण की काउंसिलिंग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर व संबंधित शिक्षण संस्थानों में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग 13 अगस्त से शुरू होगी। हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) की मेरिट के आधार पर ही दूसरे चरण की काउंसिलिंग होगी।

दूसरे चरण की काउंसिलिंग के पहले दिन ओबीसी व एससी की मुख्य श्रेणी के साथ उप श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। 14 अगस्त को एसटी मुख्य श्रेणी, उपश्रेणी, ईडब्ल्यूएस सहित अन्य सामान्य वर्ग की उप श्रेणियां और 18 अगस्त को सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा और बेटी है अनमोल के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया है। बता दें कि एचपीसीईटी के आधार पर पहले चरण और जेईई मेन के दोनों चरण के बाद बीटेक की विभिन्न ब्रांचों में जो सीटें खाली रह गई हैं, जिन्हें भरने के लिए अब एचपीसीईटी के आधार पर दूसरे चरण की काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है।

चोरी का आरोपी जितेंद्र चार दिन के पुलिस रिमांड पर

अनंत ज्ञान, बड़सर। बड़सर पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार वांछित आरोपी जितेंद्र कुमार उर्फ जोगा को माननीय न्यायालय बड़सर में पेश किया गया। उक्त व्यक्ति ने मंदिर से दो घंटियां चुरा कर ले गया था। बड़सर की एक टीम द्वारा उक्त चोरी के अभियोग में कार्यवाही करते हुए जितेंद्र कुमार उर्फ जोंगा गांव गलोट डाकखाना चंगर तहसील व जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश को आज गिरफ्तार किया गया है।

उपरोक्त गिरफ्तार किए गए वांछित आरोपी को मंगलवार को माननीय जेएमएफसी बड़सर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय से चार दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है तथा अभियोग में पुलिस मामले की पूरी तरह से जांच में जुट गई है।

करियर आकाश एजुकेशन ने लॉन्च किया नेशनल टैलेंट हंट 2025 स्कॉलरशिप प्रोग्राम

परीक्षा फीस में 50 प्रतिशत की दी जाएगी छूट

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने एंथे के 16 शानदार वर्षों का जश्न मनाते हुए मंगलवार को हमीरपुर में एंथे 2025 लॉन्च किया, जो छात्रों को भविष्य के प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए सशक्त बनाएगा। आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड के सहायक निदेशक तेजेंद्र सिंह अरोड़ा ने आकाश नेशनल टेलेंट हंट टेस्ट को लॉच किया। उन्होंने इसमें कक्षा 5 से 12 तक के छात्रों के लिए 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप 250 करोड़ तक और 2.5 करोड़ के कैश अवॉर्ड की घोषणा की है।

नेशनल टैलेंट हंट 2025 स्कॉलरशिप प्रोग्राम को लांच करता आकाश एजुकेशन।

आकाश एजुकेशन हमीरपुर ने स्कॉलरशिप और एडमिशन के लिए आकाश इनविक्टस ऐस टेस्ट लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि जो छात्र मेडिकल या इंजीनियरिंग में सक्सेसफुल करियर का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स के लिए मददगार साबित होंगे। यह एग्जाम स्टूडेंट्स के लिए नीट,जेईई, स्टेट सीईटी, एनटीएसई और ओलंपियाड के प्रतियोगी परीक्षा की बेस्ट कोचिंग जो आकाश के एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी, जिससे देशभर के छात्रों को फ्लेक्सिबिलिटी और पहुंच मिल सके।

ऑनलाइन परीक्षा 4 से 12 अक्तूबर तक होगी, जिसमें छात्र अपनी सुविधा से एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं। ऑफलाइन एग्जाम 5 और 12 अक्तूबर को देशभर के 415 से ज्यादा आकाश सेंटर पर होगा, जो 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं। एंथे 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। एग्जाम फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों के लिए 300 है। शुरुआती आवेदन करने वालों को 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इस साल से हम इन्विक्टस ऐस टेस्ट भी लॉन्च कर रहे हैं जो स्कॉलरशिप और आकाश इन्विक्टस कोर्स में एडमिशन के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह एडवांस जेईई की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया एक प्रीमियम प्रोग्राम है, जिसमें छात्रों की कॉन्सेप्ट समझ और कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी को परखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्कॉलरशिप गरीब बच्चों को उनके सपने पूरा करने में सहायक होगी।

कर्मचारियों की तरह हो शिक्षकों की उपस्थिति प्रणाली : संघ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए मोबाइल ऐप आधारित जियो टैग और जियो फेस रिकग्निशन प्रणाली लागू करने की योजना इन दिनों चर्चा में है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और दिल्ली जैसे कई राज्यों में यह व्यवस्था पहले से लागू है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन करना है। यह तकनीक उपस्थिति में सुधार ला सकती है, मगर यह प्रणाली केवल शिक्षकों की उपस्थिति तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए।

गुणात्मक सुधार हेतु इसे हिमाचल के हर विभाग के सारे कर्मचारियों पर इसे एक साथ लागू किया जाए ताकि सबकी उपस्थिति का डाटा मिल सके। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया, महासचिव विजय हीर

हर विभाग में लागू करो जियो टैग व जियो फेस रिकग्निशन सिस्टम

सहित सारी कार्यकारिणी ने कहा कि ऐसे प्रयोग केवल मात्र शिक्षकों तक ही सीमित नहीं रखे जाने चाहिएं क्योंकि उपस्थिति प्रणाली एकरूप होनी चाहिए। संघ ने कहा कि लाहौल-स्पीति, किन्नौर और अन्य कई दुर्गम क्षेत्रों में इस सिस्टम को व्यावहारिक रूप से लागू करना जटिल है।

इन क्षेत्रों के स्कूल नेटवर्क की कमी, ठंडे मौसम में बिजली और जीपीएस सिग्नल की समस्याओं और उपकरणों की मरम्मत में देरी जैसी चुनौतियों का सामना करते हैं। आपदाओं में कई दिन इंटरनेट ठप रहता है और कई बार मोबाइल टावर काम नहीं करते। इसके अलावा, शिक्षा का स्तर केवल उपस्थिति से नहीं, बल्कि कक्षा में बिताए समय की गुणवत्ता, बच्चों की सीखने की प्रगति और शिक्षक-छात्र संबंधों से तय होता है। इसलिए, हम शिक्षा विभाग और हिमाचल सरकार से आग्रह करते हैं कि ऐप में ऑफलाइन मोड और मैनुअल उपस्थिति का विकल्प दिया जाए और सबसे महत्वपूर्ण, शिक्षकों की पेशेवर गरिमा और विश्वास बनाए रखते हुए नीतियां बनाई जाएं।

उद्देश्य केवल उपस्थिति गिनना नहीं, बल्कि शिक्षा में गुणवत्ता और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करना होना चाहिए। विश्वास और तकनीक अगर साथ-साथ चलें तो बेहतर है।

शिक्षा विभाग वरिष्ठता सूचियां करें जारी

करीब 5000 टीजीटी शिक्षक फाइनल वरिष्ठता क्रमांक का इंतजार कर रहे हैं। 2019 से अब तक नियुक्त या प्रमोट होकर टीजीटी बने शिक्षकों की सिंगल वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग संघ ने शिक्षा विभाग से की है।

अनुराग व भारद्वाज ने ऊना-कांगड़ा के लिए मांगी नई रेललाइन

अनंत ज्ञान, शिमला

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज ने आज केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट कर ऊना से कांगड़ा के बीच कुन्नाह होते हुए एक नई रेललाइन के सर्वे की मांग की। ऊना, हमीरपुर व कांगड़ा संसदीय क्षेत्र को देश भर से जोड़ने वाली यह नई रेललाइन छात्रों, श्रद्धालुओं, व्यापारियों, सैनिकों व पर्यटकों को विशेष लाभ पहुंचाएगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था की मजबूती वहां मौजूद रेल और सड़क की कनेक्टिविटी पर निर्भर करता है।

राजीव भारद्वाज और अनुराग ठाकुर केंद्रीय रेल मंत्री के समक्ष मांग रखते हुए।

रेल मंत्री से मुलाकात कर रखी सर्वे की मांग

राज्य के विकास में रेलवेलाइन का अत्यधिक महत्व है और इसके निर्माण से निश्चित रूप से राज्य की आर्थिक प्रगति में बढ़ोत्तरी होती है, साथ ही रेलवेलाइन सड़क परिवहन के दबाव को कम करने में मदद करती है। मेरा प्रयास हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में रेलवे विकास का रहा है और इसी क्रम में आज मैंने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज के साथ केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट कर ऊना से कांगड़ा के बीच नई रेल लाइन के सर्वे की मांग रखी।

राजस्व में होगी बढ़ोतरी

यह रेललाइन देवी सर्किट के रूप में बनने वाली यह रेल मार्ग कालेश्वर महादेव मंदिर, मां ज्वालामुखी, मां चिंतपूर्णी, मां बगलामुखी, मां बज्रेश्वरी, मां चामुंडा देवी, मसरूर मंदिर और बाबा बालकनाथ मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों को भी जोड़ेगा। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित मार्ग महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और पौंग बांध तथा धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना जैसी प्रमुख जल विद्युत परियोजनाओं के लिए बेहतर संपर्क प्रदान करेगा। ऐसे में यह रेल लाइन हर दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके बनने से यात्रियों की सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी अपितु राजस्व भी बढ़ेगा।

पेंशन संकट | कर्मचारी संगठनों में बढ़ा आक्रोश, राज्य सरकार की मुश्किलें बढ़ीं

हिमाचल के एनपीएस में फंसे 11 हजार करोड़

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार का पुरानी पेंशन बहाली का सपना एक बार फिर केंद्र के जवाब से ठंडा पड़ता दिखाई दे रहा है। करीब 11 हज़ार करोड़ रुपए की भारी-भरकम राशि, जो राज्य के कर्मचारियों के पेंशन अंशदान के रूप में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत जमा है, अब केंद्र के मुताबिक वापसी योग्य नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, मौजूदा कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत राज्यों को जमा पेंशन कोष वापस किया जा सके। राज्य सरकार ने यह राशि पुरानी पेंशन योजना लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार माना था। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कई बार यह साफ कर चुके हैं कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देना उनकी सरकार की प्राथमिकता है, लेकिन इस कोष की वापसी में अड़चन ने वित्तीय समीकरण को उलझा दिया है।

वापसी की राह बंद, केंद्र का जवाब, कानून में प्रावधान नहीं

मोर्चा नेताओं ने कहा- खून पसीने की कमाई लौटानी होगी

केंद्र चाहे तो खोल सकती है कानून में संशोधन के रास्ते : मोर्चा कर्मचारियों

पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने इसे 'कर्मचारियों के साथ अन्याय' करार दिया है। मोर्चा के नेताओं का कहना है कि यह राशि कर्मचारियों के खून-पसीने की कमाई है, जिसे राज्य सरकार को लौटाना ही होगा। 'केंद्र सरकार अगर चाह ले, तो कानून में संशोधन कर कोष वापसी का रास्ता खोल सकती है।

राज्य और केंद्र में हो सकता है टकराव

जानकारों का मानना है कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने के बाद राज्य पर सालाना 2,000-3,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ आ सकता है। ऐसे में 11 हजार करोड़ की वापसी न होने से सरकार को या तो नया ऋण लेना पड़ेगा या बजट में अन्य योजनाओं में कटौती करनी पड़ेगी। ऐसे में अब यह मुद्दा अब राज्य बनाम केंद्र के राजनीतिक टकराव का रूप भी ले सकता है, क्योंकि 2024 और 2027 के चुनावी परिदृश्य में यह कर्मचारी वर्ग का बड़ा वोट बैंक प्रभावित करेगा।

हिमाचल के अलावा कई अन्य राज्य भी कतार में

हिमाचल के अलावा राजस्थान, पंजाब और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों ने भी पुरानी पेंशन योजना लागू करने का ऐलान किया है, लेकिन उन्हें भी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली कोष की वापसी में यही दीवार खड़ी मिली है। राजस्थान सरकार ने इस मामले को पहले ही प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के संज्ञान में भेजा था, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

कर्मचारी संगठन आंदोलन की राह पर आगे बढ़े

बहरहाल, इस मुद्दे को फिर से औपचारिक पत्र के माध्यम से केंद्र के सामने रखने की तैयारी कर रही है। वहीं, कर्मचारी संगठन दिल्ली में बड़े आंदोलन की योजना बना रहे हैं। अगर केंद्र अपने रुख पर अड़ा रहा, तो पुरानी पेंशन योजना का सपना फिलहाल 'राजनीतिक वादे' की परिधि में ही कैद रह सकता है।

चालकों और परिचालकों को ओवरटाइम भत्ता जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों और परिचालकों के लिए एक बड़ी घोषणा की है।

डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने की घोषणा

उन्होंने बताया कि चालकों की यूनियन के साथ हुई बैठक के बाद उनकी मांगों को मानते हुए ओवरटाइम भत्ता और रात्रि ओवरटाइम भत्ता के रूप में 2 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं। यह राशि इसी महीने कर्मचारियों को मिलेगी। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर किया जाएगा।

इस दौरान, मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला पुलिस की भी तारीफ की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि हाल ही में अगवा हुए तीन स्कूली बच्चों को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित उनके परिवार तक पहुंचाना एक सराहनीय कार्य है।

विश्वविद्यालय ने स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने 12 अगस्त को एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए स्नातक स्तर पर प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 अगस्त, कर दिया है। यह निर्णय विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी सरकारी और गैर-सरकारी महाविद्यालयों पर लागू होगा। यह घोषणा उन छात्रों के लिए एक बड़ी राहत है जो पहले की अंतिम तिथि तक आवेदन नहीं कर पाए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने यह फैसला भेजे गए अनुरोधों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के बाद लिया है।

पंचायतनामा
गांव की गुफ्तगू से राजधानी की राजनीति तक

पंचायतनामा की इस खास कड़ी में आज हम आपको ले चलते हैं हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले की अंदौरा पंचायत की ओर, जहां विकास और प्राकृतिक खूबसूरती का बेजोड़ संगम है। अंदौरा गांव में कुल सात वार्ड हैं और आबादी करीब 3200 है। यहां का अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन हर दिन हिमाचल के दूर-दराज इलाकों से यात्रियों को जोड़ता है। अनंत ज्ञान की टीम ने ग्राउंड जीरो पर जाकर हकीकत जांची तो यहां विकास की कई चमकती झलकें दिखीं तो वहीं, कुछ कमियां भी उजागर हुईं। पेश है विस्तृत रिपोर्ट।

नशा और बेरोजगारी अंदौरा के भविष्य के लिए खतरा

ऊना जिले की अंदौरा पंचायत में प्रदेश का सबसे आधुनिक और खूबसूरत अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन है। यह स्टेशन देश के कई प्रमुख रेलवे नेटवर्क से जुड़ा हुआ है और यहां की सुंदरता देखते ही बनती है। प्रतिदिन 6-7 रेलगाड़ियां यहां से गुजरती हैं, जिनमें हिमाचल के अलग-अलग कोनों से यात्री सफर करने पहुंचते हैं। यहां से चलने वाली नई दिल्ली-अंब अंदौरा वंदे भारत एक्सप्रेस इस क्षेत्र की पहचान बन चुकी है। हाल ही में हरिद्वार तक ट्रेन रूट के विस्तार से यात्रियों को धार्मिक नगरी तक पहुंचना आसान हो गया है। अंदौरा पंचायत केवल अपने रेलवे स्टेशन के लिए ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के लिए भी जानी जाती है। यहां एक पौराणिक श्रीराम जी का मंदिर है, जो श्रद्धालुओं का प्रमुख आस्था केंद्र है। खेती-बाड़ी यहां के लोगों की मुख्य आजीविका है। खासतौर पर मक्की की फसल अच्छी होती है, साथ ही घरेलू सब्जियां उगाकर स्थानीय स्तर पर बेची जाती हैं। आर्थिक दृष्टि से यहां के लोग न तो बहुत अमीर हैं और न ही अत्यधिक गरीब। रेलवे स्टेशन की निकटता के कारण कुछ रोजगार के अवसर बढ़े हैं, लेकिन बेरोजगारी अब भी एक चुनौती है। इसके अलावा, नशाखोरी इस पंचायत की सबसे गंभीर समस्या बन चुकी है। युवाओं और बच्चों में नशे की लत चिंताजनक है, जिसका ग्राफ दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। पंचायत ने विकास के क्षेत्र में कई कदम उठाए हैं। इस लघु पंचायत में राष्ट्रीय और गलियों की सड़कें पक्की दिखीं। पीने के पानी की पूरी व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे लोगों को बुनियादी सुविधाओं में कोई बड़ी कमी नहीं है।

विशेष रिपोर्ट | राकेश कुमार, संजीव जसवाल और सुरेश कुमार
स्थान : अंदौरा (जिला ऊना)

अनीता कुमारी के घर तक नहीं बन रहा रास्ता

अंदौरा पंचायत की निवासी अनीता कुमारी ने बताया कि मेरा घर दोनों पंचायतों अंदौरा और अंब के किनारों पर बना हुआ है। यहां न रास्ता एक पंचायत बनाती है और न ही दूसरी पंचायत बनाती है। कई सालों से मेरे घर का रास्ता कच्चा ही है। हमारी समस्या के बारे में कोई नहीं सुनता। सभी जगह शिकायत कर चुकी हूं। दोनों ही पंचायतें बहाने बनाकर मेरी समस्या को टाल देती हैं।

प्रवीण कुमारी ने बताई बेसहारा पशुओं की समस्या

ग्रहिणी प्रवीण कुमारी ने कहा बेसहारा पशु घरों के आसपास घूमते हैं और फसलों का नुकसान करते हैं। इन पर कोई पंचायत कार्रवाई नहीं करती। घरों के आसपास गड्ढों में पानी खड़ा रहता है, जिससे मच्छर पैदा होते हैं। आजकल बरसात के मौसम में बीमारियां फैलने का अंदेशा बना रहता है।

नशे की चपेट में आ रहे बच्चे : रशपाल सिंह

गांववासी रशपाल सिंह ने कहा गांव में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। बच्चे दिन-प्रतिदिन नशे की चपेट में आते जा रहे हैं। आजकल तो बेटियां भी नशे करने लग गई हैं। इतने बड़े-बड़े इंस्टीट्यूट और कॉलेज खोलने का क्या फायदा जब बच्चे पढ़ लिखकर घर पर पर बैठे हैं। यहां बच्चों को नौकरियां नहीं मिल रही है, यही हमारी सबसे बड़ी समस्या है।

विकास कार्यों से संतुष्ट पूर्व बीडीसी वाइस चेयरमैन

सरदारी लाल, पूर्व बीडीसी वाइस चेयरमैन विकास कार्यों से काफी संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि हमारे अंदौरा गांव में रास्ते और सड़क अच्छी बनी हुई है। हमारे गांव में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में काफी कम हुए हैं। स्कूल प्लस टू हुआ है। ओवरहेड टैंक बन जाने से पीने की पानी की अब कोई समस्या भी नहीं है।

पंचायत में कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ा : उपप्रधान

पंचायत के उपप्रधान जोगिंदर पाल सिंह ने बताया कि उन्होंने कार्यभार संभालने के बाद पंचायत में कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ा। गरीब परिवारों के बेटा-बेटियों की शादियों के लिए पंचायत में बस एक मैरिज हॉल बनवाने की चाहत थी, जो पूरी नहीं हो पाई। इस बात का उन्हें मलाल है। उन्होंने बताया कि पंचायत में रास्ते पक्के किए गए, गरीबों को मकान उपलब्ध कराए गए, साथ ही स्कूल और पानी की व्यवस्था भी दुरुस्त है। गांव की समस्याओं को हल करने में पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने काफी सहयोग किया, लेकिन अब कई बार समस्या लेकर जाने पर उन्हें टाल दिया जाता है। अब आगे देखते हैं क्या होता है।

पेंशनरों का पैसा केंद्र सरकार करे वापस : प्रवीण

अनंत ज्ञान, शिमला। न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पी सतेंद्र सिंह तिवारी, राज्य प्रवक्ता रविंद्र शर्मा मल्लू, राज्य वरिष्ठ सलाहकार भारत भूषण व राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा ने केंद्र सरकार से पूछा कि हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश में आपदा चर्म सीमा पर हैं । वहीं 2003 से एनपीएस के तहत प्रदेश के कर्मियों का पैसा केंद्र सरकार के पास पड़ा है, जबकि यह पैसा 11000 करोड़ मात्र प्रदेश के कर्मचारियों का है जो कि कर्मियों के नाम पर शेयर मार्किट में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर यह पैसा प्रदेश को मिल जाए तो आपदा से पीड़ित लोगों की सहायता हो सकती है। संघ राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा ने केंद्र सरकार के साथ सुप्रीम कोर्ट से विनम्र निवेदन किया कि हम लोगों का पैसा प्रदेश को वापस कर दें ताकि प्रदेश में आपदा राहत कार्य शुरू हो सके।

कांग्रेस की हार तो चुनाव आयोग गलत, जीत तो सही : राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान, शिमला

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा झूठे माहौल बनाए जाने के प्रयास पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग के बारे में एक ही राय रखते हैं। अगर वे चुनाव जीतते हैं तो आयोग सही है, और अगर हारते हैं तो आयोग और भाजपा पर आरोप लगाना उनका 'धर्म' बन जाता है।

बिंदल ने कहा कि राहुल गांधी की देखा-देखी में प्रतिभा सिंह ने भी प्रदेश के 2024 के लोकसभा चुनाव को गलत बताकर कांग्रेस की हार का बहाना बनाया है। डॉ. बिंदल ने कांग्रेस नेता प्रतिभा सिंह को 2022 का विधानसभा चुनाव याद दिलाया। उन्होंने पूछा कि जब वही चुनाव आयोग और केंद्र में मोदी सरकार थी और कांग्रेस हिमाचल में सत्ता में आई, तब वह चुनाव सही क्यों माना गया?

अब 2024 के लोकसभा चुनाव में हार मिलने पर इसे गलत क्यों बताया जा रहा है? बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता झूठ बोलने में महारत रखते हैं।

रिवॉल्वर के बल पर छात्रों के अपहरण का चौंकाने वाला खुलासा

अनंत ज्ञान, शिमला। तीन छात्रों के अपहरण का चौंकाने वाला मामला सामने आया।

आरोपी से पुलिस की पूछताछ जारी

शातिर अपराधी ने 'लिफ्ट' देने के बहाने मासूमों को अपनी कार में बैठाया और रिवॉल्वर के बल पर उन्हें बंधक बना लिया था। जिसका खुलासा पुलिस की गहन जांच में हुआ है।

जांच से पता चला है कि आरोपी ने पूरी योजना के साथ वारदात की थी। उसने पहले बच्चों को लिफ्ट देने का लालच दिया। रिवॉल्वर का डर दिखाकर बच्चों की आंखों पर टेप लगवा दी ताकि वे रास्ता न देख सकें। उसने बच्चों को खलीनी-टालैंड-संजौली के रास्ते से होते हुए कुफरी पहुंचाया, जहां उसने उनका एक वीडियो भी बनाया। बाद में उन्हें अपने घर कोकुनाला ले जाकर तीसरी मंजिल के कमरे में बंद कर दिया।

केंद्र दे रहा भरपूर बजट, राज्य सरकार की उदासीनता से रुकी परियोजनाएं : जयराम

अनंत ज्ञान, शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर हिमाचल प्रदेश में चल रही रेल परियोजनाओं के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है।

रेल परियोजनाओं में सहयोग न करने का लगाया आरोप

केंद्र सरकार भरपूर बजट दे रही है, लेकिन राज्य सरकार अपने हिस्से का काम करने में सहयोग नहीं कर रही है, जिससे परियोजनाओं में देरी हो रही है और उनकी लागत भी बढ़ रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का जोगिंद्रनगर-पठानकोट रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज में बदलने के लिए करवाए जा रहे सर्वे के लिए आभार भी व्यक्त किया। वहीं भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं राज्य सरकार की लापरवाही के कारण रुकी हुई हैं। इस परियोजना के लिए राज्य सरकार को 123.16 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करना था, लेकिन अभी तक केवल 80.31 हेक्टेयर ही अधिग्रहित हो पाई है। राज्य सरकार पर 1789.56 करोड़ रुपए का बकाया भी है, जिसे देने में देरी हो रही है।

जंगलों को आग से बचाने के लिए टीमें गठित : कीर्ति वर्धन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के माध्यम से राज्य सरकारों को वनों में बड़े स्तर की आग के बारे में एक हफ्ते पहले और रियल टाइम पर चेतावनी दे देता है, ताकि संबंधित राज्य सरकारें अपने स्तर पर उचित उपाय कर सकें।

यह जानकारी केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कांगड़ा लोक सभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को सदन में दी। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के समवन्य से जंगलों में बड़े स्तर की आग को रोकने के लिए 150 सदस्यों पर आधारित तीन टीमों का गठन किया है तथा इन टीमों की तैनाती जंगलों में आग फैलने से रोकने के लिए जरूरत के आधार पर की जाती है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय द्वारा केंद्रीय प्रायोजित योजना कैम्पा फंड के अंतर्गत राज्यों और केंद्र शाषित प्रदेशों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इस बार बिना रोहिणी नक्षत्र के मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

तिथि और समय
- अष्टमी तिथि प्रारंभ : 15 अगस्त 2025, रात्रि 11 : 49 बजे
- अष्टमी तिथि समाप्त :16 अगस्त 2025, रात्रि 9 :34 बजे
- रोहिणी नक्षत्र प्रारंभ : 17 अगस्त 2025, प्रात: 4:38 बजे
- रोहिणी नक्षत्र समाप्त :18 अगस्त 2025, प्रात: 3:17 बजे

इसलिए 15 अगस्त 2025 शुक्रवार को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा।

पूजा विधि
1. प्रातः स्नान के पश्चात व्रत का संकल्प लें।
2. दिन भर फलाहार करें और भगवान के भजन-कीर्तन में समय बिताएं।
3. रात्रि के निशीथ काल में भगवान श्रीकृष्ण का पंचामृत स्नान कराएं, नए वस्त्र और आभूषण पहनाएं।
4. माखन-मिश्री, धनिया-चूर्ण, तुलसी दल और पीले फूल अर्पित करें।
5. जन्म के समय शंख, घंटा और जयकारों से गूंजाएं।
6. अगले दिन प्रातः दान-दक्षिणा और प्रसाद वितरण के साथ करें।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। परंपरागत रूप से, यह पर्व अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के संयोग में मनाया जाता है, किंतु इस वर्ष यह दुर्लभ संयोग नहीं बन पा रहा है। इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 15 अगस्त को होगा और उसी दिन ही व्रत भी होगा।

जन्माष्टमी का पर्व और व्रत होगा 15 अगस्त को

वशिष्ठ ज्योतिष सदन के अध्यक्ष एवं जाने-माने अंक ज्योतिषाचार्य पंडित शशि पाल डोगरा ने बताया कि इस वर्ष अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का मिलन नहीं हो रहा है। रोहिणी नक्षत्र अष्टमी के समाप्त होने के बाद प्रारंभ होगा, जिससे जन्माष्टमी की मध्यरात्रि पूजा अष्टमी तिथि में तो होगी, लेकिन रोहिणी नक्षत्र में नहीं। इसलिए इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 15 अगस्त को ही मनाया जाएगा और उसी दिन व्रत भी होगा।

उनका कहना है कि गृहस्थ लोगों को व्रत पूजन, चंद्रमा को अर्घ देना, झूला झुलाना आदि के लिए यही दिन शुभ होगा। पंडित डोगरा कहते हैं कि गृहस्थ जन अष्टमी तिथि प्रधान मानकर ही व्रत और पूजन करते हैं। भले ही रोहिणी नक्षत्र न हो, लेकिन भक्ति और निष्काम भाव से किया गया पूजन ही भगवान को प्रिय है। -**प्रस्तुति: पं. शशिपाल।**

शास्त्रीय दृष्टिकोण

पं. शशिपाल डोगरा के मुताबिक, श्रीमद्भागवत, श्री भविष्य, अग्नि आदि पुराणों तथा अन्य धर्मग्रंथों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का अवतार भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र और अर्धरात्रि के समय हुआ। कई बार यह संयोग नहीं बन पाता, इसलिए व्रत -निर्णायक धर्मग्रंथों ने स्मार्त और वैष्णव- दो अलग तिथियों का उल्लेख किया है।

- स्मार्त परंपरा -सप्तमी युक्त अर्धरात्रि व्यापिनी अष्टमी को व्रत करते हैं। पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर-पश्चिमी राज्यों में प्रचलित है।
- वैष्णव परंपरा-उदयकालिक अष्टमी को ही जन्मोत्सव मानती है, चाहे अर्धरात्रि में अष्टमी हो या न हो। यह परंपरा मथुरा, वृंदावन, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र आदि क्षेत्रों में अधिक है।

नशामुक्त हिमाचल | नशे के खिलाफ बिगुल, भविष्य का ताला युवाओं के हाथ

युवाओं की शक्ति से संवरेगा हिमाचल : सुक्खू

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

शिमला। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने युवाओं को एक सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य ही राज्य का भविष्य है और उन्हें नशामुक्त हिमाचल बनाने के लिए आगे आना होगा। शिमला में आयोजित समारोह में, मुख्यमंत्री ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का ऐलान किया, जिसमें उनकी संपत्ति की कुर्की भी शामिल है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और नशा तस्करों की जानकारी पुलिस को देने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में चल रही योजनाओं पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है, और होम-स्टे के लिए 4 फीसदी की रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अगले शैक्षणिक सत्र से दस नए राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल शुरू होंगे और 600 जेबीटी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है, जिससे युवाओं के लिए सुनहरे अवसर खुलेंगे। समारोह में, मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण अभियानों की शुरुआत की। 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलने वाले एचआईवी जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसका लक्ष्य 6,000 गांवों और 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचना है।

इसके अलावा, राज्य को स्वच्छ रखने के लिए कार-बिन वितरण अभियान का दूसरा चरण भी शुरू हुआ, जिसमें 6,000 और कार-बिन बांटे जाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ सीएम सुक्खू।

प्राकृतिक खेती और सामाजिक सुरक्षा का ढांचा होगा मजबूत

मुख्यमंत्री ने हिमाचल को प्राकृतिक खेती में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने बताया कि सरकार गेहूं, मक्की, कच्ची हल्दी और जौ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है, ताकि किसानों की आजीविका सुरक्षित रहे। इसके साथ ही, सामाजिक सुरक्षा के तहत 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' घोषित किए गए 6,000 अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 1 फीसदी ब्याज पर 20 लाख रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

न्यूज ब्रीफ

धर्मशाला में निकाली जागरूकता रैली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को कॉलेज परिसर से रवाना किया। प्रतिभागियों ने एचआईवी/एड्स, नशा-निवारण और टीबी जैसे गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता फैलाने वाले नारे लगाए। बारिश के बावजूद युवाओं का उत्साह और जोश देखने लायक था। रैली का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य एवं सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करना था।

पत्थर गिरने से रेहलू-बसनूर कूहल को नुकसान

कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर। भारी बरसात के चलते उपमंडल शाहपुर की नागिन रेहलू-बसनूर कूहल पर पत्थर गिरने से नुकसान हुआ है। कूहल के कोहली करनैल सिंह चौहान ने बताया कि बड़े पत्थरों को तुड़वा दिया गया है। कूहल में गिरे मलबे को निकाला जाएगा। एक सप्ताह के बाद कूहल की मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। लोगों से अपील की है कि अभी कूहल में पानी चढ़ाने ले जाने की कोशिश न करें, ताकि कूहल को और नुकसान न हो।

युवाओं ने की टंकियों की साफ-सफाई

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। डाडासीबा के अंतर्गत रोड़ी कोड़ी रामनगर यूथ क्लब के युवाओं ने स्कूल की पानी टंकी और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। उन्होंने पानी की टंकी की सफाई के साथ-साथ कूड़ा-कचरा भी हटाया। इस मौके पर यूथ क्लब के प्रधान सोनी कुमार चौहान और अन्य सदस्य निखिल कुमार, संयम ठाकुर, हर्षित चौहान उपस्थित रहे।

लंज कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय लंज में रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर-रेंजर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एचआईवी एड्स पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन के राज्य सचिव अजीत सिंह मुख्य अतिथि तथा लंज खास की प्रधान आशा देवी विशिष्ट अतिथि रहीं। अजीत सिंह ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व से अवगत कराया। सहायक आचार्य रघुवीर सिंह ने एचआईवी एड्स जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि रेड रिबन क्लब प्रभारी दीप सिंह ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इसके कारणों, रोकथाम व बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सोशल मीडिया पर छा गई 'पहाड़ी मम्मी'

सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली। ढलियारा गांव के नीरज हिमाचली (पकूं) और उनका परिवार फेसबुक पर 'पहाड़ी मम्मी' के नाम से प्रसिद्ध होकर देशभर में पहचान बना रहा है। उनकी माता लता हिमाचली, पत्नी पूजा हिमाचली, भाभी पूजा राणा और नन्हे सदस्य फांदू व परी राणा मिलकर मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश भी दे रहे हैं। हाल ही में इन्होंने ननद-भाभी के रिश्तों पर एक सशक्त प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अब वे नशे के खिलाफ शॉर्ट फिल्म भी बना रहे हैं। स्थानीय बोली, संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को संजोते हुए यह परिवार सोशल मीडिया पर सकारात्मक सोच को बढ़ावा दे रहा है। इनकी रचनात्मकता समाज के लिए प्रेरणा बनती जा रही है।

युवाओं से किया एकजुट होने का आह्वान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी और केसीसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, कुलसचिव डॉ. नरेंद्र सांख्यान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पहले सत्र में जिला स्वास्थ्य अधिकारी राजेश सूद ने विद्यार्थियों को टीबी के कार्यक्रम और टीबी उन्मूलन के कार्यक्रमों से अवगत करवाया। दूसरे सत्र में केसीसी बैंक के अधिकारियों में शरत रेल्हन, मनोज बालेटिया, सुमित मनकोटिया ने महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के रेड रिबन क्लब ने आईसीडीसी, पपरोला और शिरा एनजीओ के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर एचआईवी/एड्स जागरूकता रैली आयोजित की। रैली को प्राचार्य डॉ. प्रदीप सहमार कौंडल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं की भागीदारी को सराहा। रैली से पूर्व सभी प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स के खिलाफ शपथ दिलाई गई। 100 से अधिक विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया और जागरूकता के नारे लगाकर आमजन को संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. चेतना और डॉ. राकेश कुमार ने किया, जबकि प्रो. सुशील कुमार, डॉ. अंजलि भारद्वाज, डॉ. विशाल और डॉ. सुलक्षणा शर्मा ने भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति सकारात्मक जागरूकता फैलाना रहा।

युवाओं ने ली रैगिंग और नशे से दूर रहने की शपथ

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह के मार्गदर्शन में एनएसएस और रेड रिब्बन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉ. संगीता सिंह ने युवाओं को देश निर्माण में उनकी भूमिका समझाते हुए रैगिंग और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने एंटी रैगिंग, एचआईवी/एड्स और युवा सशक्तिकरण पर विचार रखे। रेड रिब्बन क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ. नीतिका शर्मा, एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ. योगेश पांडे और प्रो. राजेश ने छात्रों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने पौधरोपण करते हुए एंटी-रैगिंग की शपथ ली। इस अवसर पर प्रो. शिखा धरवाल, डॉ. उज्ज्वल सिंह सहित स्वयंसेवी युवराज, आर्यन, देवांशी और सुहानी भी उपस्थित रहे।

धर्मशाला की 'स्मोक टी' का फ्रांस कायल

हर साल आती है दो से ढाई हजार किलोग्राम की डिमांड

चीड़ की पत्तियों से तैयार की जाती है स्मोक टी

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

धर्मशाला स्थित चाय बागान।

धर्मशाला। पर्यटन नगरी धर्मशाला स्थित चाय उद्योग में बनने वाली स्मोक टी का फ्रांस कायल है। हर वर्ष फ्रांस से स्मोक टी की दो से ढाई हजार किलोग्राम की डिमांड आती है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विदेश में धर्मशाला की स्मोक टी की ज्यादा डिमांड रहती है, इसका खरीददार विशेषकर फ्रांस है।

फ्रांस के लोग स्मोक टी को खासा पसंद करते हैं। हालांकि, स्मोक टी बनाने की प्रक्रिया अन्य प्रकार की चाय की तरह ही होती है, लेकिन चाय तैयार होने के बाद इसे मशीन में डालकर चीड़ की पत्तियां का धुआं दिया जाता है, यही विशेष प्रक्रिया है, जो इस चाय को अन्य प्रकार की चाय से अलग रखती है। गौरतलब है कि धर्मशाला चाय उद्योग उलोंग टी, ग्रीन टी, रोज टी, ब्लैक टी, केसर टी, हर्बस ब्रांड की चाय भी बनाई जाती है। धर्मशाला में बनने वाली अन्य प्रकार की चाय की यूरोपियन देशों में डिमांड रहती है।

> **स्मोक** टी ज्यादा एक्सपोर्ट होती है। यह एक विशेष तरह चाय होती है, जिसे तैयार करके मशीन में डालकर धुआं लगाते हैं। चाय को चीड़ की पत्तियों का धुआं दिया जाता है, जिसकी ज्यादा डिमांड फ्रांस में रहती है। हर साल से 2 से ढाई हजार किलोग्राम तक स्मोक टी एक्सपोर्ट होती है। स्माके टी को हालांकि स्मोक टी को बनाने की प्रक्रिया अन्य प्रकार की चाय की तरह ही रहता है, लेकिन बनने के बाद इसे चीड़ की पत्तियों का धुआं दिया जाता है, वो ही इसकी विशेषता है, जिसे फ्रांस में काफी पसंद किया जाता है।
>
> **-देवेंद्र पठानिया, महाप्रबंधक, चाय उद्योग धर्मशाला।**

एचपीयू टीम ने किया रिडकमार कॉलेज का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, शाहपुर। प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की उच्च स्तरीय टीम द्वारा सत्र 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के लिए राजकीय महाविद्यालय रिडकमार का संबद्धता निरीक्षण किया। टीम में विश्वविद्यालय नामित सदस्य प्रो. जोगिंदर सकलानी एवं डॉ. नितिन व्यास के साथ सरकारी नामित सदस्य, राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह शामिल रहे। निरीक्षण समिति ने परिसर का विस्तृत दौरा करते हुए कक्षाओं, विभिन्न रिकॉर्ड्स एवं अन्य अवसंरचना का मूल्यांकन किया। इस दौरान टीम ने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं अनुभवों को जाना। टीम ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और शैक्षणिक वातावरण की सराहना करते हुए प्रबंधन एवं संकाय सदस्यों को बधाई दी।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर 15 दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू

एचआईवी से बचाव से जुड़े संदेश देने वाले करबिन बैग बांटे गए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनसीपी के तहत अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस अभियान पर 15 दिवसीय (12 अगस्त, 2025 से 31 अगस्त 2025 तक जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके साथ आईईसी अभियान का शुभारंभ भी किया गया, जोकि 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक दो माह तक चलेगा।

इसका शुभारंभ डीसी हेमराज ने किया। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक जोनल अस्पताल धर्मशाला डॉ. अनुराधा शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला एड्स एवं क्षयरोग कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश सूद, दिशा कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. दीपिका, मनोज कुमार भी मौजूद रहे। डीसी ने प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसायटी के सौजन्य से एचआईवी से बचाव से जुड़े संदेश देने वाले करबिन बैग 50 टैक्सी चालकों को वितरित किए गए। वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक जोनल अस्पताल धर्मशाला डॉ अनुराधा शर्मा ने बताया कि इस गहन आईईसी अभियान के तहत चलने वाले इस अभियान के तहत जिलेभर में एनएसीपी स्टाफ-एनएसीपी (एचआईवी-एड्स) और एनटीईपी (टीबी) और स्वच्छता का जागरूकता संदेश देंगे।

सैन्य कॉलेज में 8वीं कक्षा में प्रवेश के लिए 15 अक्तूबर तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी) देहरादून में जुलाई, 2026 सत्र में आठवीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक पात्र उम्मीदवार 15 अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 7 दिसंबर को विभिन्न प्रदेशों की राजधानी या अन्य चुनिंदा केंद्रों पर होगी। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने बताया कि प्रवेश पाने के लिए छात्र और छात्राएं दोनों ही आवेदन करने के पात्र हैं। उम्मीदवार की आयु पहली जुलाई, 2026 को साढ़े 11 साल से कम और 13 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थी एक जुलाई, 2026 को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में कक्षा आठ में पढ़ रहा या कक्षा आठ पास कर चुका होना चाहिए। उन्होंने बताया कि लिखित प्रवेश परीक्षा 400 अंकों की होगी। अंग्रेजी की परीक्षा 125 अंक, गणित 200, सामान्य ज्ञान का पेपर 75 अंक का होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवारों का 50 अंक का साक्षात्कार रखा गया है। साक्षात्कार की तारीख बाद में तय की जाएगी। आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैंट देहरादून से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अलावा आवेदन पत्र व विवरण पत्रिका का सैट, कमांडेंट राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून के नाम से बैंक ड्राफ्ट के भुगतान के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका विषय पर अतिथि व्याख्यान

जीजीडीएसडी कॉलेज में प्रेरक प्रसंगों, ऐतिहासिक तथ्यों से स्टूडेंट्स में भरा देशभक्ति का जोश

अनंत ज्ञान, पालमपुर

डॉ. राज कुमार ने स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला।

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय (जीजीडीएसडी) में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र, धर्मशाला के इतिहास विभाग के समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. राज कुमार रहे।

कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष सहायक प्राध्यापक सुमन कुमार द्वारा मुख्य अतिथि वक्ता का स्मृति चिन्ह व फूल भेंटकर स्वागत किया गया। डॉ. राज कुमार ने अपने संबोधन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के योगदान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने न केवल मंगल पांडे, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल और खुदीराम बोस जैसे स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिवीरों का परिचय दिया बल्कि स्वतंत्रता अभियान में उनकी माताओं और बहनों मूलमति, लक्ष्मी प्रिया देवी, विद्यावती कौर, जगरानी देवी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। सरोजिनी नायडू और कस्तूरबा गांधी के स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका और सुभद्राकुमारी चौहान की कविता जलियांवाला बाग में बसंत कविता सुनाकर उन्होंने सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को ऊर्जा और उत्साह से विकसित भारत के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की चर्चा करते समय हम वीर पुरुषों के साहस और बलिदान को स्मरण करते हैं, परंतु इसमें महिलाओं की अमूल्य और अद्वितीय भूमिका के योगदान को भी सम्मानित करना आवश्यक है। उन्होंने डॉ. राज कुमार के व्याख्यान में शामिल ऐतिहासिक तथ्यों, महिलाओं के साहस, त्याग व राष्ट्र प्रेम के प्रसंगों को आज की युवा पीढ़ी के लिए उत्तरदायित्व की भावना को और सशक्त करने का माध्यम बताया।

आवंटित धनराशि का करें सदुपयोग और गुणवत्ता का रखें ध्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

डीसी ने की विकास खंडों में चल रहे कार्यों की समीक्षा

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने ग्रामीण विकास विभाग के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। मंगलवार को डीसी कार्यालय के सभागार में ग्रामीण विकास की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त बैरवा ने कहा कि सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए खंड विकास अधिकारी की भूमिका अहम होती है।

इसके लिए नियमित तौर पर विकास कार्यों का निरीक्षण करें तथा समीक्षा बैठकें भी आयोजित करें, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। उपायुक्त ने पंचायतों में विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि का सदुपयोग करने पर बल दिया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। डीसी ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पंचायत स्तर पर समग्र मनरेगा पर विशेष फोकस करने को कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। इस दौरान जिले में पंचायतों के विकास से संबंधित सभी कार्यों पर सिलसिलेवार चर्चा करते हुए उनकी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि गांव में रहने वाले युवाओं को अपने घर के नजदीक ही लाइब्रेरी या कोई अध्ययन स्थल मिल सके। इसके लिए सबको काम करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के लिए लाइब्रेरी और अध्ययन स्थल बनाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ई-परिवार में सभी परिवारों का शीघ्र डाटा अपलोड करने के निर्देश देते हुए कहा कि ई-परिवार का रिकार्ड आनलाइन होने से लोगों को काफी सुविधा होगी और विभिन्न योजनाओं का त्वरित लाभ भी सुनिश्चित होगा।

पौंग डैम से पानी छोड़ने पर मंड क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात

मंड-सनौर सड़क बही, अरनी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. विवेक सिंह राहत कार्यों में जुटे

बाईं इंदौरिया से मंड सनौर की सड़क अरनी यूनिवर्सिटी के पास बह जाने से अवरुद्ध हो गई।

अनंत ज्ञान, इंदौरा

इंदौरा प्रशासन ने लोगों से की सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील

भारी बारिश के चलते पौंग डैम का जलस्तर बढ़ने से मंड क्षेत्र के इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

पिछले दिनों भारी बारिश के चलते पानी का जलस्तर 1376 फुट तक पहुंच गया था, जिसके चलते 55 हजार क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। सोमवार रात को 2 लाख क्यूसिक पानी की आमद से स्थिति और गंभीर हो गई। इस कारण ब्यास दरिया का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिससे मंड क्षेत्र के गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। वहीं बाईं इंदौरिया से मंड सनौर की सड़क अरनी यूनिवर्सिटी के पास बह जाने से रास्ता अवरुद्ध हो गया है, लेकिन अरनी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. विवेक सिंह की ओर से जेसीबी की मदद से सड़क को यातायात के लिए खोलने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। एसडीएम इंदौरा डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील की है। डॉ. विवेक सिंह ने बताया कि शिक्षा के साथ समाजसेवा को भी उन्होंने अपना धर्म माना है। पूर्व में मंडी जिले की बाढ़ आपदा में भी उन्होंने प्रभावितों को राहत सामग्री प्रदान की थी। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. त्रिलोचन सिंह समेत पूरी टीम दिन-रात राहत कार्यों में जुटी है, ताकि इंदौरा क्षेत्र के लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उनका यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

भदरोया-कंडवाल मार्ग पर लोगों ने दो युवकों को बहने से बचाया

तेज बहाव को नजरअंदाज कर मोटरसाइकिल से पार करने की कोशिश करता चालक।

अनंत ज्ञान, इंदौरा। भदरोया-कंडवाल मार्ग पर सोमवार रात को बारिश के चलते टोल बैरियर के पास पानी का तेज बहाव था। इस दौरान दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने पानी की परवाह किए बिना इसे पार करने की कोशिश की। तेज बहाव में उनकी बाइक बहने लगी और दोनों युवक पानी में फंस गए। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद दोनों की जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि वहां मदद के लिए लोग न होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने इस तरह की लापरवाही को खतरनाक बताते हुए कहा कि बार-बार चेतावनी के बावजूद कुछ लोग अपनी जान को जोखिम में डालते हैं। प्रशासन और पुलिस से आग्रह किया गया है कि ऐसे जलभराव वाले इलाकों में निगरानी और चेतावनी बोर्ड बढ़ाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को टाला जा सके।

आयोजन यात्रा के दौरान पूरा वातावरण 'जय हिंद', 'जय भारत', 'भारत माता की जय' के नारों से गूंजा

जयसिंहपुर भाजपा मंडलों ने निकाली तिरंगा यात्रा

नरेंद्र कुमार डोगरा, अनंत ज्ञान

जयसिंहपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर जयसिंहपुर भाजपा के तीनों मंडलों आलमपुर, पंचरुखी व जयसिंहपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से तिंरगा यात्रा निकाली गई। आलमपुर मंडल ने तिरंगा यात्रा गंदड़ बाजार से जयसिंहपुर मंडल ने अपर लंबागांव बाजार से और पंचरुखी मंडल ने पंचरुखी बाजार से यात्रा की शुरुआत की।

तिरंगा यात्राओं का आयोजन जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान के नेतृत्व में किया गया। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण 'जय हिंद', 'जय भारत', 'भारत माता की जय' और 'मेरा तिरंगा मेरा अभिमान' जैसे नारों से गूंज उठा। इस मौके पर आलमपुर मंडल अध्यक्ष हनुमंत शर्मा, जयसिंहपुर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा और पंचरुखी मंडल अध्यक्ष ऊषा राणा, भाजपा जिला पालमपुर उपाध्यक्ष अरविंद मेहता, जिला महामंत्री राजेश रानू, मंडल महामंत्री राजेश सुग्गा, विनीत भारती, धर्मेंद्र सिंह जोली आदि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक रविंद्र धीमान के नेतृत्व में किया तिरंगा यात्रा का आयोजन।

युवाओं से आह्वान, राष्ट्र निर्माण में निभाएं सक्रिय भूमिका: रविंद्र धीमान

पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने यात्रा के समापन पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा जैसे कार्यक्रम राष्ट्र प्रेम और आपसी सद्भावना की भावना को प्रबल करते हैं। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और तिरंगा हमारा गौरव एवं स्वाभिमान है। यह ध्वज हमारे शौर्य, बलिदान और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से प्रगति कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे तिरंगे की शपथ लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

बैजनाथ में भी तिरंगा यात्रा

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। भाजपा मंडल बैजनाथ की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मंडल भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर के नेतृत्व में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग दिया। यह तिरंगा यात्रा चौबीन चौक बैजनाथ से गवर्नमेंट आईटीआई तक निकली गई। इसमें पूर्व विधायक मुल्कराज प्रेमी, अंजना कटोच, अरविंद कुमार, अमित कपूर, अजय जम्वाल, गोपाल पाधा, सुनील चौहान, कमलेश मिश्रा शामिल हुए।

संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास लोकतंत्र के लिए खतरा: विनोद

अनंत ज्ञान, गरली। भाजपा मंडल अध्यक्ष परागपुर विनोद शर्मा ने विपक्ष पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हारने पर ईवीएम और चुनाव आयोग को दोष देना, लेकिन जीत पर चुप्पी साध लेना लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में हारने पर विपक्ष ने ईवीएम को दोषी ठहराया, जबकि तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल में जीतने पर चुनाव आयोग की सराहना की गई। बिहार में 75 लाख वोट हटाने का दावा किया गया, लेकिन 9 अगस्त तक केवल 7,252 शिकायतें ही मिलीं। शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग को कभी गुनहगार और कभी महान बताना गलत है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर कटाक्ष करना भी खतरनाक प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है, पर संवैधानिक संस्थाओं की साख गिराना देशहित में नहीं।

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स बधानी कॉलेज में मनाया तीज का त्योहार

कॉलेज की एमडी तृप्ता पुंज ने स्टूडेंट्स को तीज पर्व का महत्व बताया।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

पठानकोट। श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स बधानी कॉलेज में तीज का त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम में एमडी तृप्ता पुंज मुख्य अतिथि रहीं, जिन्होंने स्टाफ व स्टूडेंट्स को भारतीय परंपरा और तीज के महत्व पर संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि यह पर्व सावन माह में मनाया जाता है और महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। अविवाहित लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति तथा विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर लोकगीतों पर नृत्य किया, झूला झूला, मेहंदी लगाई और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। तीज उत्सव ने न केवल मनोरंजन का वातावरण बनाया, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर सामाजिक जुड़ाव को भी मजबूत किया। इस अवसर पर प्रीत कौर, सुदेश शर्मा, वीना गुप्ता, शल्लू, डॉ. नेहा तुली, डॉ जसवंत कौर, डॉ. अलका शर्मा समेत कई गणमान्य महिलाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं।

नाबालिग बेटे ने की थी पिता की हत्या

सुधेड़ मर्डर: पिता से बहसबाजी के बाद बेटे ने उठाया खौफनाक कदम

धर्मशाला में मंगलवार को प्रेसवार्ता करते एसपी कांगड़ा अशोक रत्न।

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

धर्मशाला। सुधेड़ मर्डर केस में पिता की हत्या के आरोप में पुलिस ने नाबालिग बेटे को गिरफ्तार किया है। पिता के साथ बहसबाजी उपरांत बेटे ने पिता विनीत की हत्या का खौफनाक कदम उठाया।

सूचना मिलने पर जब तक पुलिस घटनास्थल तक पहुंची, जब तक पिता की हत्या कर बेटा जिला की सीमा को पार कर चुका था। मंगलवार को मामले के संबंध में पत्रकारवार्ता के दौरान एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि सुधेड़ हत्या मामले में नाबालिग बेटे को पिता की गोली मार कर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। घर पर किसी के न होने के दौरान सोमवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच इस वारदात को अंजाम दिया था। प्रारंभिक पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी नाबालिग ने बहसबाजी के बाद पिता की लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक से नजदीक से ही सिंगल शॉट सिर में मारा था। बरामदे में इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शव को खींचकर कमरे में रखा और अपना बैग पैक कर बाइक से पंजाब के गुरदासपुर की ओर निकल गया था। पुलिस ने उसकी लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर देर रात गुरदासपुर से उसे गिरफ्तार कर लिया है और धर्मशाला लाया गया है।

पुलिस के पहुंचने से पहले ही जिले की सीमा से बाहर जा चुका था बेटा, गुरदासपुर में धरा

गायब था बेटा; मोबाइल भी बंद, तो हुआ शक

एसपी ने कहा कि पुलिस जांच में घटना के बाद से विनीत के साथ रहने वाले बेटे के गायब होने और उसके मोबाइल बंद होने पर उसकी ओर ही शक की सुई घूमी थी। इतना ही नहीं वारदात के दौरान विनीत और उसका नाबालिग बेटा ही घर पर था। इस घटना की जानकारी सोमवार शाम सवा पांच बजे पुलिस को मिली थी, जब विनीत का भाई अपनी पत्नी सहित घर पहुंचे थे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। एएसपी कांगड़ा सहित पुलिस थाना धर्मशाला और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए थे। एसपी ने बताया कि पुलिस ने बंदूक को रिकवर कर लिया है और तकनीकी जांच में इससे गोली चलने की पुष्टि हुई है। अब पुलिस जांच कर रही है कि विनीत और उसके बेटे के बीच किसी विषय को लेकर बहसबाजी हुई थी, जिसके बाद आरोपी ने यह कदम उठाया है।

आरा चौक पर पलटा टैम्पो, चालक जख्मी

ब्रेक फेल होने से पेश आया हादसा, यहां 10 दिन में दूसरा बड़ा वाहन पलटा

लोगों ने चालक को डाडासीबा अस्पताल में करवाया भर्ती

अनंत ज्ञान, डाडासीबा

पुलिस थाना डाडासीबा के तहत आरा चौक मंगलवार शाम एक बार फिर हादसे का गवाह बना, जब मटर से लदा टैम्पो अचानक ब्रेक फेल होने से पलट गया।

हादसे में चालक घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने वाहन से बाहर निकालकर निजी वाहन से सिविल अस्पताल डाडासीबा पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, ललित कुमार पुत्र अजय कुमार, निवासी जीवन नगर (सोनीपत, हरियाणा) टेंपो नंबर एचआर 69 डी 2243 में मटर लेकर दौलतपुर से कांगड़ा जा रहा था। आरा चौक के पास अचानक ब्रेक फेल हो जाने से टैम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद की और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गौरतलब है कि करीब दस दिन पहले इसी स्थान पर शराब से लदा एक ट्रक भी बुरी तरह पलट गया था, जिसमें भारी नुकसान हुआ था।

डाडासीबा में आरा चौक पर ब्रेक फेल होने से पलटा मटर से लदा टैम्पो।

आरा चौक बना हादसों का अड्डा

लगातार हो रहे इन हादसों ने आरा चौक की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का मोड़ संकरा है और ब्रेक फेल की घटनाओं को देखते हुए यहां पर सुरक्षा उपाय, जैसे गति अवरोधक और चेतावनी संकेत, तुरंत लगाए जाने चाहिए। सूचना मिलते ही डाडासीबा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रहे हादसों से स्थानीय लोग चिंतित हैं और प्रशासन से शीघ्र कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

हैप्पी बर्थडे

पंचरुखी के मझेनू की नित्या को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

रितिका व्यास को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

नौबाही देवी के श्रेयांश को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

न्यूज ब्रीफ

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर जागरूकता रैली

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर एचआईवी/एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय में यह रैली रेड रिबन क्लब, प्रहरी क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। रैली का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करना और उन्हें सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित करना था। जयसिंहपुर बस स्टैंड पर प्रो. अरुण चंद्र, प्रो. विकास कालोत्रा, नोडल अधिकारी किरण शर्मा, प्रो. हरजिंदर सिंह और प्रो. शिवानी ने रैली को संबोधित कर इसके उद्देश्यों को साझा किया और विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

स्टूडेंट्स से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना व रोड सेफ्टी क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या राका शर्मा ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी प्रो. रवि सिंह पालसरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. पवन राणा (एनएसएस) और प्रो. लेख राम नेगी (रोड सेफ्टी क्लब) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रो. पालसरा ने युवाओं को अनुशासन, मेहनत और निरंतर प्रयास से लक्ष्य प्राप्ति का संदेश दिया। प्राचार्या राका शर्मा ने विद्यार्थियों से चिट्टा, गांजा, तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट जैसे नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा समाज व राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रेरणादायी विचारों को आत्मसात किया।

एंटी रैगिंग और नशा मुक्ति पर कार्यक्रम

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां। राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में मंगलवार को राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग और नशा मुक्ति दिवस मनाया गया। सहायक प्राध्यापक युवराज ने व्याख्यान के माध्यम से छात्रों को रैगिंग और नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा के द्वारा सभी छात्रों को संबोधित किया गया। उन्होंने छात्रों को रैगिंग के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय मे आज से ही एंटी रैगिंग सप्ताह भी प्रारंभ हुआ, जो 18 अगस्त तक मनाया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। वहीं, नशा मुक्ति पर सभी विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण की। कॉलेज के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार ने छात्रों को प्रतिज्ञा दिलवाई। विद्यार्थियों ने स्वयं नशा न करने और समाज में भी जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

हवन यज्ञ के साथ श्री शिव पुराण कथा संपन्न

अनंत ज्ञान, डरोह। उपमंडल भवारना के अंतर्गत प्राचीन शिव मंदिर कमेटी दधोना सांबा की ओर से 9 दिवसीय श्री शिव पुराण कथा का आयोजन 4 से लेकर 12 अगस्त तक प्राचीन शिव मंदिर दधोना सांबा में किया गया। कथावाचक शास्त्री अश्विनी शर्मा हमीरपुर वाले ने अपने मधुर वचनों से पूरे 9 दिन संगत पर अमृत वर्षा की। कथा के अंतिम दिन सुबह मूल पाठ किया गया, हवन-यज्ञ किया गया। इसके बाद पूर्णाहुति दी गई। कथावाचक द्वारा अपने मधुर संगीतमय भजनों से संगत को भावविभोर कर दिया। वहीं, संगत के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया।

फोरलेन कर्मी की मौत पर भाली में ग्रामीणों का चक्का जाम

शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान

कोटला। पुलिस थाना जवाली के अधीन फोरलेन कंपनी में कार्यरत व्यक्ति मनोज कुमार (38) निवासी तखनियाड की संदिग्ध मौत मामले में गुस्साए परिजनों ने मृतक के शव को भाली में पठानकोट-मंडी फोरलेन के बीच रखकर चक्का जाम कर दिया। शव को बीच फोरलेन रखकर फोरलेन कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि फोरलेन कंपनी में कार्यरत दो लोगों द्वारा पहले मनोज कुमार को कमरे में बंद करके पीटा गया और बाद में उसको ट्रक से कुचल दिया गया। इस मामले की शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी अभी तक कातिलों को पकड़ा नहीं गया है। मृतक के पिता साहबो सिंह व मृतक के भाइयों ने आरोप लगाया कि फोरलेन कंपनी में कार्यरत दो लोगों ने पहले मनोज कुमार को पीटा गया और बाद में कुचल दिया गया। उन्होंने कहा कि जब तक कातिलों को पकड़ा नहीं जाता है, तब तक हम शव को नहीं उठाएंगे। मामला बिगड़ते देख एसडीएम जवाली नरेंद्र जरियाल व डीएसपी जवाली वीरी सिंह मौका पर पहुंचे तथा गुस्साए ग्रामीणों को शांत करवाने की कोशिश की। एसडीएम जवाली नरेंद्र जरियाल व डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने परिजनों को समझाते हुए फोरलेन को खुलवाया तथा परिजन शव को उठाकर संस्कार ले लिए ले गए। उधर, एसडीएम जवाली नरेंद्र जरियाल ने बताया कि जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे तथा पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। फोरलेन कंपनी ने भी पुलिस की पूरी सहायता करने का आश्वासन दिया है।

एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर शांत किए गुस्साए ग्रामीण

ब्यास नदी उफान पर: प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए बंद किया पुल

हाजीपुर पंजाब को जोड़ने वाले पुल को बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए तत्काल प्रभाव से बंद किया।

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

पौंग झील से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण ब्यास नदी उफान पर है। कांगडा जिले की विधानसभा फतेहपुर के मंड एरिया के बड़ूखर को हाजीपुर पंजाब को जोड़ने वाले पुल को खतरा होते देख प्रशासन ने इस पुल से बड़े वाहनों की आवाजाही तत्काल प्रभाव से बंद कर दी है।

एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि फिलहाल पुल से बड़े वाहनों की आवाजाही बंद की गई है, लेकिन छोटे वाहन लेकर गुजरने वाले लोग भी एहतियात बरतें। बिना किसी काम के पुल से आवाजाही न करें तथा न ही कोई व्यक्ति पुल पर खड़ा हो। उन्होंने कहा कि लोग सतर्क रहें।

बरसात का कहर : डेढ़ माह में 39 मौतें, 35.45 करोड़ रुपए का नुकसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा घाटी में बरसात का कहर जारी है। डेढ़ माह के दौरान जिले में बरसात के दौरान अभी तक 39 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं निजी और सार्वजनिक संपत्ति को भी 35.45 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। इसके अलावा दो लोग अभी भी लापता हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में तीन अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में नूरपुर उपमंडल के रियो हार में एक व्यक्ति की रसोईघर की दीवार गिरने से मौत हो गई।

वहीं, देहरा उपमंडल के रक्कड़ पुलिस थाना के तहत कलोहा में सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित ट्राला चालक की मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य घटना में धर्मशाला के स्लेट गोदाम में एक युवक की करंट लगने से मौत हुई है। इस अवधि के दौरान जिले में 14 गोशालाएं और 21 घरों को नुकसान पंहुचा है। इन घटनाओं में 14.25 लाख रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। जिले में अभी तक कुल 334 घरों और 360 गोशालाओं को भी नुकसान हो चुका है।

एफसीए मामलों की मंजूरी को बाधाएं दूर करने के प्रयास तेज: उपायुक्त

विभागवार लिया विकास परियोजनाओं की प्रगति का ब्यौरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

कांगड़ा जिला प्रशासन ने जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के तहत मंजूरी के मामलों में सभी बाधाओं को दूर करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। डीसी हेमराज बैरवा ने विकास परियोजनाओं में वन स्वीकृति मामलों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं को गति देने के मकसद से सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की वीरवार को धर्मशाला में बैठक ली। बैठक में कांगड़ा जिले में विकास परियोजनाओं से जुड़े एफसीए मामले तथा अन्य विभागीय मंजूरी से संबंधित मामलों की वस्तुस्थिति और प्रगति को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं को लेकर एफसीए के मंजूरी के मामलों में प्रगति की विभागवार रिपोर्ट ली। उन्होंने अधिकारियों से जाना कि मामलों में क्लीयरेंस की स्थिति क्या है, लंबित होने के क्या कारण हैं, क्या-क्या आपत्तियां लगी हैं और उनके निराकरण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने वन मंजूरी से जुड़े मामलों में लगी आपत्तियों के निदान को लेकर जरूरी मार्गदर्शन किया। उपायुक्त ने कहा कि हमारा फोकस है कि सभी विभाग एफसीए के मामले तैयार करने की सही प्रक्रिया समझें। कई दफा विभागों को एफसीए से संबंधित वन मंजूरी के मामले बनाने में प्रक्रियागत जानकारी नहीं होती और आधे अधूरे तरीके से आवेदन पर मंजूरी मिलने में देरी होती है। इसमें सुधार की गुंजाइश है। उपायुक्त ने कहा कि वन भूमि और गैर वन भूमि के मामलों की पहचान को लेकर भी विभागों की मदद में जिला प्रशासन तत्परता से काम करेगा।

कहा-एफसीए मामले तैयार करने की प्रक्रिया को समझने पर फोकस करें विभाग

बगली में शहीद विनोद की स्मृति में बनेगा गेट

विधायक सुधीर शर्मा ने किया शिलान्यास, चार लाख रुपए से होगा निर्मित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

देश के लिए जान न्योछावर करने वाले शहीद विनोद कुमार को श्रद्धांजलि स्वरूप बगली में स्मृति गेट स्थापित होगा। साथ ही विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला की जदरांगल पंचायत में पानी की समस्या का भी हल होगा। विधायक सुधीर शर्मा ने मंगलवार को बगली में शहीद विनोद कुमार स्मृति गेट का शिलान्यास किया। बगली में यह गेट चार लाख रुपए से निर्मित किया जाएगा।

कार्यक्रम में शहीद विनोद कुमार की पत्नी पवनेश कुमारी और पुत्र सक्षम चौधरी मुख्य रूप से शामिल रहे। वहीं, पंचायत जदरांगल में पेयजल समस्या के निपटारे के लिए नलकूप का भी विधायक ने शिलान्यास किया। यहां पर सात लाख रुपए से नलकूप स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, विधायक ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं, जिनमें अधिकतर का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया।

पंचायत जदरांगल में नलकूप का भी शिलान्यास

विधायक सुधीर ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकतर का निपटारा मौके पर किया।

भाजपा मंडल धर्मशाला ने जदरांगल में निकाली तिरंगा यात्रा

तिरंगा के सम्मान में मंगलवार को भाजपा मंडल धर्मशाला (ग्रामीण) ने जदरांगल में तिरंगा यात्रा निकाली। विधायक सुधीर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल धर्मशाला ग्रामीण के लिए पार्टी की ओर से लगे प्रभारी नदीश ठाकुर मुख्य रूप से शामिल रहे। पटोला से शुरू होकर जदरांगल बाजार तक यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

शुभारंभ आयुष मंत्री ने विभिन्न कार्यों के लिए प्रदान की 6 लाख की धनराशि

गोमा ने किया शकुंतलम आश्रम का उद्घाटन

अजय पाल, अनंत ज्ञान

पालमपुर। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने मंगलवार को लदोह पंचायत के बलवीर चौक ठाकुरद्वारा स्थित शकुंतलम आश्रम का विधिवत उद्घाटन किया तथा श्रीमद्भागवत कथा के समापन में भाग लिया।

आयुष मंत्री ने अलंग महादेव, शकुंतलम आश्रम उत्थान समिति और स्थानीय जनता को बधाई देते हुए कहा कि मात्र छह माह में सरकार एवं जन सहयोग से अच्छा आश्रम तैयार हुआ है। उन्होंने बताया कि यह स्थल तीन पंचायतों के लिए मोक्ष धाम के रूप में विकसित हुआ है, यहां गणपति, 11 रुद्र शिवलिंग, शनिदेव, राधा-कृष्ण एवं मछियाल धाम की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में जनहित, लोकहित और सामाजिक कार्यों को पूर्ण करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा वह जनसमस्याओं के समाधान और सभी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आश्रम के विभिन्न कार्यों के लिए विधायक निधि से 6 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की गई है। उन्होंने आगे भी अपनी ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

लदोह पंचायत के बलवीर चौक ठाकुरद्वारा स्थित शकुंतलम आश्रम के उद्घाटन के बाद संबोधित करते यादविंद्र गोमा।

आश्रम परिसर में टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा

गोमा ने समिति की मांग पर आश्रम परिसर में टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए तथा स्थानीय खेल मैदान को समतल करने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। उन्होंने आयोजन समिति को प्रोत्साहन स्वरूप 31 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की और साथ ही उन्होंने प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार श्रीमद्भागवत कथा के सफल आयोजन का आह्वान भी किया। इस अवसर पर अलंग महादेव, शकुंतलम आश्रम उत्थान समिति के अध्यक्ष अमन राणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए समिति की मांगे रखीं।

पुलिस ने मृतक पर्यटक का शव परिजनों को सौंपा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत सोमवार को हरियाणा के एक पर्यटक व्यक्ति की मौत मामले में पुलिस द्वारा मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार गत दिवस मृतक गौरव गौतम (38) निवासी हिसार, हरियाणा सुबह के समय अपने होटल रूम में बैड पर औंधे मुह लेटा हुआ अचेत अवस्था में पाया गया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची तो पुलिस टीम ने पाया कि उक्त व्यक्ति के नाक से खून व कोई तरल पदार्थ निकलते हुए पाया गया था। इसके बाद पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को जांच के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला में ही रखा था। एएसपी पुलिस जिला कांगडा हितेष लखनपाल ने बताया कि पुलिस द्वारा मंगलवार को उपरोक्त शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में वाद-विवाद स्पर्धा

दीपाली सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित

द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

अनंत ज्ञान, शाहपुर

द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वाट क्लब और मंथन क्लब ने सतत भविष्य के लिए सशक्तिकरण विषय पर वाद-विवाद (डिक्लेमेशन) प्रतियोगिता आयोजित की।

प्रतियोगिता में बीसीए, बीबीए और बीकॉम के विद्यार्थियों ने भागीदारी कर सतत विकास के प्रति जागरूकता और संकल्प का संदेश दिया। निर्णायक राजेश राणा (प्रमुख, बीसीए विभाग) और अनिश कोरला (सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग) ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक प्राध्यापक शिल्पा शर्मा के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवंतिका (बीसीए, प्रथम सेम), द्वितीय आनिया (बीसीए, प्रथम सेम), तृतीय निशिता (बीबीए, तृतीय सेम) रहे, जबकि सांत्वना पुरस्कार सांत्वना दीपाली (बीकॉम), विपुल शर्मा (बीसीए), उद्देश्य (बीसीए) को दिए गए।

धर्मशाला-मैक्लोडगंज खड़ा डंडा मार्ग आवाजाही के लिए बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला-मैक्लोडगंज खड़ा डंडा मार्ग में जोगीवाड़ा के पास सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आने से बह गया। इसके चलते मंगलवार शाम से धर्मशाला-मैक्लोडगंज रोड़ में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। अब मात्र दोपहिया वाहन चालक ही अपने रिस्क पर बचे हुए हल्के सड़क मार्ग से लेकर जा रहे हैं। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग धर्मशाला ने मौके पर पहुंचकर मार्ग को दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया है। साथ ही फंसे हुए वाहनों को निकाला गया है। लोक निर्माण विभाग धर्मशाला डिविजन के आधीशाषी अभियंता एक्सईएन ई. दिनेश कुमार ने बताया कि मैक्लोडगंज खड़ा डंडा मार्ग जोगीवाड़ा के पास भूस्खलन की चपेट में आने से बह गया है। मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। लगातार निचले क्षेत्र तक भूस्खलन हो रहा है, ऐसे में बारिश थमने पर ही कार्य किया जा सकेगा।

न्यूज़ ब्रीफ

मांदल कैंची के पास मिला अज्ञात बच्ची का शव

दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू। उपमंडल जुब्बल के मांदल कैंची में करीब दो साल की अज्ञात बच्ची का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। बच्ची की पहचान नहीं हो पाई है। सोमवार सुबह शव को फॉरेंसिक विभाग की निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला भेजा गया। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों से आसपास के क्षेत्र में पहचान से जुड़ी सूचना देने की अपील की है। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

पौने तीन सौ ग्राम चरस संग धरा युवक

अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा। चौपाल पुलिस ने रूटीन गश्त के दौरान एक युवक से 270 ग्राम चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार चौपाल थाना की पुलिस टीम एसएचओ चौपाल अम्बी लाल के नेतृत्व में चौपाल,छाराकी-चंबी मार्ग पर रूटीन गश्त पर थी। इस दौरान चंबी में एक युवक पुलिस को देख कर हड़बड़ा गया और भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर युवक को दबोच लिया एवं उसकी तलाशी लेने पर उससे 270.54 ग्राम चरस व एक तराजू बरामद किया। आरोपित की पहचान अजय कात्टा मवासी चिवना बदलावेग के रूप में हुई है। आरोपित युवक के खिलाफ चौपाल थाना में एनडीपीएस की धारा 20-61-25 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

लोकेंद्र सिंह नेगी बने मुख्य संरक्षक

अनंत ज्ञान, रोहडू। हिमाचल स्कूल प्रवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संघ के राज्य अध्यक्ष अजय नेगी ने कार्यकारिणी के विस्तार में कई पदों पर नियुक्तियां कीं। लोकेंद्र सिंह नेगी को मुख्य संरक्षक, राजेश सैनी को मुख्य मार्गदर्शक, राकेश भारद्वाज को वाइस चेयरमैन, सुरजीत सिसोदिया को वित्त सचिव और चन्द्र देव ठाकुर को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश, संजय शर्मा, शौकत अली सहित 8 सदस्य, जबकि राज्य उपाध्यक्ष पद पर जोगिंदर भीमटा, राम कृष्ण, टिकम ठाकुर समेत 12 सदस्य चुने गए। मुख्य कानूनी सलाहकार का पद रंगीला राम ठाकुर को मिला।

एसएफआई ने लिया शिक्षा के निजीकरण व भगवाकरण के खिलाफ लड़ाई का संकल्प

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। एसएफआई की प्रदेश राज्य कमेटी ने 12 अगस्त, 1936 को भारत के पहले संयुक्त छात्र आंदोलन की वर्षगांठ मनाई। इस ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए, प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सेमिनार और कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें देश की आजादी में छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया गया। एसएफआई ने छात्रों से आह्वान किया कि जिस तरह ब्रिटिश शासन के दौरान उन्होंने एकजुट होकर संघर्ष किया था, उसी तरह आज भी उन्हें वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होना होगा। एसएफआई ने चिंता व्यक्त की कि शिक्षा प्रणाली को निजीकरण और भगवाकरण के माध्यम से कमजोर किया जा रहा है और बेरोजगारी बढ़ रही है। संगठन ने सभी छात्रों, शिक्षकों और प्रगतिशील नागरिकों से समावेशी शिक्षा को बचाने के लिए चल रहे इस आंदोलन का हिस्सा बनने और इसे एक जन-आंदोलन का रूप देने की अपील की। एसएफआई ने यह भी दोहराया कि उनका संघर्ष निजीकरण, सांप्रदायिकता और केंद्रीकरण के खिलाफ जारी रहेगा।

कंप्यूटर शिक्षकों को नियमित करने का आग्रह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ की राज्य अध्यक्ष सुमन ठाकुर ने ओकओवर शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात की और उन्हें संघ की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी स्कूलों में 1302 कंप्यूटर शिक्षक पिछले लगभग 25 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन कंप्यूटर शिक्षकों को नियमित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनकी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

आईजीएमसी में नशे के आदी और मानसिक रोगी रहेंगे अलग : शांडिल

द व्हाइट ट्रुथ वेब सीरीज का विमोचन, शिमला में तलाशी जा रही नशामुक्ति केंद्र की संभावनाएं

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने घोषणा की है कि आईजीएमसी में नशे के आदी मरीजों को अब मानसिक रोगियों के साथ नहीं रखा जाएगा। यह फैसला मानसिक रोगियों के उपचार के लिए बेहतर माहौल सुनिश्चित करने और नशे के आदी लोगों को सही इलाज देने के उद्देश्य से लिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह बात अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कही, जहां उन्होंने हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा निर्मित नशे के खिलाफ वेब सीरीज 'द व्हाइट ट्रुथ' का ट्रेलर लॉन्च किया। यह सीरीज नशे की लत से जूझ रहे लोगों पर केंद्रित है, जिसके 7 एपिसोड में समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास किया गया है। इसका निर्माण टीएफटी प्रोडक्शन ने किया है और यह ज्ञान विज्ञान समिति के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होगी।

मंत्री शांडिल ने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए अलग नशामुक्ति केंद्र बनाने पर भी विचार कर रही है, क्योंकि प्रदेश में नशे की शिकार लड़कियों की संख्या बढ़ रही है। इसके साथ ही, शिमला में एक सरकारी नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने की संभावना भी तलाशी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन केंद्रों में नशे का कारोबार होता है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समाज का नशामुक्त बनाने में सहयोग जरूरी

मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मानव जीवन बहुत अनमोल है, इसे नशे की भेंट न चढ़ने दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के कारोबार को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है, लेकिन समाज का सहयोग भी बेहद ज़रूरी है। उन्होंने युवाओं से अपनी इच्छाशक्ति मजबूत रखने और हिमाचल को नशामुक्त बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

नशे से उबर चुके शख्स ने बताई दिल दहला देने वाली कहानी

कार्यक्रम में नशे की लत को छोड़कर सामान्य जीवन में लौट चुके पंकज ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वे छह साल तक 'चिट्टा' और उससे पहले 14 साल तक भांग का सेवन करते रहे। उन्होंने नशे के कारण अपने 14 दोस्तों को खो दिया। पंकज ने कहा कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में उनके परिवार ने उनका पूरा साथ दिया, जिससे वे इस बुरी लत से बाहर निकल पाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा छोड़ने में परिवार का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण होता है।

सांसद डॉ. सिकंदर ने बाइक रैली में लिया भाग, तिरंगा फहराने की अपील

नई दिल्ली में तिरंगा यात्रा में भाग लेते सांसद डॉ. सिकंदर कुमार।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने आज दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित बाइक रैली में हिस्सा लिया। उनके साथ अन्य सांसद, सेना के जवान और आम नागरिक भी शामिल हुए। डॉ. कुमार ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता इस अभियान के माध्यम से देश के हर कोने में एकता और देशभक्ति का संदेश फैला रहे हैं।

उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक उत्सव को सफल बनाने के लिए इन यात्राओं में शामिल हों और 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराया। इसके अलावा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में इथेनॉल पर राज्यों द्वारा लगाए गए नए शुल्कों का मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से पूछा कि क्या सरकार ने इन शुल्कों पर राज्यों से पुनर्विचार का आग्रह किया है। जवाब में, राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि सरकार ने इस मामले का संज्ञान लिया है और हरियाणा, पंजाब, झारखंड सहित हिमाचल की सरकारों से इन शुल्कों को तर्कसंगत बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने यह भी बताया कि इथेनॉल जीएसटी के अंतर्गत आता है और सरकार स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है।

डिप्टी सीएम को स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए दिया निमंत्रण

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को डीसी और एसपी पुष्प गुच्छ देते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को जिला शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने 15 अगस्त को होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया है।

इस निमंत्रण को उपमुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया है। यह समारोह सुबह 11:00 बजे शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए सिर्फ एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह उन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और लोगों की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का एक मौका भी है।

अग्निहोत्री ने राहुल गांधी के अभियान का किया समर्थन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की शुचिता और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई डिजिटल वोटर लिस्ट की मांग का पूरा समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश के संविधान और जनता के विश्वास की रक्षा करने का संकल्प है। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी, वोट की चोरी या मतदाता सूची में हेरफेर लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल वोटर लिस्ट लागू होने से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से इस मुहिम का हिस्सा बनने की अपील की ताकि लोकतंत्र और मजबूत हो सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश की है।

कोटखाई में गूंजा देशभक्ति का नारा

भाजपा नेता चेतन बरागटा ने किया 'हर घर तिरंगा' अभियान का नेतृत्व

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कोटखाई में आज भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों और गीतों से पूरा कोटखाई बाजार गूंज उठा।

इस अवसर पर चेतन बरागटा ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारे गौरवशाली इतिहास, संविधान और स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। बरागटा ने सभी से राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बरागटा ने कहा कि जब हम तिरंगा लेकर चलते हैं, तो यह हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारे संविधान की आत्मा को दर्शाता है। तिरंगा हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विकास और देश की प्रगति में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ योगदान दें।

कोटखाई में चेतन बरागटा की अगुआई में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

जोशपूर्ण नारों के साथ हुआ यात्रा का समापन

यह यात्रा छोल से शुरू होकर कोटखाई बाजार से गुजरी। इस दौरान कार्यकर्ता 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां सभी ने सम्मानपूर्वक तिरंगे को सलामी दी। इस यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा, महामंत्री अंकुश चौहान, जिला उपाध्यक्ष अशोक जस्टा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देहरादून में भजन संध्या में गूंजे हिमाचली सुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। देहरादून में श्री टपकेश्वर महादेव सेवादल द्वारा आयोजित भजन संध्या में हिमाचली सुरों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनिकेत कश्यप की गणपति वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम में एसी भारद्वाज के 'बम बम भोले' भजन ने माहौल को शिवमय बना दिया। बिलासपुर के अभिषेक सोनी ने पहाड़ी व हिंदी भजनों से समां बांधा। हिमाचली संस्कृति के प्रमोटर अमित भाटिया की अहम भूमिका से यह आयोजन और भी खास बना। देर रात तक भक्त भजनों में झूमते रहे और समिति की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजन जारी रखने की अपील की।

माता खबड़ी देवी मंदिर में वार्षिक मेला 19 से

निक्कू राम, अनंत ज्ञान, बरठीं। माता खबड़ी देवी मंदिर ग्राम सुधार समिति की ओर से 19 से 24 अगस्त तक वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रधान डॉ. विजय गुलेरिया व सचिव विजय कौशल ने बताया कि मेला 19 अगस्त को मुख्य अतिथि द्वारा पूजा-अर्चना व ध्वजारोहण से शुरू होगा और 24 अगस्त को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न होगा। 15 अगस्त को जन्माष्टमी उत्सव व झांकियां 16 अगस्त को भंडारा 18 अगस्त को स्वच्छता अभियान 20 और 21 अगस्त को महिला मंडलों व सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां होंगी। 22 को कबड्डी, वॉलीबाल के मुकाबले होंगे तथा 23 को फाइनल मुकाबले होंगे। 24 को अन्य प्रतियोगिताएं होंगी।

सूर्यांश का थाईलैंड के प्रतिष्ठित संस्थान में चयन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर जिले के डियारा सेक्टर निवासी सूर्यांश गुप्ता ने एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी), थाईलैंड में चयनित होकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। वे एग्रीकल्चर सिस्टम्स एंड इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन करेंगे। उन्हें संस्थान की ओर से 75 फीसदी फेलोशिप भी मिली है। पूरे भारत से केवल तीन छात्रों का चयन हुआ, जिनमें हिमाचल से सूर्यांश अकेले हैं। उन्होंने स्नातक की पढ़ाई हमीरपुर के नेरी कॉलेज से की और अब रिमोट सेंसिंग तकनीक पर शोध करेंगे।

विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

अनंत ज्ञान, नयना देवी। श्री नयना देवी जी कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र में छात्रों के लिए नशा मुक्त भारत अभियान के प्रचार योजना के तहत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य श्यामलाल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य तथा शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग द्वारा विद्यार्थियों के साथ नशा मुक्ति शपथ लेकर की गई। प्राचार्य ने प्रेरणादायक संबोधन के साथ छात्रों को शिक्षा के महत्व, नशे से दूर रहने और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में प्रो. पंकज कुमार, डॉ. वैभव, पाठक, विजय जम्वाल आदि उपस्थित रहे।

एनएचएआई हमीरपुर-घुमारवीं मुख्य सड़क की जल्द करे रिपेयर: धर्माणी

अनंत ज्ञान घुमारवीं

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई को हमीरपुर-घुमारवीं राष्ट्रीय उच्च मार्ग की शीघ्र मरम्मत करने को कहा, ताकि आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके।

मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को बारिश से क्षतिग्रस्त संपर्क सड़कों की मरम्मत, जलशक्ति विभाग को पेयजल आपूर्ति और बिजली बोर्ड को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने प्राकृतिक आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज लागू किया है। पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान पर मुआवजा 1.30 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपए, आंशिक मकान पर 1 लाख रुपए, और दुकान/ढाबे पर 1 लाख रुपए कर दिया गया है। पशुहानि पर भी मुआवजा राशि बढ़ाई गई है। कृषि भूमि नुकसान पर 10 हजार रुपए व फसल नुकसान पर 3 हजार रुपये प्रति बीघा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को नुकसान का आकलन कर त्वरित राहत देने के निर्देश दिए।

जनसमस्याओं को सुनते मंत्री धर्माणी।

15 अगस्त को एरियर और डीए की बकाया किस्तों की घोषणा करे सरकार

अनंत ज्ञान, बरठीं। हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन जिला बिलासपुर इकाई की बैठक नवदुर्गा माता मंदिर खरोटा में जिला प्रधान सदाराम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उप प्रधान अमरनाथ धीमान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में पदाधिकारियों ने सरकार के उदासीन रवैये पर गहरी चिंता व्यक्त की। जिला प्रधान सदाराम शर्मा ने कहा कि सरकार ने अभी तक संशोधित वेतनमान के एरियर का भुगतान नहीं किया है, जिससे पेंशनर्स में भारी निराशा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनवरी 2016 से पहले और 2016 से दिसंबर 2021 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों को चरणबद्ध रूप से एरियर दिया जाए। वरिष्ठ उप प्रधान धीमान ने कहा कि प्रदेश के पेंशनर अभी 42 फीसदी डीए ले रहे हैं, जबकि केंद्र में यह 58 फीसदी होने जा रहा है। उन्होंने डीए एरियर व बकाया किस्तों की घोषणा 15 अगस्त तक करने की मांग की। चमन लाल शर्मा ने सभी पेंशनर्स को आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर स्वास्थ्य कार्ड देने की मांग की।

पेंशनर्स फेडरेशन ने जताई नाराजगी

अनंत ज्ञान, बरठीं। नवदुर्गा माता मंदिर खरोटा में जिला प्रधान सदाराम शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने पेंशनरों की मांगों की अनदेखी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई पेंशनर्स अब भी संशोधित वेतनमान के एरियर से वंचित हैं। प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान अमरनाथ धीमान ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारी व पेंशनर 42 फीसदी डीए ले रहे हैं, जबकि केंद्र में यह 55 फीसदी है, जो जल्द 58 फीसदी होगा। जिला महासचिव चमन लाल शर्मा ने चिकित्सा बिल भुगतान में लापरवाही पर चिंता जताते हुए सभी पेंशनरों को आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर स्वास्थ्य कार्ड देने की मांग की। बैठक में 100 से अधिक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

गोबिंदसागर झील के पास बनाया जाए शौचालय, स्नानागार और रेन शेल्टर

डीसी को गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने डीसी राहुल कुमार (आईएएस) को ज्ञापन सौंपकर मंडी भराड़ी फोरलेन पुल चौक के पास शौचालय, स्नानागार और रेन शेल्टर निर्माण की मांग की।

एसोसिएशन अध्यक्ष सराज अख्तर व कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने बताया कि वर्ष 2009 से संस्था पर्यटक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आग्रह किया कि नौणी पंचायत के तहत गोबिंदसागर झील के पास 3 पुरुष व महिला शौचालय, 3 स्नानागार और 3 रेनशेल्टर बनाए जाएं, ताकि बारिश में यात्रियों, खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा न हो। शौचालय की अनुपलब्धता के कारण महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है और लोग खुले में शौच के लिए मजबूर होते हैं। डीसी राहुल कुमार ने जनहित में इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर लाडली फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेखा बिष्ट, हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव इशान अख्तर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महिला ने पति पर मारपीट व अवैध संबंधों का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। झंडूता विधानसभा क्षेत्र के जोड़ मलागंन की रजनी देवी ने पति सुरेंद्र कुमार पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना, बेटियों से दुर्व्यवहार और अवैध संबंधों के गंभीर आरोप लगाते हुए लाडली फाउंडेशन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट एवं राज्य उपाध्यक्ष निर्मला राजपूत के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी को शिकायत सौंपी। रजनी देवी ने बताया कि 2008 में विवाह के बाद से उत्पीड़न हो रहा है, 2018 से यह बढ़ गया। आरोप है कि पति ने उन्हें और बेटियों को पीटा, धमकियां दीं और दूसरी शादी की बात कही। महिला ने सास-ससुर पर भी दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। एएसपी ने मामले में कार्रवाई करते हुए पति को 13 अगस्त को महिला थाना में पेश होने के निर्देश दिए।

एएसपी से की शिकायत

बिलासपुर में 'तिरंगा यात्रा' में गूंजे देशभक्ति के उद्घोष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर जिला मुख्यालय मंगलवार को तिरंगे के रंग और देशभक्ति के जोश से सराबोर हो उठा। भाजपा सदर और बिलासपुर मंडल के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई भव्य 'तिरंगा यात्रा' में सैकड़ों कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा थामे, 'भारत माता की जय', 'तेरा वैभव अमर रहे मां' और 'वंदेमातरम' के नारों के साथ रौड़ा सेक्टर से शहीद स्मारक तक उत्साहपूर्वक कदम बढ़ाते रहे। यात्रा में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे यह आयोजन एक जनआंदोलन जैसा रूप लेता दिखा।

देशभक्ति की इस अनूठी मिसाल में सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर और बिलासपुर मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर ने विशेष उपस्थिति दर्ज करवाई। शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके बलिदान को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

विधायक त्रिलोक जम्वाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपाई।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर दिया जोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर के ट्रॉमा हॉल में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की मासिक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने की। बैठक में ब्लॉक मारकंडा, घुमारवीं, श्री नयना देवी जी और झंडूता की एचएमआईएस रिपोर्ट सहित सभी प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण और बच्चों के टीकाकरण की स्थिति, जैसे बीसीजी, ओरल पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, पेंटा-थर्ड, एमआर व डीपीटी बूस्टर डोज की प्रगति पर चर्चा हुई। अधिकारियों को कमियां सुधारने के निर्देश दिए । डॉ. परवींद्र सिंह ने आरसीएच पोर्टल, आकेएस रिपोर्ट और एनपी-एनसीडी के तहत दी जा रही सेवाओं का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की जाएगी। डॉ. एकता ने हर गर्भवती महिला को समय पर सेवाएं देने और हाई रिस्क केस की पहचान पर बल दिया।

शहीद परिवारों के लिए बनेगी विशेष समिति

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष तथा एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर के अध्यक्ष, वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने बताया कि बिलासपुर जिले में शहीद परिवारों और वीर नारियों को साथ लेकर एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा। हाल ही में शहीद अंकुश भारद्वाज के पिता बांचा राम भारद्वाज, वीर नारी अरुणा शर्मा, निशा कुमारी और नारायणी देवी से चर्चा के दौरान यह प्रस्ताव सामने आया। समिति के माध्यम से सभी लंबित मांगों को सरकार और प्रशासन के समक्ष सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। कैप्टन शर्मा ने कहा कि कई घोषणाएं केवल भाषणों तक सीमित रह गई हैं और दस्तावेज पूरे होने के बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। ऐसे में समिति के गठन की आवश्यकता महसूस की गई है, जिसमें सभी वैटरन सैनिकों, शहीद परिवारों और वीर नारियों को शामिल किया जाएगा, ताकि उनकी आवाज मजबूती से उठाई जा सके।

व्यक्ति से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, स्वारघाट। श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते कोट कहलूर थाना पुलिस ने सरकारां दो मोड़ के पास गश्त के दौरान एक व्यक्ति से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस टीम गश्त पर थी, तो अंधेरे में सड़क किनारे एक व्यक्ति प्लास्टिक कैनी के साथ बैठा दिखाई दिया। पुलिस को देख वह घबरा गया। पूछताछ में उसने कैनी में कच्ची शराब होने की बात कबूल की। आरोपी की पहचान विचित्र सिंह निवासी मजारी, तहसील श्री नयना देवी जी, जिला बिलासपुर के रूप में हुई। डीएसपी जिला मुख्यालय एवं पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

खिलाड़ियों ने सीखी सवाते खेल की तकनीक

अनंत ज्ञान, स्वारघाट। हिमाचल प्रदेश सवाते एसोसिएशन के तत्वावधान में वर्ष 2025 का ब्लू ग्लव्स ग्रेडिंग सेमिनार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया और ग्रेडिंग परीक्षा दी। सेमिनार का संचालन तथा मूल्यांकन एसोसिएशन की महासचिव एवं मास्टर ट्रेनर संतोषी शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को सवाते खेल की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और खेल भावना के महत्व पर विशेष मार्गदर्शन दिया। प्रदेश सवाते एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन लाल ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

झबोला गांव में 50 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने बिलासपुर की झंडूता विधानसभा क्षेत्र के झबोला गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के संयोजक राम कृष्ण ने बताया कि डॉ. अंजू के नेतृत्व में 50 लोगों की जांच की गई, जिसमें बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की सामान्य जांच कर निःशुल्क दवाइयों और आवश्यक टेस्ट की सुविधा प्रदान की गई। इस पहल से ग्रामीणों को काफी लाभ मिला।

हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में कार्यशाला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में 11 व 12 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय वर्चुअल लैब्स कार्यशाला संपन्न हो गई। यह कार्यशाला वी-लैब, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी रुड़की के सहयोग से तथा शिक्षा मंत्रालय की राष्ट्रीय मिशन ऑन एजुकेशन आईसीटी पहल के तहत आयोजित की गई। सत्रों का संचालन आईआईटी रुड़की के चेतन धीमान और अमित शर्मा ने किया। उन्होंने वर्चुअल लैब्स की उपयोगिता और छात्रों के लिए इसके लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में नौ सत्र हुए जिनमें हैंड्स-ऑन गतिविधियाँ, विज़ुअल डेमो और इंटरैक्टिव अभ्यास शामिल रहे।

उच्च शिक्षा निदेशक ने किया बिलासपुर कॉलेज का दौरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर का निरीक्षण किया और विकासात्मक कार्यों की सराहना की। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि उन्होंने कवर्ड टाइल्ड पाथ, ओपन एयर लाइब्रेरी, सिट एंड स्टडी एरिया, डिजिटल लाइब्रेरी के प्रस्ताव, कन्या व ब्वॉयज हॉस्टल, टू व्हीलर पार्किंग, साइंस व आर्ट्स संकाय का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से बातचीत कर फीडबैक लिया और प्लेसमेंट व दाखिला प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। विज़िटर बुक में उन्होंने सकारात्मक टिप्पणी दर्ज की।

भारतगढ़ में अज्ञात महिला का मिला शव, हड़कंप

अनंत ज्ञान, स्वारघाट। किरतपुर साहिब के साथ लगते भारतगढ़ क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, सुबह के समय स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे बिना कपड़ों के महिला की लाश पड़ी देखी और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना कीरतपुर साहिब के प्रभारी जतिन कपूर के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल आनंदपुर साहिब भेज दिया। मृतका की उम्र लगभग 30 से 31 वर्ष के बीच है और डेड बॉडी को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखा गया है।

न्यूज ब्रीफ

त्रिलोचन महादेव मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

अनंत ज्ञान, धरवाला। भारतीय जनता पार्टी त्रिलोचन महादेव मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के सम्मान में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला चंबा के महामंत्री विनोद ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पवन भारद्वाज, महामंत्री सुमन ठाकुर सहित मंडल की संपूर्ण कार्यकारिणी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। यह यात्रा डिग्री कॉलेज लिहल से शुरू होकर गुरुकुल मॉडल स्कूल तक निकाली गई। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारों से माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है तथा सभी को इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेना चाहिए। यात्रा की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर सहयोग दिया।

नशामुक्त समाज के निर्माण की दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान, चंबा। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चंबा में हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति, एनएसएस, एनसीसी और उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया मुख्य अतिथि और समिति के जिला अध्यक्ष डॉ. बिपन राठौर विशेष अतिथि रहे। चर्चा में 17 विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभाव और इससे बचाव पर विचार रखे। मुख्य अतिथियों ने युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। अंत में प्रो. अविनाश ने सभी को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति के पीसी मिन्हास, सुमन कुमारी, गजेंद्र, महाविद्यालय के शिक्षकगण – प्रोफेसर अविनाश, डॉ. विजय, डॉ. चमन सिंह, डॉ. संतोष कुमार, प्रो. संजीव, डॉ. विदुषी शर्मा, डॉ. कुलदीप शर्मा, एनएसएस स्वयंसेवी, एनसीसी कैडेट और उन्नत भारत अभियान के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नई कार्यकारिणी में चुने छह उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान, भटियात। हिमाचल किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष सोहन वर्मा ने भटियात-(II) ब्लॉक किसान कांग्रेस की नई कार्यकारिणी को मंजूरी दे दी है। नवगठित टीम में छह उपाध्यक्ष हाकम चंद, रमेश कुमार, मंगत राम, महिन्द्र सिंह, राज कुमार और रत्न चंद, एक महासचिव धर्म चंद, दो संगठन सचिव कृष्ण चंद और टेक चन्द, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सहायक कोषाध्यक्ष गांधी राम, आठ सचिव और दस संयुक्त सचिव शामिल हैं। यह जानकारी जिला चंबा किसान कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने दी। उन्होंने विश्वास जताया कि ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कुमार के नेतृत्व में कार्यकारिणी किसानों व बागवानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ-साथ प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएगी। शीघ्र ही नई टीम के साथ बैठक कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी साझा की जाएगी।

नई एनसीईआरटी विज्ञान पाठ्य पुस्तक पर उन्मुखीकरण में चंबा के राजीव की भागीदारी

बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, भटियात। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआईई), एनसीईआरटी, अजमेर में 4 से 8 अगस्त तक मध्य स्तर के लिए नई विकसित विज्ञान पाठ्य पुस्तक पर उत्तरी क्षेत्र के राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) हेतु पांच दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हिमाचल से चयनित 12 शिक्षकों में पीएम श्री जीएसएसएस रायपुर, जिला चंबा के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता राजीव कुमार भी शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नई पाठ्यपुस्तक की सोच, उद्देश्यों और अनुभवात्मक, प्रश्न-केंद्रित तथा गतिविधि-आधारित अधिगम की शिक्षण रणनीतियों को समझाना था। साथ ही प्रतिभागियों को प्रभावी मूल्यांकन की नवीन विधियों पर प्रशिक्षण दिया गया। राजीव कुमार ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कार्यशाला ने कक्षा-कक्ष को रोचक, प्रासंगिक और सहभागितापूर्ण बनाने की व्यावहारिक रणनीतियाँ सिखाईं। उन्होंने एससीईआरटी सोलन और डीआईईटी चंबा के अभिमन्यु सर का इस अवसर के लिए आभार जताया।

मुख्यमंत्री राहत कोष में भेंट की राशि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुक्खू को विभिन्न व्यक्तियों और संगठनों से सहायता मिली और कुछ शिष्टाचार भेंट भी हुईं। वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'ओक ओवर' पर आपदा राहत कोष के लिए 50,000 रुपये का चेक भेंट किया। इसी तरह, पूर्व राज्य युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष ठाकुर और पूर्व महासचिव गौरव चौहान ने भी मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2,22,222 रुपये का चेक प्रदान किया। इन योगदानों के अलावा, एक महत्वपूर्ण सहयोग हिमाचल प्रदेश स्टेट फार्मेसी काउंसिल की ओर से आया। वहीं स्वास्थ्य मंत्री कर्नल (डॉ.) धनी राम शांडिल ने काउंसिल की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 10 लाख रुपये का एक बड़ा चेक भेंट किया, इस अवसर पर काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा भी मौजूद थे। सहायता भेंट के अलावा, राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विशाल चंब्याल ने को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से एक शिष्टाचार भेंट भी की।

सीएम दौरे को लेकर मांगपत्र किया तैयार

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सीएम के दौरे को ध्यान में रखते हुए सरकाघाट में 6 संस्थाओं की संयुक्त बैठक ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद इकाई सरकाघाट के अध्यक्ष प्रकाश चंद चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र की प्रमुख मांगों पर चर्चा कर विस्तृत मांग पत्र तैयार किया गया, जिसमें राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण से जुड़ी समस्याओं का समाधान, जाहु में हवाई अड्डा व रेलवे लाइन, औद्योगीकरण से युवाओं को रोजगार, पार्किंग व बस अड्डा निर्माण, अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर, सीवरेज व ड्रेनेज सुधार, सैनिक एकेडमी, बेसहारा पशुओं के लिए रणनीति, दिव्यांग भवन और सेंट्रल पार्क अपग्रेडेशन शामिल हैं। बैठक में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

दुनेरा के पास एनएच धंसा; 12 घंटे ठप रही आवाजाही, मणिमहेश यात्री परेशान

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

पठानकोट-भरमौर एनएच दुनेरा के पास धंसने से आवाजाही ठप रही।

- खाद्य आपूर्ति पर असर, दूध और सब्जियों की सप्लाई रुकी
- भारी बारिश की चेतावनी, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

भरमौर। पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे एनएच 154-ए दुनेरा (पंजाब) के पास मंगलवार सुबह करीब 3 बजे सड़क धंसने के कारण पूरी तरह से बंद हो गया। सड़क का लगभग 20 मीटर हिस्सा धंसने से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही 12 घंटे तक ठप रही। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों का सफर मुश्किल हो गया। शाम करीब 4 बजे तक सड़क केवल छोटे वाहनों के लिए बहाल हो पाई, जबकि बड़े वाहनों की आवाजाही अब भी बंद है।

सड़क बंद होने से पठानकोट और चंबा का संपर्क फिलहाल टूट गया। मणिमहेश यात्रा के लिए पंजाब और जम्मू से आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पर्यटक चंबा, डलहौजी और भरमौर की ओर फंसे रहे।

इसके अलावा, चंबा जिले में रोजाना पंजाब से दूध, ब्रेड, अंडे, सब्जियां आदि की आपूर्ति होती है, जो सड़क बंद होने के कारण प्रभावित हुई। एनएचएआई ने युद्ध स्तर पर बहाली कार्य शुरू किया, लेकिन शाम तक बड़े वाहनों के लिए यातायात शुरू नहीं हो पाया।

मौसम विभाग ने 14 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जिला प्रशासन ने लोगों से ऊंचाई वाले और भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों में बिना जरूरत न जाने की अपील की है। साथ ही, स्वयं सतर्क रहने और दूसरों को भी सतर्क करने की सलाह दी है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। घटना की सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की टीम मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया। मशीनरी और श्रमिकों की मदद से मलबा हटाकर अस्थायी मार्ग तैयार करने का प्रयास किया गया। अधिकारियों ने बताया कि लगातार काम के बाद शाम 5 बजे छोटे वाहनों के लिए सड़क को वन-वे खोल दिया गया है। हालांकि, सड़क को पूरी तरह बहाल करने और यातायात को सामान्य करने में अभी भी थोड़ा वक्त लगेगा।

चुराह में चलती बस पर गिरा भारी पत्थर, दो यात्री घायल

हाशू शेख, अनंत ज्ञान

चुराह। बरसाती मौसम के बीच चुराह के चांजू में मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। चौरसेवा मोड़ पर पहाड़ से अचानक टूटकर गिरा भारी भरकम पत्थर सीधे एक चलती प्राइवेट बिट्टू बस की छत पर आ गिरा। पत्थर की ताकत इतनी थी कि उसने बस की छत को चीरते हुए अंदर तक प्रवेश कर लिया, जिससे बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय बस में दर्जनों यात्री मौजूद थे। अचानक हुए धमाके जैसे शोर से यात्री सहम गए और कुछ ने घबराहट में सीटें छोड़ दीं। गनीमत रही कि पत्थर ड्राइवर की सीट पर नहीं गिरा, वरना बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर सकती थी, जिससे बड़ा जनहानि का खतरा था। हादसे में दो यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत नज़दीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। स्थानीय लोग बताते हैं कि चौरसेवा मोड़ बरसात के मौसम में पत्थर गिरने के लिए कुख्यात है, लेकिन इस बार पत्थर का आकार और वजन इतना बड़ा था कि अगर ड्राइवर ने थोड़ी भी लापरवाही की होती, तो आज स्थिति बेहद भयावह हो सकती थी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बरसाती दिनों में विशेष सतर्कता बरतें और अनावश्यक यात्रा से बचें। यह हादसा एक चेतावनी है कि पहाड़ी मार्गों पर सफर करते समय प्रकृति के मिज़ाज को कभी हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि एक पल की असावधानी कभी भी ज़िंदगी को खतरे में डाल सकती है।

प्राकृतिक खेती से किसान व प्रकृति दोनों होंगे सुरक्षित: ललित ठाकुर

पांगी घाटी में कृषि क्रांति के लिए जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, पांगी

'धरती मां की सेहत, किसान की समृद्धि और आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य — यह सब प्राकृतिक खेती से ही संभव है।' यह प्रेरक संदेश एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने पांगी घाटी के शौर में आयोजित विशेष जनसंवाद कार्यक्रम में दिया।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती खेती की लागत कम करने, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने और किसानों को रासायनिक खादों पर निर्भरता से मुक्त करने का प्रभावी तरीका है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत है।

कार्यक्रम में उन संघ के निदेशक वीर सिंह राणा, एपीएमसी चंबा के निदेशक राकेश, टीएसी सदस्य दौलत राम, ग्राम पंचायत पुर्थी की प्रधान सुरेशा ठाकुर, पूर्व प्रधान सतीश शर्मा, बी.डी.सी. सदस्य योगराज, वरिष्ठ नेता नरोतम भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि रासायनिक खादों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी और स्वास्थ्य दोनों पर बुरा असर डालता है।

संघर्ष से सेवा तक, लक्की ठाकुर की प्रेरक कहानी

युवाओं की आवाज बनकर बदल रहे हैं समाज का चेहरा

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

चंबा। जिले के छोटे से गांव कलसुई, ग्राम पंचायत जांघी के निवासी यशपाल, जिन्हें लोग प्यार से 'लक्की ठाकुर' कहते हैं, संघर्ष और सेवा की मिसाल हैं। 14 अक्तूबर, 1999 को एक साधारण, ग्रामीण परिवार में जन्मे लक्की ठाकुर ने प्रारंभिक शिक्षा गांव से प्राप्त की और +2 तक की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकानी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने सरकारी महाविद्यालय चंबा में उच्च शिक्षा हासिल की।

2018 में कॉलेज के दौरान उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की और जल्द ही एनएसयूआई के कैंपस उपाध्यक्ष बने। मेहनत और नेतृत्व क्षमता के बल पर वे जिला उपाध्यक्ष बने और वर्तमान में एनएसयूआई हिमाचल प्रदेश के प्रदेश महासचिव के रूप में युवाओं की आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। इसके साथ ही वे जिला शिकायत निवारण समिति, चंबा के सक्रिय सदस्य भी हैं।

लक्की ठाकुर युवाओं की समस्याओं और गांव के मुद्दों, विशेषकर शिक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से उठाते हैं। उनका मानना है कि शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव का सबसे सशक्त साधन है। अपने परिवार में इस मुकाम तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति के रूप में लक्की ठाकुर की कहानी यह साबित करती है कि सपनों और हौसले के बल पर कोई भी युवा समाज में बदलाव की नई इबारत लिख सकता है।

प्रीणा पंचायत के लोग स्थायी पुल के अभाव में जोखिम उठाने को मजबूर

भारी बारिश में उफनते नाले ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें

अनंत ज्ञान, धरवाला

मैहला ब्लॉक की ग्राम पंचायत प्रीणा के लोगों को स्थाई पुल न होने के कारण जान जोखिम में डालकर उफनते नाले को पार करना पड़ रहा है। सोमवार रात को हुई भारी बारिश के बाद रजोटी नाला अपने रौद्र रूप में था, जिससे आवागमन बेहद खतरनाक हो गया।

स्थानीय निवासी रविंदर कुमार, सनी शर्मा, नीजू मियां, संजय शर्मा, निक्कू ठाकुर, सोनू ठाकुर, कैलाश चंद, संजय ठाकुर, परशराम, परमेश शर्मा और भगवान दास सहित कई लोगों ने बताया कि रोजमर्रा के कार्यों और आपात स्थितियों में उन्हें मजबूरी में यह नाला पार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकार इस समस्या पर जल्द ध्यान देकर यहां एक स्थाई पुल का निर्माण करवाए, ताकि लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर सफर न करना पड़े। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में यह समस्या और भी विकराल हो जाती है।

रैगिंग से छात्र का मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य और शिक्षा का माहौल होता प्रभावित: प्रो. राहुल

अनंत ज्ञान, चंबा

तेलका कॉलेज में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राजकीय महाविद्यालय तेलका में एंटी रैगिंग समिति के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संयोजक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने संसाधन व्यक्तियों प्रो. राहुल मेहरा और प्रो. राहुल कंवर का स्वागत कर किया।

प्रो. राहुल मेहरा ने विद्यार्थियों को रैगिंग की गतिविधियों, कारणों और दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि रैगिंग पीड़ित की मानसिक और शारीरिक स्थिति को प्रभावित करती है और शैक्षिक माहौल बिगाड़ देती है। विद्यार्थियों से सकारात्मक व मित्रवत वातावरण बनाने का आह्वान किया गया। वहीं, प्रो. राहुल कंवर ने रैगिंग से जुड़े प्रचलित कानूनों, सजा और दंड के पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा हाल के मामलों के उदाहरण दिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि रैगिंग में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. उपिंदर गुप्ता ने कहा कि कॉलेज में रैगिंग के लिए शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाती है और विद्यार्थियों से अनुशासन व आपसी सम्मान बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर

अनंत ज्ञान, चंबा। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव एवं जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य यशपाल (लक्की ठाकुर) ने मंगलवार को कलसुई गांव का दौरा कर पेयजल आपूर्ति की गंभीर समस्या का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर पहुंचकर पानी की व्यवस्था बनाने में फ़िटर की मदद भी की।

लक्की ठाकुर ने बताया कि कलसुई में अक्सर दूसरे और तीसरे दिन पानी की किल्लत बनी रहती है। पानी की पाइपें सड़क किनारे खुली पड़ी हैं, जो पत्थर गिरने से टूट जाती हैं। हाल ही में हुई घटना में भी पत्थर गिरने से पाइप क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि गांव का पानी टैंक खाली पड़ा है और ग्रामीण सीधे सप्लाई से आने वाला पानी पीने को मजबूर हैं, जिसमें मिट्टी और कंकड़ तक शामिल हैं। यह ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। लक्की ने संबंधित विभाग से आग्रह किया कि इस समस्या का स्थायी समाधान जल्द से जल्द निकाला जाए।

Quotation

The sealed quotations are hereby invited for Financial Year 2025-26 to supply the following materials/items for open Gym in the office of Gram Panchayat Ghorpith, of Development Block Baijanth, District Kangra H.P.

1. Air Walker-Per Unit, 2. Chest Press Dual-Per Unit, 3. Leg Press-Per Unit, 4. Cycle-Per Unit, 5. Arm Wheel-Per Unit, 6. Shoulder Press-Per Unit, 7. Air Swing-Per Unit, 8. Hyper Extension-Per Unit, 9. Chinup & Pull P-Per Unit, 10. Marry Ground-Per Unit, 11. See-Saw-Single-Per Unit, 12. Monkey Bar-Per Unit

The interested firms/contractors are requested to submit their sealed quotations for supply of above mentioned materials/items through registered post or in person on a before 20-08-2025 up to 03:00 PM in the office of concerned Gram Panchayats. The quotations will be open on dated 25-08-2025 at 12:00 PM in the presence of participants or their representatives before purchase committee of concerned Gram Panchayat.

Terms and Conditions:-
1. Conditional quotation will not be accepted. 2. The firm/Vendor must have GST Number. 3. Rates quoted should include GST and all other charges. 4. 100% payment will be made through PFMS and RTGS to firms/Contractors. 5. The rates should be F.O.R. nearest to the work site of concerned Gram Panchayat. 6. Firms/Vendor are required to quote their rates clearly in words and figures. 7. Rates from contractors/Firms should be received in Performa issued by concerned GP. 8. The quotations which do not follow terms and conditions will be rejected. 9. All quotations should be submitted in the office of concerned Gram Panchayat. 10. As per Panchayat Raj Act Rule 1997 under section 137 of Himachal Pardesh No Office Ward Member's or any other Person in his/her blood relation cannot be vendor in same Gram Panchayat

(vendor)
Panchayat Secretary
Gram Panchayat, GHORPITH, Dev. Block Baijnath (Kangra) H.P.

तंबाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य: डीसी

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा जिले में सिगरेट, बीड़ी एवं अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने वाले खुदरा व्यापारियों के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने सभी उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं नगर परिषद/नगर पंचायतों के कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद बेचने वाले सभी दुकानदारों के पास 15 सितंबर 2025 तक वैध पंजीकरण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि समयसीमा के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। 15 सितंबर के बाद बिना पंजीकरण प्रमाण पत्र तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। इसमें तीन माह तक की कैद, 50 हजार रुपए तक जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। दूसरी बार या बाद के उल्लंघन पर कारावास एक वर्ष तक और जुर्माना एक लाख रुपये तक बढ़ सकता है। वहीं, खुली बीड़ी-सिगरेट की बिक्री पर पहले अपराध के लिए 10 हजार और बाद में 15 हजार रुपये तक जुर्माना तय है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नियमों का सख्ती से पालन कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

पक्के घर का इंतजार एडीएम ने दिया प्राथमिकता का भरोसा

अनंत ज्ञान, चंबा। विकास खंड चंबा की ग्राम पंचायत द्रडडा के निवासी शाम लाल पुत्र अशोक कुमार पिछले 4-5 वर्षों से पक्के घर के निर्माण के लिए सरकारी मदद की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कई बार विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने और अधिकारियों से निवेदन करने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिल पाया।

मंगलवार को उन्होंने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) चंबा अमित मेहरा से मुलाकात की, जहां ए.डी.एम. ने मामले को प्राथमिकता से निपटाने का आश्वासन दिया।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, प्रवीन कुमार पुत्र बालक राम निवासी गांव व डाकघर खुराहल तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम परवीन कुमार (PARVEEN KUMAR) दर्ज है। मेरे हिमाचली प्रमाण पत्र और शैक्षणिक दस्तावेज के अनुसार मेरा सही और वास्तविक नाम प्रवीन कुमार (PRAVEEN KUMAR) है। सभी संबंधित नोट करें।

Tender Notice
Municipal Corporation Palampur (H.P.)

No-2 MCorp/Palmp/2025- Dated...............

Sealed Item rate tenders are here by invited on behalf of Municipal Corporation Palampur for the Execution of following works from the approved and eligible contractor/supplier, so as to reach in this office on or before 30.08.2025 up to 3.00 P. M. and will be opened day at 3.30 P.M. issued from this office against Cash Payment from shown against the work on any working day 28.08.2025 from 11.00 A.M. to 4.00 P.M. No Tender form will be issued to any contractor after 4:00 PM.

S. N.	Name of Work	Estimated Cost Rs.	Earnest Money Rs.	Tender form Cost	Completion Period
1	Finish work of Geeta mahila Mandal in W.No 1 Lohna MC Palampur.	157130.00	3000.00	300+18%GST	3 Month
2.	C/O Drains and Planter in Housing Board colony in W.No. 1 Lohna MC Palampur	436620.00	9000.00	300+18%GST	3 Month
3.	P/f railing to Childern Park in Housing Board colony in Ward No 01 lohna MC Palampur	194270.00	4000.00	300+18%GST	3 Month
4.	P/l paver Block to h/o Mehta house to Gupta house in ward No 07 MC Palampur	342470.00	7000.00	300+18%GST	3 Month
5.	P/l paver Block near Kali Mata mandir in Ward no 05 Sughar MC Palampur	240520.00	5000.00	300+18%GST	3 Month
6.	P/l paver block from main road to Mona Enterprises and near Churaha in Ward No 06 Ghuggar Khildu MC Palampur	438770.00	9000.00	300+18%GST	3 Month

The Tender should accompany earnest money shown against each work which should be in the shape of Cash/National saving certificate/saving bank account of any post office in (H.P) duly pledged in favor of Commissioner, Municipal Corporation Palampur (HP). The conditional tenders and the tenders without earnest money shall be subject to summary rejection. The Under-signed reserve the right to reject any/all the tenders without assigning any reason. The offer of the tender will remain valid for 90 days from the opening of tender.

Sd/-
Commissioner
Municipal Corporation
Palampur (HP)

सूडोकू नवताल- 7520

***** कठिन

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -7519 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

अनंत ज्ञान

आज का पंचांग

बुधवार, 13 अगस्त 2025

विक्रमी संवत: 2082, **शक संवत:** 1947 (विश्वासवसु), **मास:** भाद्रपद, **तिथि** चतुर्थी (06:36) : **नक्षत्र** उत्तरभाद्रपदा (10:23), **पक्ष:** कृष्ण, **योग:** धृति (16:01), **शुभ मुहूर्त:** अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:25-14:03)।

विशेष दिन

- 13 अगस्त 2025: नाग पंचमी आज।
- 13 अगस्त रक्षा पंचमी आज।
- 13 अगस्त गोगा पंचमी आज।

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

मेष: योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ होगा।

वृष: व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

मिथुन: लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

कर्क: सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी।

सिंह: अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

कन्या: आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

तुला: कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक: मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

धनु: कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

मकर: भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी।

कुंभ: जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी।

मीन: मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

यह कभी मत कहो कि 'मैं नहीं कर सकता', क्योंकि आप अनंत हैं। -स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

प्रदूषण बनाम राहत

दिल्ली-एनसीआर में दस साल पुराने डीजल और पंद्रह साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर लगे प्रतिबंध के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। यह फैसला लाखों वाहन मालिकों के लिए तत्काल राहत का कारण बना है, क्योंकि अब अगले चार हफ्तों तक केवल वाहन की उम्र के आधार पर किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन असली सवाल यह है कि यह राहत स्थायी होगी या अस्थायी? और इससे भी महत्वपूर्ण-क्या यह कदम पर्यावरण के हितों के साथ समझौता तो नहीं है? दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लंबे समय से चिंताजनक है। 2015 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने आदेश दिया कि राजधानी और इसके आसपास के क्षेत्रों में पुराने वाहनों का संचालन वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है। इसीलिए 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर बैन लगाया गया। एनजीटी का तर्क था कि पुराने वाहन नई तकनीक वाले वाहनों की तुलना में कई गुना ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं और इनसे निकलने वाला धुआं, जिसमें कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व होते हैं, जो सीधे लोगों के फेफड़ों और हृदय पर असर डालते हैं। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने इस बैन को बरकरार रखा और इसे लागू करना अनिवार्य कर दिया।

इसके बाद दिल्ली सरकार ने इसे कठोरता से लागू किया, हालांकि, कई लोग मानते थे कि इस फैसले में लचीलापन होना चाहिए। मौजूदा दिल्ली सरकार ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में इस प्रतिबंध को चुनौती दी। उसका तर्क था कि इन नियमों का कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं है और कई वाहन मालिक अपने वाहन का सीमित उपयोग करते हैं-जैसे रोजाना घर से दफ्तर तक का छोटा सफर, जिससे साल में मुश्किल से 2,000 किलोमीटर ही वाहन चलता है। ऐसे मामलों में वाहन से निकलने वाला प्रदूषण बेहद कम होता है, फिर भी उसे दस या पंद्रह साल पूरे होने पर जबरन बेचना पड़ता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील दी कि ऐसे मामलों में एक समान नियम लागू करना अनुचित है। कोर्ट ने फिलहाल प्रतिबंध पर रोक लगाकर कहा कि अगली सुनवाई तक इस आधार पर किसी भी वाहन मालिक पर कार्रवाई न की जाए।

यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम तात्कालिक सुविधा के लिए दीर्घकालिक पर्यावरणीय हितों की अनदेखी कर सकते हैं? दिल्ली में प्रदूषण के आंकड़े खतरनाक हद तक पहुंच चुके हैं। सर्दियों में हवा की गुणवत्ता अक्सर 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच जाती है, जिससे सांस लेने में दिक्कत, अस्थमा के मामले बढ़ना, आंखों में जलन और लंबे समय में फेफड़ों की क्षमता में कमी जैसी स्वास्थ्य समस्याएं सामने आती हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, भारत में वायु प्रदूषण हर साल लाखों असमय मौतों का कारण बनता है। पुराने वाहन विशेष रूप से डीजल इंजन वाले वाहन प्रदूषण के बड़े स्रोत हैं। उनकी तकनीक पुरानी होती है, इंजन का क्षरण ज्यादा होता है और ईंधन दहन अधूरा होने से अधिक धुआं निकलता है।

अगर हम इन्हें सिर्फ इसीलिए सड़कों पर बनाए रखते हैं कि मालिकों को आर्थिक नुकसान न हो, तो हम वास्तव में अपने और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के साथ समझौता कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि इस समस्या का संतुलित समाधान क्या हो सकता है? सबसे पहले तो फिटनेस टेस्ट आधारित अनुमति देनी होगी। केवल वाहन की उम्र के आधार पर प्रतिबंध लगाने की बजाय प्रत्येक पुराने वाहन का अनिवार्य प्रदूषण और फिटनेस टेस्ट होना चाहिए।

जो वाहन उत्सर्जन मानकों पर खरे उतरते हैं, उन्हें सीमित समय के लिए अनुमति दी जा सकती है। पुराने वाहनों के लिए स्क्रैपेज नीति का प्रोत्साहन देना चाहिए। सरकार को स्क्रैपेज पॉलिसी के तहत पुराने वाहन देने वालों को नई गाड़ियों पर टैक्स छूट, लोन में रियायत या एक्सचेंज बोनस देना चाहिए। इससे लोग स्वेच्छा से पुराने वाहन हटाने के लिए प्रेरित होंगे। दिल्ली और एनसीआर में मेट्रो और बस नेटवर्क को इतना सशक्त बनाया जाए कि निजी वाहन की आवश्यकता कम हो। इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के लिए सब्सिडी और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से बढ़ाया जाए, ताकि लोग प्रदूषण मुक्त विकल्प अपनाएं।

इस समय जो राहत मिली है, वह केवल कानूनी तौर पर है। इसका अर्थ यह नहीं कि पुराने वाहन अब प्रदूषण नहीं फैलाएंगे, बल्कि अगर यह रोक लंबे समय के लिए लागू हो गई, तो प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में एक बड़ा कदम पीछे हट जाएगा। दिल्ली के लोग पहले ही जहरीली हवा का सामना कर रहे हैं। इसमें थोड़ी भी ढील का मतलब है हवा में और जहर मिलना। यह सही है कि कुछ वाहन मालिकों पर यह नियम कठोर साबित होता है, खासकर उन पर जिनके वाहन कम चलते हैं, लेकिन व्यक्तिगत सुविधा और सामूहिक भलाई के बीच संतुलन बनाना होगा। जब पर्यावरण संकट इतना गहरा हो, तो नियमों में लचीलापन भी सावधानी से और वैज्ञानिक मानकों के आधार पर ही दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला फिलहाल राहत देता है, लेकिन इसे स्थायी बनाना पर्यावरण के लिहाज से खतरनाक होगा। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री

श्रीदेवी भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक थीं। वह सिनेमा की दुनिया में श्रीदेवी के नाम से प्रख्यात रहीं। श्रीदेवी ने हिंदी फिल्मों के अलावा तमिल, मलयालम, तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने अपने सिने करियर की शुरुआत 1979 में फिल्म 'सोलवां सावन' से की थी, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में सही पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म के बाद वह हिंदी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्रियों में शुमार हो गईं। उन्हें तीन बार फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था। 2013 में श्रीदेवी को भारत सरकार की ओर से पद्मश्री सम्मान से भी नवाजा गया। श्रीदेवी का जन्म तमिलनाडु में हुआ था। उनके पिता अय्यपन हैं-जो कि एक वकील हैं। उनकी मां का नाम राजेश्वरी है। उनकी एक बहन और दो सौतेले भाई हैं। बहन का नाम-श्रीलता और भाइयों के नाम आनंद और सतीश हैं। उनका विवाह निर्देशक बोनी कपूर के साथ हुआ था। उनकी दो बेटियां जाह्नवी और खुशी हैं। श्रीदेवी का निधन दिल का दौरा पड़ने के कारण दुबई में हुआ। वे दुबई अपने भतीजे के विवाह में शामिल होने पहुंची थीं। ■

श्रीदेवी
जन्म : 13 अगस्त, 1963
मृत्यु : 24 फरवरी, 2018

कविता: बेटा-बेटी एक समान

रवि कुमार, मैहरी काथला, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

बेटा-बेटी एक समान, बेटी पढ़े, दो परिवार पढ़े।
कह गए महापुरुष महान,
समुचित विचारों से ओत-प्रोत,
सुकन्या ने किया रोजगार कार्यालय प्रस्थान,
दुर्गम क्षेत्र की मेधावी मैट्रिक में रही थी प्रथम स्थान,
उत्सुक थी दर्ज कराने अपना नाम।
काउंटर से फार्म लेकर किया भरने का ध्यान,
जल्दी-जल्दी सोच समझकर भर डाले अधिकतर स्थान।
कॉलम पता स्थायी आते ही भंग हो गया ध्यान,
माथा ठनका, आखिर हूं मैं भी मनुसंतान।
आखिर क्यों नहीं मेरा पता स्थायी,
सोचते-सोचते आंखें भर आईं,
वह जान चुकी थी कि आखिर,
क्यों कहलाती बेटियां पराई, आखिर क्या बला है पता स्थायी।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

जिन्ना ने किया था पाकिस्तान के वजूद पर अफसोस का इजहार



14 अगस्त विभाजन विभीषिका दिवस पर विशेष

प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा। हालांकि, इस दिन को पाकिस्तान अपना कौम-ए-आजादी मनाता है, लेकिन हकीकत यह है कि पाकिस्तान के संस्थापक और प्रथम गर्वनर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना को अपनी जिंदगी के आखिरी दिनों में एहसास हो गया था कि मजहब के नाम पर पाकिस्तान को वजूद में लाना उसकी जिंदगी की भयंकर भूल थी। हिंदोस्तान के विभाजन का गुनहगार जिन्ना सन् 1948 के दौर में जब जीने की हसरत को लेकर बीमारी से जूझ रहा था उस वक्त पाक सेना का डॉक्टर 'कर्नल इलाही बख्श' जिन्ना के इलाज में मशरूफ था।

जिन्ना ने मायूस होकर इलाही बख्श से फरमाया था कि 'डॉक्टर पाकिस्तान बनाना मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल थी'। जिन्ना के उन अल्फाज को इलाही बख्श ने अपनी किताब 'कायद-ए-आजम के साथ उनके आखिरी दिनों में' लिखा था, मगर इलाही बख्श द्वारा जिन्ना की उस तहरीर को जब पाकिस्तान के लेखकों ने अपनी किताबों में तथा सहाफियों ने अखबारों में दर्ज करके जिन्ना के दर्द को बेनकाब किया तो पाकिस्तान के हुक्मरानों ने इलाही बख्श के उस खुलासे पर जिक्र करने या लिखने को अपराध करार दे दिया था। हालांकि, मोहम्मद अली जिन्ना की बहन 'फातिमा जिन्ना' 'मादर-ए-मिल्लत' ने भी सन् 1955 में अपनी किताब 'माई ब्रदर' में लिखा था कि पाकिस्तान के पहले वजीर-ए-आजम 'लियाकत अली खान' से किसी बात पर रंजीदा होकर जिन्ना ने अपनी उसी तहरीर को दोहराया था कि पाकिस्तान मैंने बनाया है, मगर यह मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल है।

आखिर पाकिस्तान बनाने की भूल को अपने जहन में लेकर मोहम्मद अली जिन्ना 11 सितंबर 1948 को फौत हो गया, लेकिन भारत विभाजन तथा पाकिस्तान की तखलीक में जिन्ना का साथ देने वाले कई सियासी तथा मजहबी रहनुमाओं को भी एहसास हो गया था कि मजहब की बुनियाद पर पाकिस्तान बनाना जिन्ना की भूल थी। 'चौधरी रहमत अली' ने जनवरी 1933 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय से प्रकाशित अपनी पंफ्लेट 'नाऊ एंड नेवर' में 'पाकिस्तान' लफ्ज का जिक्र करके उसमें पाकिस्तान का नक्शा भी उकेर दिया था। रहमत अली ने सन् 1934 में पाकिस्तान का मश्विरा मोहम्मद अली जिन्ना को दिया, मगर भारत विभाजन में जिन्ना की कारकर्दगी से रहमत अली इस कदर बरहम हुआ कि जिन्ना को 'कायद-ए-आजम' के बजाए 'गद्दार ए आजम' कह दिया।

नतीजतन पाक के वजीर-ए-आजम 'लियाकत अली' की हुकूमत ने रहमत अली की संपत्ति छीनकर उन्हें पाकिस्तान छोड़ने का फरमान जारी कर दिया। चौधरी रहमत अली तीन फरवरी 1951 को ब्रिटेन में फौत हो गया। 'बान-ए-तहरीक-ए-पाकिस्तान, खालिक-ए-लफ्ज पाकिस्तान' ये अल्फाज कैंब्रिज में रहमत अली की कब्र पर अंकित हैं। अर्थात् पाकिस्तान तहरीक के संस्थापक व पाकिस्तान लफ्ज के मुसन्निफा, लेकिन रहमत अली के ताबूत को पाकिस्तान में कब्रिस्तान नसीब नहीं हुआ। मय्यत को कंधा देने कोई पाकिस्तानी नहीं गया। पश्चिमी बंगाल से ताल्लुक रखने वाला 'जोगिंद्र नाथ मंडल' अविभाजित हिंदोस्तान के दौर में मुस्लिम लीग के सदस्य था।

उस मोहतरम ने भारत के विभाजन में अपना शिद्दत भरा किरदार अदा किया तथा जातिवाद की पुरजोर पैरवी करके असम राज्य के सिलहट क्षेत्र को पूर्वी पाक का हिस्सा बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। सिलहट अब बांग्लादेश में मौजूद है। जोगिंद्र नाथ मंडल दलित व पिछड़े वर्ग का रहनुमां बनकर पाकिस्तान चला गया था। जिन्ना ने जोगिंद्र नाथ मंडल को पाक हुकूमत की काबीना में 'कानून व श्रम' मंत्री नियुक्त कर दिया, मगर वजूद में आते ही पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाए के लोगों पर मजहब के नाम पर तशद्दुद का दौर शुरू हो गया था। कत्लोगारत के उस खौफनाक मंजर से जब पाकिस्तान का धर्मनिरपेक्ष चेहरा बेनकाब हुआ तो पाक में भाईचारे के पैरोकार बने जोगिंद्र मंडल ने वजीर-ए-आजम 'लियाकत अली खान' को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

पाकिस्तान के मजहबी जुनून के आगे बेबस होकर जोगिंद्र नाथ मंडल को दोबारा भारत भूमि पर ही शरण लेनी पड़ी थी। पाकिस्तान के पहले वजीर-ए-आजम लियाकत अली खान को 16 अक्तूबर 1951 को रावलपिंडी में गोली मारकर हलाक कर दिया गया था। सन् 1940 में पाकिस्तान की पुरजोर हिमायत करने वाले अहमदिया रहनुमा 'चौधरी मोहम्मद जफरूल्ला' पाक के पहले विदेश मंत्री बने तथा अक्वाम-ए-मुत्तहिदा में पाकिस्तान की पैरवी करके भारत की मुखालफत करते रहे। सन् 1953 की अहमदिया तहरीक से उपजे लाहौर दंगों के बाद पाक हुकूमत ने जफरूल्ला को पद से हटा दिया था। अहमदिया होने के कारण जफरूल्ला हमेशा जलील होते रहे। अहमदिया समुदाए के रहनुमां 'मिर्जा बशीरूद्दीन महमूद अहमद' ने अहमदिया समुदाय के युवाओं के जिहादी दस्ते 'फुरकान फोर्स' का गठन करके सन् 1947 में कश्मीर के महाज पर भारत के खिलाफ जंग के लिए भेजा था, लेकिन जुल्फिकार अली भुट्टो की हुकूमत ने जब सन् 1974 में अहमदियों को गैर मुस्लिम घोषित कर दिया तो अहमदिया समुदाय ने भी पाकिस्तान के वजूद पर अफसोस जाहिर किया था जो कि बदस्तूर जारी है।

भौतिक विज्ञानी 'डॉक्टर अब्दुस सलाम' सन् 1979 में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले प्रथम पाकिस्तानी नागरिक थे। अब्दुस सलाम ने सन् 1970 के दशक में पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के लिए भी अपना किरदार अदा किया था, मगर अब्दुस सलाम के नोबेल पुरस्कार की उपलब्धि का पाकिस्तान में कोई जश्न नहीं मनाया गया। मगर जिन्ना जिस नियत व नीति का मुस्तहिक था। जिन्ना के वही अमाल आखिर में उससे मिलने आए थे। जिन्ना ने पाकिस्तान के वजूद पर अफसोस किया था तो इस बात पर हैरानगी नहीं होनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

देवभूमि हिमाचल प्रदेश में एक तो बारिश ने अपना कढ़ा कहर दिखाया, जिसमें बहुत से लोग बेघर हो गए और पता नहीं कितनों की जीवन लीला खत्म हो गई, लेकिन अब ऊपर से एक और बीमारी ने लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में स्क्रब टाइफस बीमारी से कुछ लोगों के खत्म होने की खबर सामने आई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जनता से खुद सतर्क रहने की अपील की है, क्योंकि गांवों में इस बीमारी का खतरा बहुत अधिक नजर आ रहा है, इसलिए लोगों को अपने घरों व पशुशालाओं के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखनी की जरूरत है। सही समय पर और सही उपचार से इस बीमारी से काफी हद तक राहत पाई जा सकती है। लोगों को इस बीमारी के बारे में अधिक से अधिक जागरूक रहने की अति आवश्यकता है, ताकि इस बीमारी की सही समय पर सही रोकथाम हो सके।

कमलेश कुमार, चंबा

नजरिया

दरकते पहाड़ : देवभूमि हिमाचल को बचाने की करें पुकार

डॉ. अंकिता चौधरी
एसोसिएट प्रोफेसर, अभिलाषी विवि

वर्षा सामान्य से अधिक हुई है, इसमें कोई दो राय नहीं, पर संदेह इस बात में भी नहीं कि हमने मैदानों वाली सभी सुविधाओं की आकांशा इन खूबसूरत हरी-भरी घाटियों में भी चाही है। अफसोस, वो इन सीना ताने पहाड़ों पर संभव नहीं। अतिक्रमण, अवैज्ञानिक खनन और चित्र खिंचवाने तक सीमित कागजी पौधरोपण विचार करने योग्य सभी बिंदु हैं। पहाड़ों की बात की जाए, तो क्या लगता है आपको क्या वास्तव में पहाड़ एवम यहां विराजमान देवी-देवता हमसे रुष्ट हो गए हैं? क्या हमारी चीख पुकार उनके कानों तक नहीं पहुंच पा रही है?

प्रति उत्तर में आवाज आएगी, नहीं ऐसा बिलकुल भी नहीं है भला मनुष्य से हमारी कैसी नाराजगी। बस हम अब निढाल हो रहे हैं, ताकत नहीं रही हमारे अंदर कि हम और कांट-छांट बर्दास्त कर सकें। थक गए मशीनों के शोर से हम। मनुष्य को जरा भी दया न आती, जब वो हमारी छाती पर मशीन चला हमारा हृदय जार-जार करता है। जब दर्द बर्दाश्त के बाहर चला जाता, तो हम गश खाकर गिर जाते हैं। हमें क्या पता कि हम पशु पक्षियों पर गिरे या मनुष्य पर। गिरते ही हमें दोषी करार दे दिया जाता है। हमारा रुदन हमारा विलाप कौन सुनेगा? पर्वत वो सबसे ऊंचा हम साया आसमान का, वो संतरी हमारा, वो पासबा हमारा, मनुष्य की बेलगाम इच्छाओं ने हमें शिथिल कर दिया है किसे कहें आप बीती कौन हमें संभालेगा।

हमारे ही पांच तत्वों से बना मनुष्य, आज हमारी ही भाषा समझने में असमर्थ हो गया, कैसी यह विडंबना है, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास विश्व स्तरीय अभियंता होते हैं, परंतु फिर भी नब्बे डिग्री के कोण पर पहाड़ों को काटकर वह कौन सी प्रतिभा दिखा रहे हैं, ये सोचने का विषय हैं और उन पहाड़ों पर खड़े पेड़ों की जड़ें लटकी हुई विलाप कर रही हैं, पीड़ा से। उनका मर्म कौन समझेगा?। विकास अनिवार्य है ऐसा मनुष्य को लगता है।

हिमाचल को एक नए आयाम देना खुशी की बात है, हर घर तक सड़क पहुंचाना इसमें भी कोई बुराई नहीं है, परंतु विकास के नाम पर अवैज्ञानिक तरीके से कटाई कर सड़कें बनाना, तो ऐसा हो गया जैसे कोई नौसिखिया सर्जन बिना सोचे समझे दिल तक जाने वाली धमनियों को काट दे और कहे कि ऑपरेशन सक्सेसफुल हो गया, ये सब सुनकर हंसी आती है। हिमाचल से पूछे कोई कि वह क्या चाहता है। देवभूमि कभी न चाहेगी कि उसकी सुंदरता को विकास की भट्टी में झोंका जाए। बेहद चौड़ी सड़कें बनाते-बनाते कब हम पाषाण युग में पहुंच जाएंगे पता ही न चलेगा। कल-कल बहती नदियां,बर्फ से ढके हिमालय और देवदार के खूबसूरत पेड़ जब झूम-झूमकर पर्यटकों का स्वागत करते हैं, तो दृश्य अंतर्मन पर गहराई में उतर जाता है। भागमभाग भरी जिंदगी से भागकर जब मनुष्य पहाड़ों की ओर रुख कर प्रकृति की गोद में सिर रखकर नींद के आगोश में जाता है, तो स्वयं को वह खुद के नजदीक पाता है और एहसास होता है कि पांच तत्व जो मेरे अंदर विराजमान हैं, इसी प्रकृति की देन हैं। कितनी दयालु है ये जिसने मेरे रूप रंग को गढ़ा और इस पृथ्वी पर मुझे आनंद लेने का मौका दिया और जीवन में आने का परम उदेश्य क्या है इसके लिए भी पूरी व्यवस्था की।

नदियों की कल-कल की ध्वनि अनगिनत नाद बजाकर हमें सुखद अनुभूति देती है और साथ ही मनुष्य के जख्मों पर मरहम लगाकर कहती है मेरा अतिक्रमण कर भवन बनाना होटलों का निर्माण करना उचित नहीं। मैं शांत हूं मुझे शांत ही रहने दो। मत मेरे संगीत को शोर में बदलने दो। हिमाचल की भूमि पर इस बरसात जो हुआ वह पीड़ादायक है पर अपराध किया है तो सजा भी तो मिलेगी। क्राइम एंड पनिशमेंट की थ्योरी साथ ही चलेगी। मनुष्य से अपील करता है हिमाचल कि हमारा अतिक्रमण बंद किया जाए, ऐसी तरक्की चौड़ी सड़कें शहर जैसे गांव चाहिए, तो यहां रहने की आवश्कता नहीं। हिमचल में आना है तो कहीं संकरे मार्ग तो कहीं पगडंडी ही सहारा बन स्वर्ग की अनुभूति कराएगी। पहाड़ बोलते हैं आवाज सुनने वाला चाहिए, भगवान् श्रीकृष्ण ने गोवर्धन उठाकर यही संदेश सर्वप्रथम दिया है। इस पर विचार करें कि कैसे इसका संरक्षण किया जाए।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

देवभूमि में लगातार बढ़ते अपराध और गिरती नैतिकता चिंताजनक

सिकंदर बंसल शिक्षाविद्
रामपुर बुशैहर

अपराध का बीज सबसे पहले मन में पनपता है, हाथ तो बस उसका साधन बनते हैं। यह किसी की गरीबी, अशिक्षा या मजबूरी तक सीमित नहीं—जब नैतिकता का पतन होता है, तब पढ़ा-लिखा और सभ्य दिखने वाला व्यक्ति भी हिंसा और छल की राह पकड़ सकता है। कई बार अपराध की जड़ें इतने शांत और पवित्र स्थानों में भी फैल जाती हैं, जहां इसकी कल्पना तक नहीं की जाती। यह चिंता तब और गहरी हो जाती है जब 'देवभूमि' के नाम से जानी जाने वाली हिमाचल की पवित्र छवि को ऐसे अपराध कलंकित करने लगें। शिमला, जिसे हिमाचल का शांत, सुरक्षित और अनुशासित नगर माना जाता है, अब उन अपराधों से अछूता नहीं रहा जो पहले केवल बड़े शहरों में सुने जाते थे।

हाल ही में शिमला के प्रतिष्ठित बिशप कॉटन स्कूल में छठी कक्षा के तीन विद्यार्थियों का अपहरण किसी अशिक्षित अपराधी ने नहीं, बल्कि पढ़ा-लिखा युवक ने किया। आरोपी खुद इसी स्कूल का पूर्व छात्र था, जिसने बच्चों के साथ अपने पुराने परिचय का लाभ उठाया और उन्हें बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। हथियार दिखाकर उन्हें कोकुनाला क्षेत्र तक ले जाने में वह सफल हो गया, लेकिन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चौबीस घंटे के भीतर ड्रोन, तकनीकी टीम और तीन सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज के सहारे बच्चों को सुरक्षित बचा लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

यह घटना बताती है कि शिक्षित समाज भी अपराध की छाया से मुक्त नहीं है और इसके पीछे के कारण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और नैतिक पतन से जुड़े हैं। यह घटना हिमाचल के इतिहास में पहली बार नहीं है जब किसी बच्चे के अपहरण ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया हो।

वर्ष 2014 में चार वर्षीय युग गुप्ता का अपहरण और हत्या आज भी एक दर्दनाक स्मृति की तरह लोगों के मन में जीवित है। शिमला के राम बाजार से अपहरण के बाद उससे फिरौती की मांग की गई और दो साल बाद उसकी लाश नगर निगम के एक जल टैंक से बरामद हुई। इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों को अदालत ने मृत्युदंड सुनाया, जिसे 'अत्यंत दुर्लभ' मामलों में गिना गया। इस मामले ने साफ कर दिया कि अपराध केवल बड़े शहरों या अपराध-प्रवृत्ति वाले इलाकों तक सीमित नहीं, बल्कि कहीं भी, कभी भी और किसी के भी साथ घट सकता है।

हाल ही में कुल्लू जिले के निरमंड के जगतखाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की एक छात्रा को अपहरण की कोशिश से बचाया गया। आरोपी युवक उसे झूठे बहाने से ले जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सतर्कता और पुलिस की तुरंत कार्रवाई से वह सुरक्षित लौट पाई।

सिरमौर जिले के माजरा थाना क्षेत्र में भी एक नाबालिग लड़की के कथित अपहरण को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव और झड़प हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए। इसी तरह हिमाचल से दो नाबालिग बहनों को बहला-फुसलाकर उत्तर प्रदेश के अमरोहा ले जाया गया, जहां उन्हें बंधक बनाकर रखा गया और शोषण किया गया। इन अपराधों के पीछे कई परतें छिपी हैं। पहली, शिक्षा का अपूर्ण स्वरूप—हम बच्चों को विज्ञान, गणित और भाषाएं तो सिखाते हैं, लेकिन नैतिक शिक्षा, आत्मसंयम और सहानुभूति के संस्कार पर बहुत कम ध्यान देते हैं। दूसरी, दृश्य माध्यमों का प्रभाव—आज के युवा अपराध-आधारित धारावाहिकों और नाटकों के संपर्क में हैं। 'क्राइम पेट्रोल' और 'सावधान इंडिया' जैसे कार्यक्रम अपराध को रोकने का संदेश देते हैं, लेकिन इनके नाटकीय और आकर्षक प्रस्तुतीकरण से कमजोर मानसिकता वाले लोग अपराध करने की तकनीक और साहस सीख सकते हैं। तीसरी, भौतिक लालसा और तुरंत सफलता की चाह—समाज में प्रतिष्ठा और धन को ही सफलता का पैमाना मान लेने से मेहनत और नैतिक मार्ग से हटकर आसान और गलत रास्तों को अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इनके अलावा, हिमाचल में बढ़ता नशा भी अपराध की जमीन तैयार कर रहा है। कई मामलों में देखा गया है कि अपराधी नशे के आदी होते हैं या नशे के कारोबार में लिप्त रहते हैं।

चरस, अफीम और कृत्रिम नशीले पदार्थों का फैलाव न केवल युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य को निगल रहा है, बल्कि उनके सोचने-समझने की क्षमता को भी खत्म कर रहा है। नशे के प्रभाव में लिए गए गलत निर्णय और हिंसक प्रवृत्ति कई बार ऐसे अपराधों का कारण बन जाते हैं, जिनका अंजाम बेहद भयावह होता है। 'देवभूमि' की छवि को सबसे ज्यादा खतरा इसी नशे के जाल से है, जो धीरे-धीरे युवाओं को अपने शिकंजे में कस रहा है।

शिक्षा व्यवस्था में एक और गंभीर पहलू सामने आता है—अपराध तब और बढ़ते हैं जब शिक्षक के हाथ से अनुशासन की छड़ी छीन ली जाती है। जब बच्चों को सही-गलत का स्पष्ट बोध कराने में शिक्षक डरने लगें, जब अनुशासन को सख्ती और बच्चों को समझाने को 'दंड' मान लिया जाए, तब शिक्षा से डर और आदर दोनों खत्म हो जाते हैं। यह स्थिति बच्चों में मनमानी और लापरवाही को बढ़ावा देती है, जो आगे चलकर गंभीर अपराधों में भी बदल सकती है। अगर हमने समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो 'देवभूमि' की पवित्र पहचान अपराध, नशे और नैतिक पतन की गूंज में खो जाएगी। यह केवल कानून और पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है कि वह अपने बच्चों के लिए ऐसा माहौल बनाए जहां वे न केवल अच्छे विद्यार्थी, बल्कि अच्छे इंसान भी बनें। नैतिकता की गहरी जड़ें ही वह सुरक्षा कवच हैं, जिनके रहते अपराध का बीज मन में पनप ही नहीं सकता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

सराज, थुनाग, धराली जैसी पुनरावृत्ति न हो, पहाड़ी सुनियोजन जरूरी

डॉ. रवींद्र कुमार ठाकुर
कोट छाड़लू, बिलासपुर

हर वर्ष गर्क होते पहाड़ों, गर्त में समाते लोगों के लिए कौन उत्तरदायी है? वह कौन से कारक हैं, जिनके कारण यह सब हो रहा है! इन कारकों में पहाड़ों और वनों का अवैध खनन, कटान, अवैध अतिक्रमण, सड़क, जल विद्युत परियोजनाओं को मानकों और नियमों के अनुसार लागू नहीं करवाना, यानी भ्रष्टाचार। इन सब के पीछे कौन?

मानव ही है। हम जिन आपदाओं को प्राकृतिक कहते हैं, वास्तव में यह सारी आपदाएं मानव निर्मित हैं सिवाय भूकंप के। चाहे यह ग्लोबल वार्मिंग के कारण, अतिवृष्टि, सूखा, भूस्खलन तूफान, बाढ़, पहाड़ों-ग्लेशियरों का दरकना अधिकांश के लिए मनुष्य ही जिम्मेदार है। जब मनुष्य की नियत ही ठीक न हो। तो प्रकृति जिसे हम, दूसरे शब्दों में भगवान कहते हैं। उसे दोष क्यों दें? मानव प्रतिदिन धरती मां को शोषित व चोट पहुंचा कर। अपने अस्तित्व को मिटाने के लिए लगा हुआ है।

पिछले कुछ वर्षों में हमने प्रकृति से इतनी छेड़छाड़ व अवैज्ञानिक दोहन कर दिया है कि अपने सुखों के लिए भावी पीढ़ी के सभी संसाधनों को प्रदूषित व नष्ट कर दिया है। इसके लिए कोई और उत्तरदायी नहीं, हम सभी हैं। जो हुआ है, उसे पाया तो नहीं जा सकता, लेकिन जो गलतियां अब तक हुई हैं। उनको दोहराया न जाए और ऐसी गलती करने वालों को ऐसे दंड के विधान का प्रावधान किया जाए कि उस दंड के बारे सोच कर ही रूह कांप उठे, क्योंकि इन्हीं लोगों के कारण वर्तमान परिस्थितियां उत्पन्न हुई है। जिन संतानों के लिए, अवैध तरीके से धन अर्जित कर रहे हैं। उन्हीं संतानों के लिए इस स्वर्ग जैसी धरा को लूट कर नर्क बना रहे हैं। कैसे रह पाएगी इस प्रदूषित धरा पर भावी पीढ़ी? इस बात से आंखें मूंदे बैठे हैं, इस धरती माता के लुटेरे। इन्हीं के कारण भावी भारत की पीढ़ी को रुग्ण वातावरण मिलेगा, तो वो स्वस्थ कैसे होंगे। जो भ्रूण में पल रहे हैं तथा जिन्होंने जन्म लेना है। उनका इसमें क्या दोष? इन्हीं के कुकृत्यों के कारण कई काल का ग्रास बन जाते हैं। यह अपराध किसी हत्या से कम नहीं है। ऐसे अपराध के लिए फांसी की सजा से कम का प्रावधान नहीं होना चाहिए। वर्तमान और भविष्य के लिए पहाड़ों में। आवास और निर्माण विकास योजनाओं के लिए, दीर्घकालिक सुनियोजित रूप से कार्य करने की नितांत आवश्यकता है, क्योंकि बरसात आते ही लोगों के दिन-रात बेचैनी में कटने लगते हैं।

जैसे ही बादल गरजते-बरसते हैं तो लोगों की सांसे अनहोनी के डर से अटक जाती हैं। इस वर्ष की भांति सराज के थुनाग, मंडी हिमाचल प्रदेश, धराली, हर्षिल उत्तराखंड जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में यह पुनरावृत्ति हुई है। समाचार पत्रों, न्यूज़ चैनलों पर बादल फटने और पहाड़ दरकने से बस्तियों और लोगों के दफन होने के समाचार सुर्खियां बन गए हैं और लोग सहम गए हैं। प्रश्न उठता है कि भविष्य में ऐसी आपदाओं एवं दुर्घटनाओं से प्रकृति और मानवता दोनों को कैसे बचाया जाए। विकास पथ पर अग्रसर हो रहे देश में। अन्य राज्यों की भांति पहाड़ी राज्यों में भी बहुत सारी विकासशील योजनाएं, कार्यान्वित हो रही हैं। कागजों में तो इन योजनाओं को लागू करने के लिए बहुत सारे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानक और नियम बनाए होते हैं।

धरातल पर उतारने के लिए उनकी निगरानी के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी, तैनात भी होते हैं, लेकिन व्यावहारिक रूप से उनको धरातल पर उतारा नहीं जा रहा है। इसी भ्रष्टाचार की भेंट तो प्रतिवर्ष पहाड़ और लोग सिसकते हुए धराशायी हो रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों का सुनियोजन गांव स्तर तक अनिवार्य हो। इस सुनियोजन के लिए, योजना विभाग के कार्य अधिकार क्षेत्र में गांव के निजी स्तर के निर्माण कार्यों को भी लाया जाए, लेकिन कुछ अदूरदर्शी अधिकारियों और कर्मचारियों ने गरीब लोगों को यह भूमि नदी नालों के रूप में ही आबंटित कर दी। उसी भूमि पर लोगों ने अपने घर आशियाने जीवनभर की अर्जित पूंजी से बना लिए हैं। प्रतिवर्ष बरसात में ऐसे मकानों को हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में जमींदोज होते हुए देखा जा रहा है। यदि योजना विभाग इस प्रकार के निर्माण पर निगरानी रखेगा, तो भविष्य में होने वाली जान-माल की हानि पर अंकुश लगाया जा सकता है। मंडी, धराली हर्षिल जैसी भयावह आपदाओं से किसी स्तर तक बचा जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

रक्षिता ने रचनात्मकता से रची सफलता की कहानी

मंडी की बेटी ने मुंबई में बनाया फैशन की दुनिया में मुकाम, कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग में बिखेर रही जलवे

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

मंडी की बेटी रक्षिता शर्मा से
विशेष बातचीत

मंडी। मंडी की होनहार बेटी रक्षिता शर्मा ने मुंबई की चमक-दमक भरी फैशन और फिल्म इंडस्ट्री में कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हाल ही में वे दैनिक अनंत ज्ञान के विशेष कार्यक्रम 'होस्ट एंकर सीरीज' के 24वें एपिसोड में सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ संवाद कर रहीं थीं। इस संवाद में उन्होंने अपने संघर्ष, अनुभव और सफलता की प्रेरक यात्रा साझा की।

मुंबई का सफर आसान नहीं था। शुरुआती दौर में नई जगह व प्रतिस्पर्धा ने कई चुनौतियां दीं, लेकिन रक्षिता ने थिएटर प्रोडक्शंस, फैशन शो व टीवी-फिल्म प्रोजेक्ट्स में निरंतर मेहनत से खुद को साबित किया। बकौल रक्षिता, 'एक एक्टर को अपने किरदार की गहराई जाननी होती है और उस किरदार की आत्मा को उभारने का जरिया होता है कॉस्ट्यूम। इसलिए कॉस्ट्यूम डिजाइनर की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है।' रक्षिता ने बताया कि बचपन से ही उन्हें रचनात्मकता से लगाव था। मंडी की सांस्कृतिक विरासत व पारंपरिक लोक संस्कृति ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया।

संस्कृति की झलक डिजाइनों में

रक्षिता के डिजाइनों में मंडी की लोकसंस्कृति, रंगों का गहरा तालमेल और परंपरा की छाप देखने को मिलती है। यही उन्हें भीड़ से अलग बनाता है।

भविष्य के प्रोजेक्ट्स और संदेश

अंत में उन्होंने शिक्षा और जुनून की अहमियत बताते हुए कहा, 'फिल्म इंडस्ट्री में जगह बनानी है तो केवल टैलेंट नहीं, जुनून भी जरूरी है।' उन्होंने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में भी संकेत दिए जो नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं।

रक्षिता का युवाओं के लिए संदेश

रक्षिता शर्मा ने कहा कि सपनों को आकार देने के लिए रचनात्मक सोच, मेहनत और दृढ़ता जरूरी है। कॉस्ट्यूम एक फिल्म की आत्मा होता है, जो किरदार की गहराई और फिल्म की कहानी को जीवंत करता है।

जॉब ट्रेनी पॉलिसी के खिलाफ युवाओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। प्रदेश सरकार की नई जॉब ट्रेनी पॉलिसी के विरोध में जोगिंद्रनगर में युवा शक्ति के बैनर तले बेरोजगार युवाओं ने विशाल प्रदर्शन किया। नगर के मुख्य चौक पर जुटे सैकड़ों युवक-युवतियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए। उपमंडलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार विनय राशपा को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि चुनाव से पहले युवाओं को रोजगार देने के वादे किए गए, लेकिन दो साल में नई भर्तियां नहीं हुईं। अब तीसरे वर्ष में लाई गई यह पॉलिसी युवाओं के साथ धोखा है, जिसमें दो-दो बार परीक्षा देनी होगी। शिवानी, कैलाश और सुनील ने चेतावनी दी कि अगर नीति वापस नहीं ली गई तो राज्यभर में बड़े आंदोलन होंगे।

नगर परिषद उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने इसे रोजगार की राह में रुकावट बताया, जबकि अनिल और आयुष ठाकुर ने इसे बेरोजगार-विरोधी नीति करार दिया। प्रदर्शन में हेम राज, मनदीप, ममता, युवराज, काजल, चांदनी, ईशा, आशा, साहिल सहित कई युवा मौजूद रहे। सभी ने संकल्प लिया कि नीति वापस होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का एडीएम ने लिया जायजा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरकाघाट में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए।

राज्य स्तरीय 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को एडीएम मंडी डॉ. मदन लाल ने सरकाघाट स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) के मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान पवन ठाकुर भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने अधिकारियों से तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। डॉ. मदन लाल ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह के आयोजन के लिए प्रशासन बेहतरीन कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी तैयारियों को तय समय में पूरा करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

भद्रकाली मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

भीम बसेड़, अनंत ज्ञान, महादेव। भद्रकाली माता मंदिर भराड़ी में श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमयी आयोजन भागवत सेवा समिति भराड़ी एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आरंभ कर दिया गया। मंगलवार को प्रातः 10 बजे पुराण स्थापन एवं कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।18अगस्त तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कथा वाचक कथा वाचक पंडित तेजस्वी दत्त शर्मा ने कहा कि जहां बांके बिहारी की कृपा होती है वहीं पर श्रीमद्भागवत कथा की अमृत बर्षा होती है। सत्कर्म करने से ही भगवान को पाया जा सकता है। ख्यासतौर पर कथा वाचक ने संबंधित कथा सुनाने से पहले उपस्थित श्रोताओं को श्रीमद्भागवत कथा का महत्त्व समझाया।

पूर्व सीपीएस ने सड़क कार्य का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने सलापड़-तातापानी सड़क मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का सूई क्यार में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, गति और समयबद्धता को परखा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को शीघ्र, सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्रदान करना है। सोहन लाल ठाकुर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण समय पर होने से न केवल लोगों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। इस निरीक्षण में उनके साथ अधिवक्ता चुनीलाल अवस्थी सहित अन्य उपस्थित रहे।

डॉ. एसआर रंगानार्थन को किया याद

भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय महाविद्यालय मंडी, रिवालसर व पनारसा में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुस्तक प्रदर्शनियां लगाई गईं। इनमें पुस्तकालय की विभिन्न संकायों से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया और विद्यार्थियों को पुस्तक पढ़ने के प्रति जागरूक किया गया। औपचारिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं 'भारतीय पुस्तकालय के जनक' डॉ. एसआर रंगनाथन को विनम्र पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। मंडी में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रोफेसर संजीव कुमार ने की। इस मौके पर कई स्टाफ सदस्यों सहित लाइब्रेरियन रुमा देवी, चंद्र चौहान, भगवती भारद्वाज व हेमनलिनी उपस्थित रहे। उधर रिवालसर में लाइब्रेरियन खेम चंद के अनुसार पाठकों को डा. रंगानार्थन के जीवन व पुस्तकों के महत्त्व बताया गया। पनारसा में प्राचार्य डॉ. उरसेम लता ने अपने प्रेरणादायी विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। पुस्तकालयाध्यक्ष बिंदु सूर्यवंशी ने डॉ एसआर रंगनाथन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'पुस्तकालय जीवन का अभिन्न हिस्सा है और ज्ञान अर्जन का सर्वोत्तम माध्यम है।

पूर्व सैनिकों की टुकड़ी भी परेड में होगी शामिल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट की विशेष बैठक लीग के चेयरमैन कैप्टन प्यार चन्द बन्याल की अध्यक्षता में लीग कार्यलय सरकाघाट में आयोजित की गई। बैठक में सीएम और प्रशासन का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया गया, जिन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की टुकड़ी को सलामी परेड में शामिल होने की अनुमति दी। सरकाघाट व आसपास के कई पूर्व सैनिक इस सलामी परेड में शामिल होने के लिए तत्पर हैं, लेकिन अन्य सैनिकों की संख्या को मध्य नज़र रखते हुए लीग के 25 भूतपूर्व सैनिक सलामी परेड में शामिल होंगे तथा कई भूतपूर्व सैनिक और वीरनारियां इस परेड का आकर्षण होंगी। बैठक में लीग के सचिव कैप्टन बलदेव राज, सीनियर वाइस चेयरमैन, कैप्टेन हुक्कम चंद, वाइस चेयरमैन नायब सूबेदार कमलेश, कोषाध्यक्ष कैप्टन रघवीर सिंह, परेड कमांडर सूबेदार विजय कुमार (डीआई) सूबेदार लकशरी राम, हवलदार रत्न चंद, हवलदार राजकुमार, कैप्टन अनिल कुमार, सूबेदार विजय बन्याल व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज और कई वीर नारिया भी मौजूद रही।

'एड्स मुक्त हिमाचल' की दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान, रिवालसर। राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी शिमला के निर्देशानुसार सूचना, शिक्षा व संचार अभियान के तहत 'एड्स मुक्त हिमाचल' की मुहिम पर शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.अंजलि परमार ने कहा कि विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम व अभियान चलाकर 2030 तक हिमाचल को एड्स मुक्त प्रदेश बनाए जाने का लक्ष्य है कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों व स्टाफ के सदस्यों को 'एड्स मुक्त हिमाचल' अभियान पर शपथ दिलवाई।

नशे व भेदभाव से दूर रहने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। लॉर्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अप्पर भांबला में मंगलवार को रेड रिबन क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी छात्र-छात्राओं ने एड्स जागरूकता और इसकी रोकथाम के लिए शपथ ली। उन्होंने समाज में एचआईवी पीड़ितों के प्रति भेदभाव समाप्त करने और उन्हें सहयोग देने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर अक्षय कुमार, गौरव, मीनाक्षी और शगुन ठाकुर ने युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार रखे। असिस्टेंट प्रोफेसर मनोरमा देवी और चमन ठाकुर ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें नशे से दूर रहकर जिम्मेदार जीवन जीना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि नशे की लत के कारण कई युवा एचआईवी संक्रमण के शिकार हो रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ, सुरक्षित भविष्य के लिए प्रेरित करना था। आयोजन में कॉलेज स्टाफ और सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अंडर-19 की बास्केटबाल टीम का चयन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। अंडर-19 राज्य स्तरीय बास्केटबाल पुरूष वर्ग की तीन दिवसीय प्रतियोगिता जो सिरमौर जिले के पावंटा साहिब में 15 से 17 अगस्त तक खेली जाएगी के लिए मंडी जिला की टीम का चयन राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बॉयज में किया गया। चयन ट्रायल प्रभारी अशोक भुट्टो ने बताया कि चयन ट्रायल में 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें से 12 का चयन किया गया। चयनकर्ता राजू, डीपी दिनेश व चंदन कटोच रहे। चयन ट्रायल में जिला भर के खिलाड़ी पहुंचे थे जिन्हें अंतिम 12 में आने के लिए खूब पसीना बहाना पड़ा। चयननित खिलाड़ियों में दिव्यांश, लक्ष्य, गगनेश, प्रकाश, कृष ठाकुर, प्रकाश, अंकुश, किश्न, अक्षय, शिवा व आदित्य रहे। यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

सराज में शिक्षण कार्य जल्द होंगे बहाल : रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री बोले- 109 पूर्ण क्षतिग्रस्त स्कूलों के लिए प्रथम चरण में 16 करोड़ स्वीकृत, बरसात बाद शुरू होगा निर्माण कार्य

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

गोहर। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र का दौरा कर निहरी सुनाह पाठशाला, डिग्री कॉलेज लंबाथाच सहित कई क्षतिग्रस्त शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में हालिया आपदा से 523 शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 109 पूर्ण रूप से नष्ट हो गए हैं। केवल मंडी जिले में 29 संस्थान प्रभावित हैं और इनमें से 22 अकेले सराज में हैं।

आपदा प्रभावित लोगों ने बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन 109 पूर्ण क्षतिग्रस्त स्कूलों के लिए प्रथम चरण में 16 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बरसात समाप्त होते ही पुनर्निर्माण कार्य शुरू होगा, जिसके लिए हिमुडा को जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि हालिया आपदा से हिमाचल प्रदेश को लगभग 2000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, जिसमें शिक्षण संस्थानों को 30 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। लंबाथाच डिग्री कॉलेज की सुरक्षा दीवार के निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ की व्यवस्था या तो विश्व बैंक परियोजना के तहत या अगले वित्तीय वर्ष में की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भवन निर्माण के लिए स्थान चयन की संयुक्त जिम्मेदारी उपनिदेशक शिक्षा, बीडीओ और नोडल एजेंसी की होगी, ताकि भवन आपदा संभावित क्षेत्रों, नदियों और नालों से दूर बनाए जा सकें। उन्होंने कहा कि एक किलोमीटर के दायरे में स्थित पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों को निकटवर्ती सुरक्षित विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। निहरी में प्राइमरी स्कूल की कक्षाएं अब वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में लगेंगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को क्षेत्र की बंद पड़ी सड़कों की बहाली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मार्केट इंटरवेंशन स्कीम के तहत एपीएमसी द्वारा सेब की खरीद शुरू कर दी गई है। सराज क्षेत्र में 5 खरीद केंद्र खोले जा चुके हैं और अन्य स्थानों पर भी केंद्र खोलने के आदेश जारी किए गए हैं। दौरे के दौरान पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, चेतरात ठाकुर, जगदीश रेड्डी, नरेश चौहान, महेश राज, तरूण ठाकुर, गोपाल सहगल, ओम प्रकाश, निदेशक कॉलेज कॉडर डॉ. अमरजीत सिंह, निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली, एसडीएम थुनाग रमेश ठाकुर और उपनिदेशक शिक्षा यशवीर कुमार भी उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य पदोन्नति की सूची शीघ्र हो जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला मंडी का प्रतिनिधि मंडल राज्य कार्यकारिणी के मुख्य मार्गदर्शक राजेश सैनी की अगुवाई में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से सुंदरनगर में मिला। संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री के समक्ष प्रवक्ता संघ की मांगों को विस्तार पूर्वक रखा। जिसमें संघ ने यह मांग भी उठाई कि प्रधानाचार्य पदोन्नति की लिस्ट को शीघ्र अति शीघ्र जारी किया जाए। शिक्षा मंत्री ने विस्तार से हमारी मांग को सुना तथा जल्द से जल्द पदोन्नति सूची जारी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली से भी संघ के सदस्यों ने मुलाकात की तथा उनसे भी प्रधानाचार्य पदोन्नति की फाइल को जल्द से जल्द निकालने की बात कही। इस मौके पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा जिला मंडी यशवीर धीमान व उपनिदेशक इंस्पेक्शन मीना राठौर भी मौजूद रहा।

सरदार पटेल विवि मंडी में 100 फुट लंबे तिरंगे के साथ भव्य तिरंगा यात्रा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

तिरंगा यात्रा निकालते हुए एसपीयू के छात्र व अन्य।

देशभक्ति के जीवंत प्रदर्शन में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के छात्रों ने राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मंडी शहर की सड़कों पर एकता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक 100 फुट लंबे भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को लहराया गया।

यात्रा को एसपीयू मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. राजेश शर्मा के नेतृत्व में जुलूस में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, सभी स्वतंत्रता की भावना का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। यह यात्रा विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन परिसर से प्रारंभ होकर तिब्बती मार्केट बस स्टैंड वल्लभ महाविद्यालय मुख्य द्वार से पड्डल मैदान होते हुए मुख्य परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि विवि अनुदान आयोग द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत 2 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। तिरंगा यात्रा में आचार्य राजेश शर्मा, डॉ. राकेश कुमार शर्मा, डॉ. चेतन, डॉ. ममता, डॉ. नीलम, विकास कुमार सहित शोधकर्ता और छात्र उपस्थित थे।

जन्माष्टमी पर भागवत कथा में धर्म की महत्ता व भगवान के अवतारों का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। सनातन धर्म सभा मंदिर जोगिंद्रनगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर चल रही भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास राम मोहनदास रामायणी ने मंच से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जैसे मानव जीवन के चार पुरुषार्थों की गहन व्याख्या की। उन्होंने कहा कि ये चारों ही जीवन को दिशा देने वाले मूल स्तंभ हैं, लेकिन इनमें भी धर्म का स्थान सर्वोपरि है, क्योंकि धर्म ही मानव को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रामायणी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार, दुराचार और पापाचार की पराकाष्ठा हुई है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर अधर्म का अंत किया है। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की भव्य और आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसमें भगवान के बाल स्वरूप, जन्म प्रसंग और गोकुल की झलक दर्शाई गई। झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

चोलथरा की सानवी एमबीबीएस के लिए चयनित

दूसरे प्रयास में पास की नीट परीक्षा, राष्ट्रीय स्तर पर मिला 13,772वां स्थान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव दीघो की सानवी ठाकुर का चयन डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा (कांगड़ा) में एमबीबीएस के लिए हुआ है। सानवी का यह नीट में दूसरा प्रयास था। पिछले वर्ष दस जमा दो की परीक्षा के बाद अपने पहले प्रयास में वो मात्र एक अंक से एमबीबीएस की सीट में स्थान बनाने से चूक गई थी। इस वर्ष सानवी ने राष्ट्रीय स्तर पर 13,772 स्थान, हिमाचल प्रदेश में 32 रैंक और सिंगल गर्ल चाइल्ड कोटा में प्रथम स्थान हासिल किया है।

सानवी के पिता सचिन ठाकुर हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में भौतिक शास्त्र के प्रवक्ता हैं और प्रदेश के जाने माने शिक्षाविद हैं। सान्वी की माता शिल्पा अग्रवाल भी हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में रसायन विज्ञान को प्रवक्ता हैं। दादी लीला ठाकुर हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक से बतौर प्रबंधक सेवानिवृत हुई है तथा दादा स्वर्गीय सुरेश ठाकुर भी बैंक अधिकारी थे। सानवी की इस उपलब्धि पर संपूर्ण क्षेत्र में खुशी है। पंचायत प्रधान मेहर चंद, उप प्रधान विजय बनयाल, पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्या कुसुम वर्मा, गायत्री परिवार पुरोहित एवं समाज सेवी संजीव कुमार, डॉक्टर विवेक बनयाल, प्रवक्ता सुनील गुलेरिया, डॉक्टर आशीष गुलेरिया, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य संजय ठाकुर, मुख्य शिक्षक संजीव बनयाल, कर्मवीर बनेर और प्रवीण वर्मा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी।

परिवार की आठवीं डॉक्टर बनीं

उल्लेखनीय है कि अपने परिवार एवं गांव में सानवी आठवीं डॉक्टर होगी। उनके ताया डॉक्टर विवेक बन्याल जो ऑर्थो के जाने माने डॉक्टर रहे हैं, वर्तमान में टांडा मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुप्रिटेंडेंट हैं। चाचा डॉक्टर उमंग, डॉक्टर आशीष, चाची डॉक्टर रश्मि क्रमशः ऑप्थलोमोलॉजीस्ट, जनरल सर्जरी और गाइनेकोलॉजिस्ट हैं। परिवार की दो और बेटियां आईजीएमसी और चंबा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रही हैं।

देशभक्ति के नारों से गूंजा जोगिंद्रनगर व चौंतड़ा

अभिषेक, अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर। भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर व चौंतड़ा की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा और संगठनात्मक बैठकों का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक प्रकाश राणा विशेष रूप से मौजूद रहे।

जोगिंद्रनगर मंडल की बैठक किसान भवन में दोपहर 1:30 बजे मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सकलानी व जिला सचिव एवं प्रभारी रमा देवी भी शामिल हुए। बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा के साथ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसके उपरांत पठानकोट चौक से थाना चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सभी बूथों को तिरंगे झंडे वितरित किए गए। वहीं, भाजपा मंडल चौंतड़ा की ओर से फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसकी अगुवाई मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

इस अवसर पर विधायक प्रकाश राणा व जिला उपाध्यक्ष अजय सकलानी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, ग्राम केंद्र अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बूथ त्रिदेव और बूथ समितियों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मंडल रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करवाई। इस मौके पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य मेघना ठाकुर, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना शर्मा, सोनी ठाकुर और मीरा ठाकुर भी मौजूद रहीं। विधायक प्रकाश राणा ने बताया कि पीएम मोदी के हर घर तिरंगा आह्वान पर जोगिंद्रनगर विस क्षेत्र के चौंतड़ा और जोगिंद्रनगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

अभिलाषी विश्वविद्यालय ने तिरंगा रैली और विचार-विमर्श से बढ़ाया देशभक्ति का संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

देशभक्ति की उमंग से सराबोर, अभिलाषी विश्वविद्यालय ने हर घर तिरंगा मिशन के अंतर्गत परिसर में एक भव्य रैली का आयोजन किया। छात्रों, शिक्षकों व कर्मियों ने तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रगान और देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर को और महत्वपूर्ण बनाते हुए कुलपति प्रो. हरिंदर कुमार चौधरी ने विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा यूजीसी सचिव प्रो. मनीष आर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सहभागिता की।

बैठक में मिशन की पहुंच बढ़ाने, जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के माध्यम से एकता के संदेश को सशक्त बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। विवि की यह दोहरी भागीदारी—परिसर में रैली के माध्यम से और राष्ट्रीय स्तर पर यूजीसी विचार-विमर्श में देशभक्ति को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय पहलों के साथ सामंजस्य स्थापित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अभिलाषी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं और शिक्षक तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

कुलपति ने यूजीसी बैठक में की सहभागिता

इस अवसर पर विवि के समस्त शिक्षकगण, एनएसएस स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस उपलक्ष्य पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार ने बधाई दी है।

भंगरोटू के जर्जर भवन में चल रहा तहसील कल्याण अधिकारी का दफ्तर : चमन राही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बल्ह एसडीएम स्मृतिका नेगी को ज्ञापन सौंपते हुए तहसील कल्याण अधिकारी के दफ्तर की जर्जर स्थिति पर कड़ा रोष जताया। उन्होंने कहा कि सरकार का दावा है कि सभी विभागों को एक ही छत के नीचे लाया जाएगा, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने बताया कि तहसील कल्याण अधिकारी का कार्यालय वर्तमान में भंगरोटू के एक अत्यंत जर्जर भवन में चल रहा है, जहां बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी रहती है। इस मौके पर उनके साथ बडसू पंचायत के प्रधान गोविंद वर्धन भी मौजूद थे।

एसडीएम बल्ह को ज्ञापन सौंपते हुए चमन राही व अन्य।

चमन राही ने कहा कि बल्ह के मिनी सचिवालय में तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय के लिए कमरा आवंटित किया जा चुका है, लेकिन आज तक उसे खोला नहीं गया है। कमरे पर ताला लटका है और कार्यालय अब भी पुराने जर्जर भवन में ही संचालित हो रहा है। जब इस संबंध में एसडीएम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जैसे ही मिनी सचिवालय में लिफ्ट लग जाएगी, कार्यालय को वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। एसडीएम के अनुसार लिफ्ट पर लगभग 30 लाख रुपए की लागत आएगी और बजट के अभाव में कार्य रुका हुआ है। चमन राही ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द लिफ्ट लगाने के लिए बजट जारी किया जाए, ताकि कार्यालय को स्थानांतरित किया जा सके और जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो परिषद आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगी।

हिमाचलियों को सस्ती दरों पर मिले बिजली

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। विद्युत बोर्ड पेंशनर्ज फोरम सुंदरनगर इकाई की बैठक का आयोजन सुंदरनगर के सुकेत सिनेमा परिसर में प्रधान के. एस.जम्वाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सदस्यों ने हाल ही में विद्युत परिषद प्रबंधन द्वारा हाल ही में प्रस्तावित बिजली के बिलों में दी जा रही सब्सिडी को बंद करने की आड़ में बिजली की दरों को मनमाने ढंग से एकाएक कई गुना बढ़ाने का कड़ा संज्ञान लिया और इसके विरोध में जागरूकता लाने के लिए पंचायत स्तर तक जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया। बैठक को संबोधित करते हुए इकाई अध्यक्ष के एस जम्वाल, महासचिव सोहन सिंह चौहान व प्रदेश उप महासचिव जगमेल ठाकुर ने बताया कि हिमाचल में विद्युत का दोहन हमारे अपने नदी नालों से ही होता है और इसके लिए हिमाचल के गांव के किसान व आम जनता को उनके पीने के पानी के प्राकृतिक स्त्रोत, उपजाऊ जमीन एवं स्वच्छ पर्यावरण तक को कुर्बान करना पड़ता है। हिमाचल सरकार लोगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करवाए।

फ्रेंच बॉक्सिंग प्रतियोगिता के कांस्य पदक विजेता ने उपायुक्त से की भेंट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिला मंडी के बल्ह उपमंडल के मलवाणा गांव के 16 वर्षीय वरुण वालिया ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से उनके कार्यालय में भेंट की। वरुण ने 23 से 27 जुलाई तक उज्बेकिस्तान में आयोजित विश्व युवा सवाते चैंपियनशिप 2025 के 48 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है । यह भारत का इस प्रतिष्ठित वैश्विक मार्शल आर्ट स्पर्धा में पहला पदक है और इसे जीतने वाले वे पहले भारतीय बने।

उपायुक्त के साथ विजेता खिलाड़ी।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सवाते संघ की महासचिव एवं राष्ट्रीय कोच संतोषी शर्मा भी मौजूद रहीं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि अदम्य साहस, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर वरुण ने दुनिया के सबसे कठिन मुकाबलों में अपनी पहचान बनाई है। उनकी यह उपलब्धि न केवल मंडी, बल्कि पूरे हिमाचल और भारत के लिए गर्व का क्षण है। मंडी से विश्व मंच तक का यह सफर ग्रामीण भारत के युवाओं के सपनों को पंख देता है। उपायुक्त ने वरुण वालिया, उनके अभिभावकों, प्रशिक्षकों और शिक्षकों को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य और बड़ी उपलब्धियों की कामना की।

न्यूज ब्रीफ

डॉ. राज बहादुर की नियुक्ति पर खुशी जताई

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमोत्कर्ष परिषद के संरक्षक, शाने-ए-ऊना, हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना से संबंधित और एशिया के टॉप ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइनल सर्जन डॉ. राज बहादुर को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह पंजाब की बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस के वाइस चांसलर के पद पर लंबे समय तक कार्यरत रहे और पीजीआई चंडीगढ़ में ऑर्थो विभाग के प्रमुख भी रह चुके हैं। उनकी इस नई नियुक्ति पर हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद ने हर्ष व्यक्त किया है। हिमोत्कर्ष संस्था के मुख्य सलाहकार सतपाल शर्मा, राज्य अध्यक्ष जतिंद्र कंवर, ठाकुर यशपाल सिंह महासचिव, नरेश सैणी व डॉ. रविंद्र सूद, अंतरराष्ट्रीय परामर्शक डॉ. राजिंद्र शर्मा, परामर्शक वित्त राजेंद्र तिवारी, परामर्शक सोशल मीडिया मनोज कंवर, जिला अध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया, हिमोत्कर्ष महिला मंच व अन्य सदस्यों ने इस मनोनयन पर हर्ष जताते हुए बधाई दी है। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने कहा कि यह पूरे हिमाचल के लिए गर्व का विषय है। स्पाइन सर्जरी में विशेष महारत रखने वाले डॉ. राज बहादुर आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। संस्था उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

अशोक कुमार मोनू होंगे कांग्रेस प्रत्याशी

हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही। दी कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक में डायरेक्टर पद के चुनाव सितंबर माह में होने तय हैं। अंब जोन से कांग्रेस पार्टी ने चुनावी रणनीति को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को विश्रामगृह जोल में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में चिंतपूर्णी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. रविंदर शर्मा, राजेश गौतम, रितेश शर्मा, पूर्व प्रधान पवन ठाकुर, जसबीर सिंह, एससी सैल के अध्यक्ष सतीश कुमार (सोनू), स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी के प्रदेशाध्यक्ष विजय शर्मा, परवीन शर्मा, सुभाष सिंह, पूर्व डायरेक्टर मनोहर लाल शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से खारियालता पंचायत के उपप्रधान और कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता अशोक कुमार मोनू को पार्टी का आधिकारिक प्रत्याशी घोषित किया गया। विधायक बबलू ने कहा कि अशोक कुमार मोनू कांग्रेस के सच्चे सिपाही और ईमानदार व्यक्ति हैं, जो भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि डायरेक्टर पद के लिए इच्छा जताने वाले सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया और सभी ने एकमत होकर अशोक कुमार मोनू के नाम का समर्थन किया!

विधायक कालिया ने चिंतपूर्णी दरबार में भरी हाजिरी

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। गगरेट से कांग्रेस पार्टी के विधायक राकेश कालिया ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी एवं उनके भतीजे सचिन कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई। राकेश कालिया चिंतपूर्णी पुजारी परिवार से संबंध रखते हैं और वह चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा, वह दूसरी बार गगरेट से विधायक बने हैं। उनके परिवार का चिंतपूर्णी मंदिर से गहरा संबंध है, जो उनके पुजारी परिवार से जुड़ा हुआ है।

बंगाणा कॉलेज में छात्रों ने रैगिंग पर विचार किए व्यक्त

अनंत ज्ञान, बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (GC) के दिशानिर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग दिवस बड़े ही जागरूकता पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत 'रैगिंग : एक मज़ाक या गंभीर अपराध' विषय पर भाषण प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्रों ने रैगिंग जैसी कुरीति के खिलाफ अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में किरण कनेत ने प्रथम, कल्पना ने द्वितीय तथा तनु ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. किरण कुमारी, डॉ. विनोद कुमार तथा प्रोफेसर मुकेश कुमारी द्वारा किया गया, जिन्होंने निष्पक्ष रूप से विद्यार्थियों के प्रदर्शन का आकलन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने छात्रों को रैगिंग मुक्त परिसर बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या प्रो. रेखा शर्मा, एंटी रैगिंग समिति के संयोजक प्रोफ़ेसर अनु लखनपाल, प्रोफेसर सिकंदर नेगी, निकिता गुप्ता सहित कई संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पंचायतें समयबद्ध व पारदर्शिता से कार्यों को पूरा करें : नीलम

जिला परिषद ऊना की विशेष बैठक, पंद्रहवें वित्त आयोग के कार्यों की समीक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

जिला परिषद ऊना की विशेष बैठक में पंद्रहवें वित्त आयोग के कार्यों की समीक्षा करते गणमान्य।

जिला परिषद ऊना की मंगलवार को आयोजित विशेष बैठक में ग्राम पंचायतों में पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत विकास कार्यों और लंबित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद चेयरपर्सन नीलम कुमारी ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, उपाध्यक्ष ओंकार नाथ कसाना और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में जलापूर्ति, सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, पार्क सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि स्वीकृत धनराशि का समयबद्ध और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करें तथा प्रगति रिपोर्ट नियमित भेजें, ताकि जनता को समय पर सुविधाएं मिल सकें। सत्र के दौरान जिला पंचायत के नए भवन के निर्माण पर भी चर्चा हुई। हाल ही में प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नए भवन से परिषद के कार्य में और सुविधा व दक्षता आएगी। डीपीओ श्रवण कुमार ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और जिला परिषद के बीच बेहतर समन्वय से ही विकास कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण पूरे हो सकते हैं।

उन्होंने योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने की अपील की, ताकि विकास की गति तेज हो और हर गांव में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो। बैठक में पूर्व उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा, रजनी मनकोटिया, सतीश शर्मा, नरेश कुमारी, सत्या देवी, अशोक कुमार, गुलजार सिंह, संगीता देवी, सुशील कालिया, बीडीओ ऊना केएल वर्मा, बीडीओ गगरेट सुरेंद्र कुमार, बीडीओ अंब ओमपाल डोगरा, बीडीओ हरोली राजेश्वर भाटिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

चिंतपूर्णी में सड़क से तीस फुट नाले में गिरने से व्यक्ति की मौत

रात के समय हुआ हादसा, सुबह पुलिस ने फायर कर्मियों की सहायता से निकाला शव।

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

चिंतपूर्णी में पंजाब के एक व्यक्ति की सड़क से 30 फुट नीचे नाले में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जालंधर (पंजाब) के रूप में हुई है। उक्त हादसा बीती रात का लग रहा है जबकि मंगलवार को सुबह किसी ने नाले में पड़े उक्त व्यक्ति के शव को देखा तो इस बारे चिंतपूर्णी पुलिस को सूचित किया गया।

इसके बाद चिंतपूर्णी थाना के एएसआई राजेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नाले में गिरने के कारण मृतक व्यक्ति को निकालने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया जिसके बाद फायर कर्मियों ने मृतक व्यक्ति को नाले से निकाला। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी तो उसमें एक स्मार्ट फोन, एक पर्स जिसमें 1858 रुपए और कुछ दवाइयां के साथ अस्पताल की एक पर्ची निकली। इसके बाद पुलिस ने पंजाब के माइंड रिलीव

मानसिक तौर पर परेशान था जालंधर का व्यक्ति

अस्पताल में संपर्क साधा, जिससे मृतक व्यक्ति की शिनाख्त हुई है। मृतक व्यक्ति का नाम लखविंदर सिंह है और पिछले कल सोमवार को कपूरथला हॉस्पिटल से दिमाग की दवाई लेकर चिंतपूर्णी पहुंचा था।

पुलिस ने बताया कि उसे व्यक्ति का मानसिक संतुलन संतुलन ठीक नहीं था और वे दिमाग दवाई का सेवन करता था और ऐसा लग रहा है कि रात को उसका कहीं पैर फिसलने से वह तीस फुट नीचे नाले में जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी जयराम शर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति तलवाड़ा वाईपास पर बने नाले में जा गिरा। मृतक की शिनाख्त हो गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

पैदल यात्रा कर मां चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचे माता रानी के भक्त

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान

चिंतपूर्णी। राजस्थान से मां चिंतपूर्णी के दरबार तक पैदल यात्रा कर पहुंचे माता रानी के भक्तों ने सबको हैरान कर दिया। इन भक्तों ने 23 जुलाई को राजस्थान से अपनी पैदल यात्रा शुरू की थी और अब वे मां चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचे। इस यात्रा में कुल 6 लोग शामिल हैं, जिन्होंने अपनी श्रद्धा और भक्ति का अनोखा उदाहरण पेश किया।

इन भक्तों की इस अद्भुत यात्रा ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा और उनकी भक्ति का सम्मान किया गया। राजस्थान के अजीजपुर गांव से चिंतपूर्णी तक पैदल यात्रा करने वाले मां चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचे इन माता रानी के भक्तों ने राजस्थान से 23 जुलाई को यह यात्रा शुरू की थी। राजस्थान से मां चिंतपूर्णी के दरबार तक पैदल यात्रा कर पहुंचे माता रानी के भक्तों ने सबको हैरान कर दिया। मां चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचने पर पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र छिंदा, पुजारी भूषण कालिया, जीत लाल कालिया ने

राजस्थान से शुरू की थी 23 जुलाई को यात्रा

पुजारी बारीदार सभा के प्रधान ने किया सम्मानित

इन भक्तों को माता रानी की चुनरी और प्रसाद देकर सम्मान किया। पुजारी बारीदार सभा ने इन भक्तों के रहने और खाने का भी इंतजाम किया। बरसात के मौसम में भी इन छह भक्तों की आस्था डगमगाई नहीं और लगातार ये लोग पैदल यात्रा करते रहे। इन सभी छह लोगों की उम्र 60 से 70 साल के बीच की है। इन माता रानी के भक्तों ने बताया कि माता रानी की कृपा से ही उन्होंने यह यात्रा शुरू की, जोआज मां चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचे और माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

इन 6 लोगों में से एक श्रद्धालु राजस्थान से चिंतपूर्णी मंदिर की दंडवत यात्रा भी कर चुका है। ये सभी माता रानी के भक्त एक ही गांव के रहने वाले हैं और खेतीबाड़ी का काम करते हैं.

मोदी सरकार पर नहीं सुक्खू सरकार से पूछें सवाल : अजय

अनंत ज्ञान, बंगाणा। राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन व भाजपा युवा मोर्चा जिला सचिव अजय ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रही है। यह आंदोलन जनता के मुद्दों के लिए नहीं,

बल्कि अपनी खोई साख बचाने का प्रयास है। अजय ठाकुर ने याद दिलाया कि चुनाव से पहले प्रियंका गांधी ने हिमाचल की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने समेत 10 गारंटियों का ऐलान किया था, लेकिन अढ़ाई साल बीतने के बावजूद एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। अजय ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि प्रियंका गांधी को यदि वास्तव में जनता की चिंता है, तो उन्हें सुक्खू सरकार से जवाब मांगना चाहिए, न कि मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहिए।

टैक्सी चालकों को वितरित किए कार-बिन बैग

अनंत ज्ञान, ऊना

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर डीसी जतिन लाल टैक्सी यूनियन के सदस्यों को बैग देते हुए।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊना के सौजन्य से मिनी सचिवालय ऊना में जिले के टैक्सी चालकों को कार-बिन बैग वितरित किए गए। यह कार-बिन बैग उपायुक्त ऊना जनित लाल की अध्यक्षता में वितरित किए गए। उपायुक्त ने बताया कि कार-बिन बैग वितरित करने का मकसद स्वच्छता को बढ़ावा देना और एचआईवी/एड्स जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाना है इस दौरान उपायुक्त ने 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक चलने वाले सघन सूचना, शिक्षा और संचार अभियान का भी विधिवत शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से जिला के शैक्षणिक संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में एड्स से संबंधित जागरूकता को व्यापक रूप से फैलाया जाएगा, ताकि इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को समाप्त किया जा सके। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि कार-बिन बैग न केवल स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे, बल्कि इसके माध्यम से टैक्सी चालकों और यात्रियों के बीच

एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान का भी हुआ शुभारंभ

एचआईवी/एड्स के प्रति सजगता भी बढ़ेगी। उन्होंने सभी टैक्सी चालकों से अपील की कि वे अपनी गाड़ियों में इन बैग्स का नियमित उपयोग करें, जिससे सड़क पर सफाई बनी रहे और लोगों में अनुशासन की भावना विकसित हो।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सरकारी अस्पतालों में स्थित आइसीटीसी (एकीकृत परामर्श और जांच केंद्रों) में AIDS की जांच पूरी तरह निशुल्क और गोपनीय रूप से की जाती है। लोग बिना किसी डर और झिझक के वहां जाकर अपनी जांच करवा सकते हैं। उपायुक्त ने आम जनमानस से आह्वान किया कि वे इस दो माह चलने वाले अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और स्वच्छ हिमाचल और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करें।

इस मौके पर जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, बीएमओ बसदेहड़ा डॉ. रामपाल, जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी गोपाल कृष्ण, जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

चुनाव जीते तो आयोग ठीक, हारे तो दोषारोपण : बबलू

अनंत ज्ञान, बंगाणा। जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की आदत बन गई है कि जब चुनाव जीतते हैं तो चुनाव आयोग सही और हारते हैं तो उसी आयोग को गलत ठहराते हैं। राहुल गांधी और प्रतिभा सिंह द्वारा लोकसभा चुनाव पर सवाल उठाना

लोकतंत्र का अपमान है। बबलू ने कहा कि 2022 में कांग्रेस ने इसी चुनाव आयोग की देखरेख में चुनाव जीतकर हिमाचल की सत्ता संभाली थी, तब कोई सवाल नहीं उठाया गया। सुक्खू सरकार अब तक एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है। बबलू ने कहा कि भाजपा विकास व पारदर्शिता की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस गुमराह करने में माहिर है। जनता अब सच्चाई जान चुकी है और आगामी चुनावों में कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान, ऊना। होमगार्ड वाहिनी समेत तमाम होमगाड्र्स कंपनियों व फायर ब्रिगेड केंद्रों में मंगलवार को जवानों ने स्वच्छता अभियान चलाया। होमगाड्र्स ट्रेनिंग सेंटर मुबारिकपुर के जवानों ने को स्वच्छता अभियान के तहत केंद्र के इर्द-गिर्द सफाई की। फायर केंद्र ऊना, अंब, बंगाणा व टाहलीवाल आदि में जवानों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसी कड़ी में ऊना बाहिनी, ऊना, हरौली, अंब, गगरेट, बंगाणा, मुबारिकपुर में अभियान दौरान जवानों ने नालिओं की साफ-सफाई की व झाड़ियों की कटाई भी की गई। इसके अलावा कूड़े-कचरे को ठिकाने लगाया गया। अभियान के दौरान जवानों को स्वच्छता के प्रति विस्तार से जागरूक किया। होमगाड्र्स कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने कहा कि मंगलवार को जिले के सभी केंद्रों व कार्यालयों में जवानों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया है । जवान अपने कर्तव्य स्थानों व घर में जाकर भी आम जनता को स्वच्छता के बारे में जागरूक करेंगे।

'समृद्ध हिमाचल-2045' के लिए आम जनता से सुझाव आमंत्रित

अनंत ज्ञान, ऊना

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सुनहरे भविष्य के निर्माण में आम नागरिक भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सरकार द्वारा शुरू की गई 'समृद्ध हिमाचल-2045' पहल के तहत राज्य के आर्थिक विकास, आत्मनिर्भरता और समग्र प्रगति के लिए 20 वर्षीय सुनियोजित रोडमैप तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए नागरिकों से ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

इस पहल के अंतर्गत एक नागरिक सहभागिता प्रश्नावली शुरू की गई है, जो 26 अगस्त तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। नागरिक इस प्रश्नावली को हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में भर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि कोई भी व्यक्ति **https://himachal.nic.in/samridhhimachal** लिंक के माध्यम से सीधे प्रश्नावली में भाग ले सकता है और अपने सुझाव दर्ज करवा सकता है। उन्होंने कहा कि आम जनता के विचार और सुझाव राज्य की नीतियों को अधिक प्रभावशाली और जनोपयोगी बनाने में मददगार सिद्ध होंगे। इसीलिए, सरकार ने प्रदेश के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें।

जनित लाल ने बताया कि जनहित में चलाए जा रहे विस्तृत जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी इस महत्वपूर्ण अवसर से वंचित न रह जाए। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली भरकर अपनी राय अवश्य साझा करें और हिमाचल के समृद्ध भविष्य की नींव रखने में अपना अमूल्य योगदान दें।

रुद्राभिषेक पूजन संक्रांति को होगा संपन्न

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ में पूरे सावन माह शिव गौरी की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है , जो संक्रांति को संपन्न होगी। इस सावन माह में शिव पूजा के दौरान रुद्राभिषेक एवं विशेष एवं प्राचीन विधि द्वारा शिव पूजन किया जा रहा है। सावन माह में महाराज सुग्रीवानंदके समय से ही कई वर्षों से यहां पर शिव गौरी की पूजा-अर्चना की जाती है, अब डेरा के महाराज हेमानंद के मार्गदर्शन में यहां विशेष की पूजा का आयोजन किया जा रहा है। डेरा के विद्वान सतपाल शास्त्री ने बताया कि पूरा सावन माह विशेष शिव पूजा की गई है, जो संक्रांति के दिन संपन्न होगी।

इस अवसर पर हवन यज्ञ एवं भंडारा आयोजित होगा। उधर, आजकल सावन माह होने के कारण डेरा में श्रद्धालुओं की काफी रौनक है। काफी संख्या में डेरा में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। डेरा में भजन-कीर्तन का आयोजन भी हो रहा है। दोनों समय शिव-गौरी की विशेष पूजा-अर्चना भी की जा रही है।

कांग्रेस ने 58 साल की नौकरी देने का वादा कर युवाओं को ठगा : वशिष्ट

अनंत ज्ञान, ऊना

कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को 58 साल की नौकरी का वादा कर ठगने का काम किया है। यह बात भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को पक्की नौकरी के स्थान पर आज युवाओं को ट्रेनी जॉब पर रखा जा रहा है। इसके बाद फिर से युवाओं को टेस्ट प्रक्रिया से गुजरना होगा।

उन्होंने कहा कि लाखों पर रिक्त चल रहे हैं, जिन्हें भरने के लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। राजीव वशिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के कर्मचारी व पेंशनर्स विरोधी हैं। आज कर्मचारी व सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने वित्तीय लाभ के लिए संघर्षरत है, लेकिन इनकी मांगों को लेकर कोई गौर नहीं हो रही है। कर्मचारी नेता कर्मचारियों व पेंशनर्स की मांगों को उठाने के बजाए सरकार के चहेते बने हुए है। कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा बिल के लिए भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा वर्ष 2016 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को वर्ष 2016 से 2022 तक रिवाइज्ड पे स्केल, एरियर व लीव इन कैशमेंट, ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सहित ऊना विधानसभा क्षेत्र में पिछले अढ़ाई वर्ष से विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हुए है। कांग्रेस नेता विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगा पाए, जबकि पूर्व भाजपा सरकार के समय विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने विधायक न रहते हुए भी ऊना विधानसभा क्षेत्र में 25 सौ करोड़ रुपए की विकास कार्य करवाए, जिससे ऊना जिला की तस्वीर बदली है। कांग्रेस ने तो भाजपा कार्यकाल में बने भवनों को ही अढ़ाई साल तक लटकाए रखा। ऊना में बारिश में दुकानों व घरों में काफी नुकसान हुआ। कांग्रेस का एक भी नेता जनता के बीच नहीं पहुंचा। जबकि ऊना सदर से विधायक सत्ती लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने में जुटे रहे।

जोल स्कूल के छात्रों को विधायक बाबलू ने दिए स्वास्थ्य संबंधी टिप्स

विधायक बबलू को अध्यापक मंडी आपदा राहत हेतु ₹1.50 लाख का चेक सौंपते हुए।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

राजकीय माध्यमिक विद्यालय हारसा जोल में आयोजित एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के दौरान स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने स्कूली छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिए और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में जोल खंड के दस स्कूलों के शिक्षक शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी अशमीक अख्तर ने की, जबकि मंच संचालन शिक्षक संतोष शमा ने किया। विधायक बबलू ने बच्चों को खेल सामग्री प्रदान की और उन्हें खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपस्थित शिक्षकों ने मंडी जिले की आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु 1,50,000 का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में देने के लिए विधायक को सौंपा।

विधायक बबलू ने विद्यालय भवनों की मरम्मत, कक्षा-कक्षों की सफाई, पीने के पानी की सुविधा तथा अध्यापक पदों की रिक्तियों को भरने हेतु शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा बच्चों को बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया और जलजनित बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए।

चयन प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन ने ऊना में किए अंडर-23 नेशनल रेसलिंग ट्रायल, 150 पहलवानों ने दिखाया दमखम

महिला वर्ग में हमीरपुर, सोलन व चंबा की पहलवानों ने मारी बाजी

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

बंगाणा। हिमाचल प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डिंपल ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन की ओर से जिला मुख्यालय ऊना स्थित खेल विभाग के इंडोर स्टेडियम में अंडर-23 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किए गए। सुबह से शुरू हुए ये ट्रायल देर शाम तक चले, जिसमें प्रदेशभर से आए कुल 150 पहलवानों ने दमखम दिखाया।

चयनित खिलाड़ी आगामी 22 से 24 अगस्त तक रांची (झारखंड) में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। डिंपल ठाकुर ने कहा कि ट्रायल के दौरान फ्री स्टाइल, ग्रीको-रोमन स्टाइल और महिला वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में रोमांचक मुकाबले हुए। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि प्रतियोगिता में केवल

रांची में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हिमाचल के खिलाड़ियों का हुआ चयन।

हिमाचल प्रदेश के पहलवानों को ही हिस्सा लेने की अनुमति थी। इसके लिए सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया था, ताकि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। डिंपल ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की गई।

चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन, तकनीकी कौशल, फिटनेस और खेल भावना को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल में रेसलिंग प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमारा उद्देश्य इन खिलाडियों को ऐसा मंच प्रदान करना है, जिससे वे राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकें।

डिंपल ने उम्मीद जताई कि रांची में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि महिला वर्ग में कई जिलों की प्रतिभाशाली पहलवानों ने चयन पक्का किया।

50 किलोग्राम भार वर्ग में हमीरपुर की स्निग्धा राज ठाकुर, 53 किलो में चंबा की गुलजारो, 55 किलो में सोलन की पलक, 57 किलो में सोलन की सोनाली, 59 किलो में सोलन की प्रेरणा मेहता, 62 किलो में सोलन की खुशी ठाकुर, 65 किलो में सोलन की प्रियंका, 68 किलो में चंबा की अनिता कुमारी, 72 किलो में चंबा की मुस्कान और 76 किलोग्राम भार वर्ग में हमीरपुर की कृतिका जंबाल को चयनित किया गया। उन्होंने कहा कि इन महिला पहलवानों ने ट्रायल के दौरान दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में श्रेष्ठता साबित की। कोचों का मानना है कि इन खिलाड़ियों में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने की क्षमता है।

चयन के राष्ट्रीय कोचों और अधिकारियों की मौजूदगी : डिंपल ठाकुर ने कहा कि इस चयन ट्रायल के दौरान रेसलिंग कोच ऊना प्रिंस पठानिया, नरदेव शर्मा, सांई के कोच जोनी चौधरी, प्रिंस ठाकुर, अनूप शर्मा, कैरी शर्मा, सन्नी, अमन जसवाल, अमन शर्मा, संजीव ठाकुर सहित कई अन्य प्रशिक्षक और खेल प्रेमी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महिला और पुरुष दोनों वर्गों में नए चेहरों का उभरना

रेसलिंग को बढ़ावा देकर युवाओं को नशे से दूर रखना उद्देश्य

डिंपल ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बीते कुछ वर्षों में कुश्ती को लेकर खिलाड़ियों और युवाओं में रुचि बढ़ी है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह खेल नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। स्कूल और कॉलेज स्तर पर हो रही प्रतियोगिताओं ने कई नई प्रतिभाओं को जन्म दिया है। एसोसिएशन के प्रयासों से खिलाड़ियों को अब बेहतर प्रशिक्षण, कोचिंग कैंप और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अधिक अवसर मिल रहे हैं। डिंपल ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में एसोसिएशन राज्य में अधिक से अधिक रेसलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगी, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आएं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशिक्षण शिविर भी लगाए जाएंगे।

2010-2012 के बीच फर्जी दस्तावेजों पर दिए 41 ऋण, घोटाले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला

पूर्व बैंक मैनेजर समेत तीन को सजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिले के ढालपुर पीएनबी बैंक में फर्जी केसीसी लोन घोटाले का मामला सामने आया है। पंजाब नेशनल बैंक की ढालपुर शाखा में 1.83 करोड़ रुपए के फसल ऋण (केसीसी) फर्जीवाड़े मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने इस मामले में बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक सहित तीन दोषियों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। यह मामला 2010 से 2012 के बीच फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 41 फसल ऋणों की मंजूरी से जुड़ा है, जिसने बैंक के भीतर की कमजोरियों को उजागर किया है।

सजा व जुर्माने का विवरण

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश डॉ. परविंदर सिंह अरोड़ा ने इस मामले में तीन दोषियों को सजा सुनाई है। पूर्व शाखा प्रबंधक अमर सिंह बोध को तीन साल कैद और 45 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, उसके सहयोगी ताशी फुचोग और दौलत राम को भी तीन-तीन साल की कैद और कुल 1.10 लाख रुपए का जुर्माना भरना होगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि दोषी जुर्माना नहीं चुकाते हैं, तो उन्हें तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह फैसला भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सख्त संदेश देता है।

कैसे सामने आया मामला

यह घोटाला तब उजागर हुआ, जब बैंक के ऑडिट में अनियमितताएं सामने आईं। इस मामले की शुरुआत साल 2010 में हुई थी, जब दौलत राम ने 4.5 लाख रुपए के केसीसी ऋण के लिए आवेदन किया था। उसने 2003-05 की पटवारी द्वारा जारी जमाबंदी और अन्य केवाईसी दस्तावेज जमा किए थे। इसके बाद उसके खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए गए। जांच में पता चला कि पूर्व बैंक मैनेजर अमर सिंह बोध ने फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए और पटवारी की रिपोर्ट में भूमि स्वामित्व को गलत तरीके से दर्शाया। दोषियों के खिलाफ 38 अन्य मामलों में फैसला आना अभी बाकी है।

कैसे हुआ था यह घोटाला

यह पूरा मामला 11 अप्रैल, 2015 को सीबीआई एसीबी शिमला शाखा द्वारा पीएनबी मंडी सर्कल के प्रमुख राजीव खन्ना की शिकायत पर दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 2010 से 2012 के बीच तत्कालीन बैंक मैनेजर अमर सिंह बोध ने अपने दो सहयोगियों ताशी फुंचोग और दौलत राम के साथ मिलकर फर्जी राजस्व दस्तावेजों और गैर-भार प्रमाण पत्रों (एनईसी) के आधार पर 41 केसीसी ऋण स्वीकृत किए थे। इन ऋणों की कुल राशि 1.83 करोड़ रुपए थी। जांच में पाया कि दौलत राम के आवेदनों पर उसकी तस्वीर तो लगी थी, लेकिन उस पर हस्ताक्षर किसी और के थे। इसके अलावा, जमाबंदी और चार्ज सृजन रिपोर्ट भी फर्जी पाई गई थी।

3.510 किलो चरस के साथ पकड़े दो आरोपियों को 13 वर्ष का कठोर कारावास और जुर्माना

कुल्लू। जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने बताया कि विशेष न्यायाधीश-एक कुल्लू प्रकाश चंद राणा की अदालत ने दो आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी ठहराया है। इनमें कुलदीप सिंह पुत्र धर्म सिंह, निवासी गांव जंगर, डाकघर अवाहदेवी, तहसील टौणीदेवी, जिला हमीरपुर तथा केवल राज पुत्र चमन प्रकाश, निवासी गांव लहरेला, डाकघर चोलथरा, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी को एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए अदालत ने प्रत्येक आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम के तहत 13 वर्ष का कठोर कारावास व 1,30,000 रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में, दोनों आरोपियों को दो वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं समानांतर रूप से (एक साथ) चलेंगी। अदालत ने अपराध में प्रयुक्त ऑल्टो कार को भी जब्त करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 25.09.2020 को सुबह 11:30 बजे, पुलिस पोस्ट जरी, जिला कुल्लू के एएसआई पुष्प देव के नेतृत्व में पुलिस दल शारनी में नाकाबंदी व यातायात जांच कर रहा था। इस दौरान जरी की ओर से एक ऑल्टो कार आई, जिसे आरोपी कुलदीप सिंह चला रहा था और आरोपी केवल राज उसमें सवार था। तलाशी लेने पर कार से 3 किलोग्राम 510 ग्राम चरस बरामद हुई। इस संबंध में थाना सदर कुल्लू में एफआईआर दर्ज की गई। मामले में एक आरोपी सोभा राम उर्फ राज बहादुर पुत्र भीज राज, निवासी ब्रह्म गंगा, डाकघर मणिकरण, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू, जो बरामद चरस की सप्लाई में शामिल था, फरार है और अदालत द्वारा घोषित अपराधी, घोषित किया गया है। वहीं, एक अन्य आरोपी अमिश कुमार उर्फ जोली पुत्र देव राज शर्मा, निवासी गांव कोटलू, डाकघर वाहिना, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर, को अदालत ने बरी कर दिया है। मामले को सिद्ध करने के लिए अभियोजन पक्ष ने कुल 16 गवाहों को न्यायालय में पेश किया।

दशहरा मेले में साझेदार देशों की भागीदारी को लेकर हुआ संवाद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। मंगलवार को दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के लिए आयोजित बैठक में विधायक व अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने भाग लिया। दशहरा समिति के अध्यक्ष ने भागीदार देशों का कुल्लवी टोपी और शॉल से स्वागत किया तथा उनके कारीगरों, शिल्पकारों और लोक कलाकारों को दशहरा मेले में पार्टनर स्टेट (साझेदार राज्य) के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। इससे इन देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन गतिविधियों, व्यापार, बुनियादी ढांचे व लॉजिस्टिक्स को बढ़ा सकें। बैठक में भारत में ताजिकिस्तान के राजदूत लुकमोन बोबोकालोनजोडा, कजाकिस्तान के राजदूत अजमत येस्करायेव, किर्गिजस्तान के राजदूत असकर बेशिमोव और सुश्री गुजेल उमेतोवा, उज्बेकिस्तान के दूतावास के प्रथम सचिव, अब्दुलअजीज अब्दुगानिएव और प्रथम सचिव उलुगबेक रिजाएव, तुर्कमेनिस्तान के राजदूत, शालर गेल्डिनजारोव उपस्थित रहे।

खैनवी में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त दो नेपालियों की मौत, दो घायल

अनंत ज्ञान, आनी

पुलिस थाना आनी के अंतर्गत खैनवी कैंची के पास सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो नेपाली नागरिकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कदैरना निवासी बिदु राम ने बताया कि 11 अगस्त को उसने अपनी पिकअप (नंबर एचपी 95-0776) में दोपहर करीब 3 बजे सेब की पेटियां लोड कर लाफुघाटी भेजने के लिए रवाना की थी।

गाड़ी को संजीव कुमार (निवासी थानाधार, कुमारसैन) चला रहा था, जबकि उसके साथ तीन नेपाली नागरिक प्रकाश ओली, दीपक खडगा और तिलक बहादुर सवार थे। रात करीब 9 बजे, खैनवी कैंची के पास तेज बारिश और घनी धुंध के बीच चालक संजीव कुमार गाड़ी पर नियंत्रण खो बैठा। वाहन लगभग 100 मीटर गहरी ढांक में गिरकर नीचे लिंक रोड पर जा रुका। हादसे में प्रकाश ओली और तिलक बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चालक संजीव कुमार को 108 एंबुलेंस के माध्यम से आनी अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि घायल नेपाली दीपक खडगा को प्राथमिक उपचार के बाद रामपुर अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

मनाली में स्क्रब टायफस की दस्तक, सतर्क हुआ स्वास्थ्य विभाग

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू। जिला कुल्लू के मनाली में स्क्रब टायफस ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। दो सप्ताह के भीतर मिशन अस्पताल मनाली में चार मामले सामने आए हैं। गत सप्ताह एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। दो लोग स्वस्थ हो गए हैं, जबकि एक का मिशन अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मिशन अस्पताल द्वारा सूचना देने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग की माने तो लोगों को स्क्रब टायफस और अन्य जीवाणु तथा वायरस जनित रोगों से बचाव को लेकर शिक्षित व जागरूक करने पर बल दिया जा रहा है। बीएमओ नग्गर डॉक्टर कर्ण ने बताया कि मिशन अस्पताल मनाली में अब तक स्क्रब टायफस के कुल चार मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग सतर्क है और लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लक्षण कुछ दिनों बाद सामने आते हैं, जिन लोगों को सांस लेने में परेशानी हो और वह किडनी की बीमारी से जूझ रहे हैं, तो उन्हें तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। हल्की सी लापरवाही गंभीर समस्या पैदा कर सकती है। पेट में दर्द लगना, भूख न लगने जैसे लक्षण हैं, तो भी अनदेखी न करें और समय रहते उपचार के लिए अस्पताल आएं। उन्होंने बताया कि कोई भी लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डॉक्टर को दिखाएं।

> **स्वास्थ्य** विभाग सतर्क है और लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लक्षण कुछ दिनों बाद सामने आते हैं, जिन लोगों को सांस लेने में परेशानी हो और वह किडनी की बीमारी से जूझ रहे हैं, तो उन्हें तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। हल्की सी लापरवाही गंभीर समस्या पैदा कर सकती है। पेट में दर्द लगना, भूख न लगने जैसे लक्षण हैं, तो भी अनदेखी न करें और समय रहते उपचार के लिए अस्पताल आएं। उन्होंने बताया कि कोई भी लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डॉक्टर को दिखाएं।
>
> **डॉ. नागराज पवार, सीएमओ कुल्लू।**

स्क्रब टायफस के लक्षण

- 104 से 105 डिग्री तक बुखार
- जोड़ों में दर्द और कंपकपी के साथ बुखार आना
- शरीर में अकड़न या टूटा हुआ महसूस होना
- गर्दन, बाजू के नीचे और कूल्हों के ऊपर गिल्टियां होना

ऐसे करें बचाव

- शरीर की सफाई का ध्यान रखें।
- घर और आसपास का वातावरण साफ रखें।
- घर के चारों ओर घास तथा खरपतवार न उगने दें, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें।

बगीचे में जाने से पहले डॉक्सीसाइक्लिन कैप्सूल खाकर जाएं

मिशन अस्पताल मनाली के प्रभारी डॉ. फिलिप ने बताया कि स्क्रब टायफस घास में पाए जाने वाले एक माइट कीट के काटने से होता है। स्क्रब टायफस का सीजन फिर से आना शुरू हो गया है। यह बारिश के साथ एक कीड़े होते हैं, जो बगीचे में होते हैं, जब वह काटता है, तो पता भी नहीं चलता बाद में जो बुखार चढ़ना शुरू होते हैं। इससे पीलिया भी हो सकता है। सांस की दिक्कत होती है। लोगों से अपील है कि बगीचे में जाने से पहले एक कैप्सूल डॉक्सीसाइक्लिन खाकर जाएं यदि आप एक कैप्सूल खाकर जाएंगे, तो चाहे कीड़े काट भी ले, लेकिन कुछ नहीं होगा।

डीसी ने टैक्सी चालकों को वितरित किए कार विन बैग

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना टैक्सी चालकों को कार विन बैग वितरित करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने केलांग तथा आसपास के क्षेत्रों के 20 स्थानीय टैक्सी चालकों को कार विन बैग वितरित किए।

यह पहल राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, शिमला द्वारा एचआईवी/एड्स, टीबी व यौन संचारित रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। डीसी ने कहा कि जागरूकता ही बीमारियों की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है और इस प्रकार की पहलें समाज को स्वस्थ व सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन बैगों का प्रयोग टैक्सी चालक अपने वाहनों में स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ यात्रियों में स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति संदेश प्रसारित करने के लिए भी कर सकेंगे।

इस अवसर पर जिला एड्स अधिकारी डॉ. जगदीश ने उपस्थित टैक्सी चालकों को एचआईवी/एड्स की रोकथाम, उपचार व आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा टैक्सी यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

'भारत माता की जय' के नारों से गूंजा नग्गर क्षेत्र

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

भाजपा नग्गर मंडल के द्वारा मंगलवार को नग्गर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस तिरंगा यात्रा में भाजपा नग्गर मंडल के कार्यकर्ताओं संग भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी शामिल हुए। यह तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय नग्गर मंडल से होते हुए नग्गर चौक तक निकाली गई। इस दौरान समूचा क्षेत्र भारत माता की जय से गूंज उठा। वहीं, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा नग्गर मंडल के द्वारा नग्गर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम पूरे देश भर में चल रहा है। इसी कड़ी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है, जबकि बुधवार को मनाली में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

भगवान वेदव्यास, देवता खोलू व बिननी महादेव के सानिध्य में मनाया पलैई मेला

आनी खंड के कुंईर के पलैच मेले के दौरान देवताओं से आशीर्वाद लेते लोग।

अनंत ज्ञान, आनी

आनी खंड के ऐतिहासिक व प्राचीन मंदिर भगवान वेदव्यास कुंईरी महादेव व देवता खोलू महाराज तथा अतिथि देव बिननी महादेव के सानिध्य में पलैच पलैई मेला धूमधाम से मनाया गया।

देवता के भक्त आशीष शर्मा ने बताया कि ऐतिहासिक पलैच मेला देवता व्यास ऋषि व देवता खोलू तथा बिननी महादेव की शोभा यात्रा से शुरू हुआ। मेला पलैच में प्राचीन व पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिली। मेले में गांव की सभी महिलाओं ने पंक्तिबद्ध होकर देवताओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और गांव व क्षेत्र की खुशहाली की दुआ मांगी। उसके बाद कुंईर गांव व स्थानीय गांव के देवलुओं ने पलैई को उठाकर देवता को मंदिर प्रांगण में स्थापित कर पारंपरिक देव संस्कृति का निर्वहन किया। इस अवसर पर देवता व्यास ऋषि व खोलू देवता के कारदार इंद्र सिंह, बिननी महादेव के कारदार मीना राम मंदिर कमेटी सचिव ठाकुर दास वर्मा, गुर ओम प्रकाश, आशीष शर्मा सहित कई अन्य कारकून मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए जाएं अतिरिक्त साधन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने कार्य के साथ-साथ पेंशनरों की केवाईसी का कार्य भी दिया गया है, लेकिन इस कार्य को करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जो मोबाइल फोन दिए गए थे, वह अब बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में वह इस कार्य को भी सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं।

डीसी को सौंपा ज्ञापन

इसी मुद्दे को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू से मिला और उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा देवी ने बताया कि उन्हें जो मोबाइल फोन दिए गए हैं, वह बंद पड़े हुए हैं। इसके चलते वह केवाईसी का कार्य भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

जलशक्ति उपमंडल कटराईं ने सराज के बाढ़ प्रभावितों को भेजे 37 हजार

जलशक्ति विभाग कटराईं के अधिकारी व कर्मचारी बाढ़ प्रभावितों को मदद भेजते हुए।

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

जलशक्ति उपमंडल कटराईं ने सराज घाटी में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। उपमंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर 37,000 रुपए की राशि एकत्रित की है।

यह राशि समाजसेवी बंटी सराजी को सौंपी गई है, ताकि इसे उन जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके, जहां अभी तक सरकारी मदद नहीं पहुंच पाई है। जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता योगेश ने बताया कि सराज में आई आपदा को देखते हुए उपमंडल कटराईं की पूरी टीम ने मिलकर यह फैसला लिया। सभी ने स्वेच्छा से मिलकर यह राशि जमा की है। उन्होंने कहा कि जलशक्ति उपमंडल कटराईं की टीम ऐसे सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहती है। समाजसेवी बंटी सराजी ने जलशक्ति विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह राशि उन प्रभावितों तक पहुंचाई जाएगी, जिन्हें तत्काल मदद की जरूरत है। बंटी सराजी ने यह भी कहा कि वह उन सभी लोगों की एक सूची विभाग को देंगे, जिन्हें यह राशि दी जाएगी, ताकि पूरी पारदर्शिता बनी रहे।

जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की वार्षिक आम सभा का सम्मेलन संपन्न

मनाली हनी ब्रांड किया गया लांच

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

कटराईं स्थित शुभम होटल में जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि हिमाचल प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी विशेष रूप से मौजूद रहीं। कंपनी के निदेशक मंडल सदस्य बीआर नेगी ने सभा में जुजुराना कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, निदेशक मंडल के एक अन्य सदस्य मोहिंदर उपाध्याय ने बताया कि नग्गर ब्लॉक की पांच महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आसान किश्तों पर सोलर ड्रायर उपलब्ध करवाए गए हैं। इसका उद्देश्य कृषि व बागवानी उत्पादों को बेहतर रूप से बाजार में बेचने में सहायता करना है। कार्यक्रम के दौरान विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कंपनी द्वारा उत्पादित हिमालयन छोटी मधुमक्खी के शुद्ध शहद के ब्रांड मनाली हनी को लॉन्च किया। उन्होंने इसे मधुमक्खी पालकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इससे उन्हें उचित मूल्य मिलेगा और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनेगी। सभा के दौरान जुजुराना कंपनी की आधिकारिक ई-कॉमर्स वेबसाइट लांच की योजना की भी घोषणा की गई, ताकि उत्पाद डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से देशभर में पहुंच सकें। कार्यक्रम में कई किसान, बागवान एवं निदेशक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की वार्षिक आम सभा के सम्मेलन में विधायक व अन्य गणमान्य।

राजकीय महाविद्यालय आनी में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन

पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान, आनी

राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों तथा ईको क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय कुमार तथा प्रो. सीमा ईको क्लब की सदस्य प्रो. राधिका., वनरक्षक प्रभारी हरिपुर बीट रीना चौहान, वनमित्र नीतिका शर्मा सहित कॉलेज के समस्त प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों व इको क्लब के छात्र सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों के रोपण के लिए स्थल पर मौजूद अवांछनीय झाड़ियों तथा घास आदि को हटाकर भूमि को तैयार किया। इस अभियान की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य द्वारा देवदार का पौधा लगाकर की गई। इसके पश्चात विविध प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। इन पौधों की सुरक्षा व देखभाल करने के लिए कॉलेज के स्वयंसेवकों को उत्तरदायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने अपने प्रेरणादायी संदेश में कहा एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण सजाने का कार्य नहीं, बल्कि यह धरती मां के प्रति आभार व्यक्त करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हरा-भरा और स्वस्थ भविष्य का संकल्प है। इस प्रकार हम जीवन को स्नेह और संरक्षण देते हैं। उसी भाव से हमें इन पौधों की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि ये वृक्ष हमारी जीवन रेखा हैं मानवीय अस्तित्व का आधार हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने रोपे गए पौधों की सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

राजकीय महाविद्यालय आनी में पौधरोपण अभियान के दौरान गणमान्य लोग।

जेएनवी में 11वीं कक्षा में प्रवेश अब 20 अगस्त तक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं (आर्ट्स स्ट्रीम) सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर-सरकारी विद्यालयों से कक्षा 10वीं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले इसके लिए पात्र हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि पात्र उम्मीदवार विद्यालय में आकर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं या नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in से डाउनलोड करके विद्यालय की ईमेल jnvkulluw®wz@gmail.com पर भी भेज सकते हैं। बताया कि आवेदक की जन्म तिथि 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच होनी चाहिए। आवेदन की हार्ड कॉपी विद्यालय में 20 अगस्त तक अनिवार्य रूप से जमा करवानी होगी।

आयोजन टीटीएफ मुंबई-2025 में भाग लेने मुंबई पहुंचे मनाली के पर्यटन कारोबारी

दशहरा, दिवाली में कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद

अनंत ज्ञान, मनाली

मनाली के पर्यटन कारोबारी टीटीएफ मुंबई-2025 में भाग लेने मुंबई पहुंच गए हैं। मनाली के पर्यटन कारोबारी इस बार समर सीजन नहीं चलने से हताश हैं तथा रही-सही कसर बरसात ने कारोबार पूरी तरह ठप करके पूरी कर दी है, लेकिन अब उन्हें दशहरे व दिवाली में पर्यटन कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद है।

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस टीटीएफ का उद्घाटन किया। लंबे अरसे बाद शुरू हुए इस टीटीएफ से हिमाचल के पर्यटन कारोबारियों को दशहरा, दिवाली में कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद जगी है। उपमुख्यमंत्री ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ट्रैवल ट्रेड फेयर मुंबई में भाग लेने वाले पर्यटन विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों, होटल मालिकों, इनोवेटिव ट्रैवल ब्रांड्स और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पर्यटन कारोबारियों से भी विशेष बातचीत की। मनाली के द होलीडे विला की ओर से उपमुख्यमंत्री का कुल्लवी संस्कृति से स्वागत किया। द होलीडे विला के एमडी रोशन ने कहा कि उनकी टीम भी इस टीटीएफ का हिस्सा बनी है। उन्होंने बताया कि मनाली लंबे समय से मंदी की मार झेल रही है। उन्होंने कहा कि दशहरा व दिवाली सीजन में कुल्लू, मनाली में भी पर्यटक कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद है।

मुंबई की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत करते हुए पर्यटन कारोबारी।

> **प्रदेश** सरकार की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। कोलाकाता व अहमदाबाद में संपन्न टीटीएफ में हिमाचल सरकार की भागीदारी शून्य रही। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर अपने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल की। मई-जून में युद्ध जैसे हालत ने जबकि जुलाई अगस्त में बरसात ने पर्यटन कारोबारियों की कमर तोड़ी है। एनएचएआई की लापरवाही भी पर्यटन पर भारी पड़ी है। प्रदेश सरकार से आग्रह है कि डुबते पर्यटन को बचाने के लिए गंभीरता दिखाएं।
>
> **रोशन ठाकुर, निवर्तमान उपाध्यक्ष होटल एसोसिएशन मनाली।**

न्यूज ब्रीफ

भाजपा सोलन मंडल की तिरंगा यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ता। यह यात्रा कार्यालय से शुरू होकर शहीद पार्क सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा तक निकाली गई। वहां देश भक्ति के गीत गाए और सभी कार्यकर्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पुरुवाला पुलिस ने सट्टा खिलाते व्यक्ति दबोचा

अनंत ज्ञान, नाहन। गश्त के दौरान पुरुवाला पुलिस टीम को सूचना मिली कि राम लाल लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर सट्टा खेला रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया और उसके पास से 1,170 रुपए नकद, एक लाल पेन और सट्टा पर्ची बरामद की। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले में अन्य संबंधित लोगों की भी तलाश कर रही है।

स्मैक और चरस के साथ दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर की शिलाई पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में स्मैक और चरस बरामद की है। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पहला मामला एनएच-707 पर सामने आया, जब पुलिस टीम धकोली के पास गश्त और ट्रैफिक चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक पिकअप गाड़ी को रोका गया। तलाशी के दौरान गाड़ी के डैशबोर्ड से 2 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई। गाड़ी चला रहा व्यक्ति 40 वर्षीय जगतार सिंह, निवासी बाढ़ी माजरा, रूपनगर (जिला यमुनानगर, हरियाणा) को मौके पर गिरफ्तार किया गया और शिलाई थाने में मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई रोनहाट से शिलाई लौट रही पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मीनस बाजार में की। वहां एक ढाबे की तलाशी ली गई, जहां से 955 ग्राम चरस बरामद हुई। ढाबे के मालिक जातिराम उर्फ जोतिया, निवासी गांव जास्वी, डाकघर कोटीबौंच, तहसील शिलाई को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।

मरीजों के लिए शुरू की मदद योजना

अनंत ज्ञान, नाहन। शिरगुल जन सेवा समिति के संस्थापक रविंद्र कंवर ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की सहायता के लिए नौहराधार के बांदल निवासी राहुल और कुपवी के सुरेंद्र को क्रमश: 5000 और 2000 रुपए की सहायता दी गई। राहुल को हर महीने 2000 रुपए दिए जाएंगे। राजगढ़ अस्पताल में भर्ती तीन अन्य मरीजों को भी 2000-2000 रुपए की मदद दी गई, जिनमें लानाचेता के एक कैंसर पीड़ित को मासिक सहायता दी जाएगी। करीब 150 सदस्य मासिक चंदा देकर कोष बनाते हैं। इससे मदद की जाती है। समिति ने हाल ही में मंडी आपदा में एक लाख रुपए की सहायता भी दी।

चायल होटल एसोसिएशन ने रोपे 150 पौधे

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। चायल होटल एसोसिएशन ने मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष देविंद्र वर्मा ने की और आरक्षित वन ब्लॉक प्रभारी भूपेंद्र कुमार और उनके कार्यालय के कर्मचारियों, होटल एसोसिएशन के भूपराम ठाकुर, सिसराम, खेमराज शर्मा, जोगेंद्र पाल, रमेश चंद्र, सूरज, रोबिन, निखिल छाजटा और होटलों के स्टाफ ने योगदान किया। इस दौरान इन्होंने बान, मलूक व देवदार के 150 पौधे लगाए। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि हर वर्ष पौधरोपण अभियान का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही वह सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं।

भूस्खलन से बंद हुईं कंडाघाट की 4 सड़कें बहाल

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट। पिछले दो दिनों से भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सोमवार को कंडाघाट उपमंडल की चार सड़कें बंद हो गई थीं। इन सभी सड़कों को विभाग ने मंगलवार सुबह बहाल कर दिया। इससे लोगों को राहत मिली। बारिश के कारण उपमंडल की फशकना से जखेड़, कंडाघाट से बाबा थड़ा मूला, वाकनाघाट से ममलीग और सायरी से डाउंटी सड़क बंद हो गई थी। लोक निर्माण विभाग ने इन सभी को मंगलवार सुबह दस बजे तक बहाल कर दिया। विभाग के एसडीओ शुभम अग्रवाल ने पुष्टि करते हुए बताया कि अब उपमंडल की सभी सड़कों पर आवाजाही सामान्य है। बारिश के कारण जन जीवन अस्त- व्यस्त हो गया है। लोगों को आवाजाही करने, फसलों को मंडियों तक पहुंचाने और नियमित दैनिक कामों में समस्या आ रही है। कई जगह रास्तों, खेतों को भी क्षति पहुंची है।

हरिपुरधार के पास निजी बस व पिकअप की टक्कर

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले के पुलिस थाना संगड़ाह के अंतर्गत आने वाली हरिपुरधार उपतहसील के गांव बियोंग के समीप मंगलवार को निजी बस और पिकअप के बीच जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत ये रही कि हादसे के दौरान बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार धार चाणणा जाने वाली बस शिलाई से हरिपुरधार की तरफ आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में सवार सभी यात्री व चालक सुरक्षित हैं, जबकि पिकअप में मौजूद एक यात्री और चालक को चोटें आई हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कुछ सरकारी बसें बंद होने के बाद आए दिन निजी बसों में क्षमता से ज्यादा सवारियां देखी जा रही हैं।

जिलावासी आज लें नशा मुक्त भारत की ई-शपथ

अनंत ज्ञान, नाहन। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि सिरमौर जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 13 अगस्त को जिले के आमजन तथा सभी सरकारी तथा गैर-सरकारी संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी नशा न करने की ई-शपथ लेंगे। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वह नशे से दूर रहने तथा इसकी रोकथाम का संकल्प लेकर ई-शपथ लें तथा शपथ तथा अन्य गतिविधियों की फोटो एनएमबीए ऐप पर अपलोड करें, ताकि स्वस्थ व नशा मुक्त समाज की परिकल्पना सार्थक किया जा सके। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिले में 1 से 31 अगस्त, तक चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसमें जिले के स्कूलों, कॉलेजों में प्रतियोगिताएं, सेमिनार, वेबिनार, ड्राइंग कंपीटिशन, कार्यशालाएं, रैलियां व नुक्कड़ नाटक तथा मैराथन, वॉकथॉन आदि का आयोजन कर लोगों को विशेष कर युवाओं को नशे की रोकथाम की जानकारी प्रदान की जा रही है।

संस्कृत को प्राचीन भारतीय चिंतन परंपरा का संवाहक कहा

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में हिमाचल संस्कृत अकादमी द्वारा संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत संस्कृत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय जुखाला, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय फागली व सरस्वती विद्या मंदिर से आए विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। इसी के साथ राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के विद्यार्थियों ने भी श्लोकोच्चारण किया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश संस्कृत अकादमी के पूर्व सचिव मस्त राम शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट की प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने की। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय जुखाला से प्राचार्य डॉ. ध्रुव,राजकीय संस्कृत महाविद्यालय फागली से सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. मदन मोहन, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन से दिनेश शर्मा, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पंजगाई से आचार्य श्यामलाल व राजकीय महाविद्यालय जुखाला से आचार्य अमन शर्मा शामिल रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता पर बल देते संस्कृत को प्राचीन भारतीय चिंतन परंपरा का संवाहक कहा।

बारिश ने फिर बढ़ाई सोलन शहर की मुश्किलें

गिरि नदी और अश्वनी खड्ड में आई सिल्ट से पेयजल योजनाएं ठप

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश भर में हुई बारिश से पेयजल स्त्रोतों में बड़ी मात्रा में सिल्ट आ गई। सोलन शहर की प्यास बुझाने वाली गिरि नदी और अश्वनी खड्ड में सिल्ट आने से शहरवासियों की एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ा दीं। सिल्ट की समस्या के कारण अश्वनी और गिरि पेयजल योजना ठप पड़ गई।

इससे सोलन शहर के मुख्य टैंक ड्राई हो गए। मंगलवार को टैंकों में आपात स्थिति लायक ही पानी बचा था। ऐसे में शहर के अधिकतर हिस्सों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हुई। योजनाओं से पानी की लिफ्टिंग बंद होने से शहरवासियों को चार दिन से पेयजल का इंतजार कर रहे उपभोक्ताओं को निराश होना पड़ा। यदि कहीं पानी आया भी है, तो वह भी मटमैला। ऐसे में यदि मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहे, तो आने वाले दिनों में पेयजल

गिरि पेयजल योजना में आई सिल्ट।

संकट गहरा जाएगा, अब अश्विनी पेयजल योजना से सोलन शहर के लिए मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। सूत्रेहाल ये है कि नगर निगम के पेयजल टैंकों में अब आपात स्थिति लायक ही पानी बचा है। ऐसे में नगर निगम को शहर की प्यास बुझाना चुनौती बन गया है। जानकारी के मुताबिक टैंक रोड के तीन टैंकों में करीब 4 लाख गैलन पानी ही बचा है, जबकि इसकी स्टोरेज क्षमता करीब 18 लाख गैलन है। नगर निगम को रोज 18 लाख गैलन पानी की जरूरत रहती है, जबकि इन दिनों पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से जल शक्ति विभाग से मात्र 5 लाख गैलन पानी ही मिल पा रहा है, अब शहर में रोटेशन के आधार पर चार से पांच दिन बाद पेयजल की आपूर्ति होगी। शहर के वार्ड-4 के चंबाघाट, फॉरेस्ट कॉलोनी, मोहन पार्क, अल्पाइन अपार्टमेंट, कपूर नर्सिंग होम, बेर खास, मोहन कॉलोनी और ब्रूरी में लोगों को पेयजल आपूर्ति का इंतजार है। फिलहाल गिरि नदी में बारिश के कारण आ रही गाद के चलते पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग बंद है। रोटेशन प्रणाली के तहत नगर निगम को 15 से 18 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है, अब नगर निगम को पानी की लिफ्टिंग का इंतजार है।

> नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण गिरि नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ गई है। इससे गिरि पेयजल योजनाओं से नगर निगम को पानी लिफ्ट नहीं किया जा रहा है। उम्मीद है कि सिल्ट की मात्रा घटते ही पानी की लिफ्टिंग शुरू होगी। निगम स्थिति पर नजर बनाए हुए है। पानी मिलते ही प्रभावित क्षेत्रों में पानी दिया जाएगा।

इससे क्लब टैंक, लोअर बाजार, लक्कड़ बाजार, हरी मंदिर, ठोड़ो ग्राउंड, धोबीघाट, चेला साइड, सनी साइड, डिग्री कॉलेज कोटलानाला, पटराल, साईंटिस्ट कॉलोनी, पवन विहार और नेगी कॉलोनी सहित सपरून, क्लीन और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पानी की मांग बढ़ गई है।

15वें वित्त आयोग के विकास कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला परिषद अध्यक्ष सीमा कन्याल की अध्यक्षता में जिला परिषद की विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक जिला सिरमौर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। जिला परिषद अध्यक्ष ने जिले में कार्यरत सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह 15वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक स्वीकृत हुए विकास कार्यों को जल्द पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र अविलंब प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जो कार्य किन्हीं कारणों से लंबित हैं, उन्हें पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को कहा कि जिला परिषद सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दे को गंभीरता से लें व विकास कार्यों का निष्पादन समय पर व पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के आपसी समन्वय के तहत विकास कार्यों के निष्पादन में आसानी होगी। इससे आम जनता को लाभ मिलेगा और निश्चित अवधि में विकास कार्य भी पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि जिला परिषद की यह विशेष बैठक जनहित से जुड़े विकास कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में जिला अंकेक्षण अधिकारी अजय सहाय ने सभी वार्डों से संबंधित मद क्रमवार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा, उपाध्यक्ष जिला परिषद अंजना शर्मा, जिला परिषद सदस्य, खंड विकास अधिकारी व उनके अधीन कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कंडाघाट कॉलेज में मनीषिका मिस, सुमित मिस्टर फ्रेशर बने

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

कंडाघाट। कंडाघाट कॉलेज में वर्तमान शिक्षा में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्वागत में 'जश्न-ए-आगाज' का आयोजन किया गया।

समारोह में प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया बतौर मुख्यातिथि रहे। कॉलेज के विद्यार्थी तृषा, दीपाली, पलक, भावना, चारु, गुंजन, हिमानी, गहना हितैषिका के बॉलीवुड डांस, अंशुल और साथियों के रेट्रो डांस, सुजल,अरुण, आशीष के पंजाबी नृत्य, नेहा, तनु और सिमरन के हरियाणवी नृत्य और हर्षिता,आशीष और मेघा के मधुर गीतों ने सबका मन मोह लिया। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग, एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक किया। सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कॉलेज के शिक्षकों, गैर-शिक्षकों व विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास से भरे विद्यार्थियों के टैलेंट शो और ऊर्जा से भरपूर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. हरिंद्र लाल, डॉ. अंशु कौशल और प्रो. मालविका शामिल रहे। मनीषिका ने मिस फ्रेशर और सुमित ने मिस्टर फ्रेशर का खिताब पाया। मिस रनरअप कनिष्का तथा मिस्टर रनरअप मृदुल रहे।

युवाओं से नशे के मुद्दे पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, सोलन। विश्व युवा दिवस के अवसर पर हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति सोलन ने युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चर्चा की। इस कड़ी में साई संजीवनी नर्सिंग कॉलेज संस्थान सोलन और पीजी कॉलेज सोलन में युवा छात्रों के साथ समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन को कम करने पर विस्तार से चर्चा की। नशे के खिलाफ इस अभियान में दोनों शिक्षण संस्थानों से 400 युवाओं ने भाग लिया। इस रफ्तार से पर हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति द्वारा निर्मित वेब-सीरीज द व्हाइट ट्रुथ का ट्रेलर भी रिलीज किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ सोलन कविता गौतम, संजीवनी नर्सिंग कॉलेज के एमडी डॉ. संजय अग्रवाल उनकी पत्नी डॉ. सविता अग्रवाल, जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी, अधिवक्ता अक्षित तनवर, डॉ. घनश्याम सोनी इस कार्यक्रम में हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति से मुख्य रूप से डॉ. बीएस पंवार, उर्मिल ठाकुर, जोगिंद्र चौहान, भूमित ठाकुर, वरुण मिन्हास, सीताराम ठाकुर आदि शामिल रहे।

पुलिस ने स्वयंसेवियों को सुरक्षा व अनुशासन का दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन के प्रसिद्ध ठोडो मैदान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

इसमें जिले के विभिन्न पाठशालाओं से आए कुल 71 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं। शिविर के दूसरे दिन जिला पुलिस के विशेष प्रशिक्षकों द्वारा स्वयंसेवियों को विभिन्न अनुशासनात्मक, सुरक्षा व सामुदायिक सेवाओं के प्रशिक्षण प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवियों ने पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप परेड में भाग लिया, जहां अनुशासन व समर्पण का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित सभी लोगों का मनोबल बढ़ाया। इस शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवियों को सेवा भाव, आत्मरक्षा तकनीक, आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य और अनुशासन का महत्व समझाना है, ताकि व समृद्ध सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान कर सकें। जिला प्रशासन व एनएसएस इकाई प्रशासन ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला पुलिस व सभी सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया।

शिविर के दौरान विभिन्न सत्रों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान व सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर भी संवाद व गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। एनएसएस जिला समन्वयक डीआर भट्टी के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने परेड की बारीकियों को जाना। इस शिविर के समापन अवसर पर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम मंचित किए जाएंगे।

पांच दिन बंद रहेगा दाड़लाघाट-कंसवाला रोड

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। दाड़लाघाट-कंसवाला रोड पर यातायात 13 से 17 अगस्त तक पूरी तरह से बंद रहेगा। उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर ने 12 अगस्त को यह आदेश जारी करते हुए बताया कि यह निर्णय हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा शिव मंदिर दाड़लाघाट के समीप पाइप पुलिया के पुनर्निर्माण के लिए लिया गया है।

उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर की ओर से जारी आदेश के अनुसार यातायात को नवगांव से बेरी रोड की ओर मोड़ दिया जाएगा। यह वैकल्पिक मार्ग कंचीमोड़ से कंसवाला तक के लिए उपयोग किया जा सकता है। रोड बंद की अवधि 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से 17 अगस्त को शाम 7 बजे तक रहेगी।

छात्रों ने रैगिंग को न कहें की ली शपथ

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी विवि ने एंटी-रैगिंग सप्ताह समारोह के तहत एक एंटी-रैगिंग जागरूकता सत्र और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन करके अपने छात्रों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी शिक्षण वातावरण बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसका उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के हानिकारक प्रभावों, इसके कानूनी परिणामों और परिसर जीवन में सहानुभूति और सम्मान के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। सत्र की शुरुआत एसोसिएट डीन, छात्र कल्याण डॉ. नीरज गंडोत्रा के एक जानकारीपूर्ण और प्रेरक व्याख्यान से हुई। इसमें उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि रैगिंग न केवल संस्थागत मूल्यों का उल्लंघन है, बल्कि कानून के तहत एक दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने वरिष्ठों व कनिष्ठों के बीच स्वस्थ और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने की आवश्यकता पर बात की, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक छात्र सम्मानित और सुरक्षित महसूस करें।

सड़क सुरक्षा क्लब की अपील बरसात में सावधानी से चलाएं वाहन

अनंत ज्ञान, नाहन

लगातार हो रही भारी बारिश व भूस्खलन की घटनाओं को देखते हुए, सड़क सुरक्षा क्लब ने आम जनता से अपील की है कि वे इस मौसम में वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें।

क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने कहा कि मानसून के दौरान सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ जाता है, इसलिए सभी वाहन चालक सतर्क रहें। नरेंद्र तोमर ने बताया कि क्लब ने हाल ही में एक बैठक की। इसमें सड़क सुरक्षा के मुद्दे पर गहन चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, बारिश के कारण सड़कों पर कई जगह कीचड़ और मलबा जमा हो जाता है। इससे फिसलन बढ़ जाती है। साथ ही, पहाड़ियों के दरकने से भूस्खलन का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में तेज रफ्तार से वाहन चलाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। तोमर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी गाड़ियों की स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन करें और जल्दबाजी न करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन सुरक्षित रूप से चलाएं। अपनी और दूसरों की जान को खतरे में न डालें। क्लब ने यह भी सुझाव दिया कि वाहन चालक अपनी गाड़ियों की ब्रेक, टायर और लाइट की नियमित जांच कराते रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे सही ढंग से काम कर सकें। नरेंद्र तोमर ने बताया कि क्लब का लक्ष्य लोगों को जागरूक कर सड़क हादसों को कम करना है और इस मानसून के दौरान यह और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है।

> लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा

एमसी चुनाव को लेकर भाजपा सोलन मंडल ने बनाई रणनीति

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन शहरी मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की और इसमें कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य वक्ता के तौर पर रतन सिंह पाल उपस्थित रहे।

शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी अक्षय भरमौरी भी इस बैठक में मौजूद रहे। शैलेंद्र गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी कनिष्ठ और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। भाजपा शहरी मंडल ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारी को सम्मानित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने संगठन में सभी से मिलजुल कर कार्य करने की अपील की सभी मनमुटाव और भेदभाव को भूलकर पार्टी द्वारा जो भी उम्मीदवार पार्टी तय करेगी, उसको सफल करने का का प्रण दिलवाया। जिला अध्यक्ष रतन पाल ने कहा कि आजादी में

भाजपा की बैठक में शैलेंद्र की अध्यक्षता में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

शहीदों को याद करते हुए उनके बलिदानों को हमेशा याद रखना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को भी उन शहीदों के बारे में हमें बताना चाहिए। भाजपा अपने जवानों के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखती है, जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, जवानों का हौसला बुलंद हुआ है और देश का नागरिक उनके सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहने लगा है। तिरंगे का मान सम्मान बढ़ा है और दुनिया में भारत जहां एक आर्थिक दृष्टि से अग्रसर हुआ है, वहां दुनिया को अपना लोहा मनाने में भी सफल हुआ। भारत का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, मीरा आनंद, पुरुषोत्तम गुलेरिया, तरसेम भारती, रितु सेठी, राकेश शर्मा, डॉ. राजेश कश्यप, धर्मेंद्र ठाकुर, संजय मलिक दिनेश शुक्ला, अनिल, कर्मचंद, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

भूमिका मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

ई-ऑफिस से कार्यप्रणाली होगी सरल

अनंत ज्ञान, सोलन

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि ई-ऑफिस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसका उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में कार्य करने के तरीके को सरल, उत्तरदायी और पारदर्शी बनाना है।

मनमोहन शर्मा ई-ऑफिस प्रणाली और मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन (1100) विषयों के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस से लेखन सामग्री की बचत होगी और यह पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि ई-फाइल के माध्यम से फाइल का निष्पादन कभी भी, कहीं भी और किसी भी समय किया जा सकता है। डीसी ने प्रथम सितंबर तक सभी विभागों के अधिकारियों को ई-ऑफिस आरंभ कर कार्यालय की डाक इस माध्यम से भेजने के निर्देश

समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा साथ हैं अन्य अधिकारी।

दिए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस का सॉफ्टवेयर एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है। यदि किसी विभाग को ई-ऑफिस में कार्य करने में कठिनाई आती है, तो वह एनआईसी में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सोलन अनुज शर्मा के मोबाइल नंबर 98050-09799 पर संपर्क कर समाधान के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस में पत्र व अन्य दस्तावेज सुरक्षित रहते हैं और इन्हें खोजने में भी आसानी होती है और कार्य का निष्पादन जल्द हो जाता है। डीसी ने सभी विभिन्नों के अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने कार्यालय के कर्मचारियों की हिम एक्सेस पर आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जल्द ही अपने डिजीटल हस्ताक्षर बनाने के निर्देश भी दिए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर पोर्टल का अनुश्रवण करने को भी कहा। नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता काप्टा, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सुरेंद्र ठाकुर, सहायक आयुक्त नीरजा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नाहन सेंट्रल जेल में बंद कैदियों के साथ मारपीट, जांच जारी : डीएसपी

अनंत ज्ञान, नाहन। सूबे की सुरक्षा की दृष्टि से सबसे सुरक्षित सेंट्रल जेल नाहन में जेल पुलिस की ओर से यहां सजा काट रहे कुछ कैदियों के साथ धुनाई करने के मामले की शिकायत पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई है। कैदियों की शिकायत मिलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। इस मारपीट के मामले में पुलिस चौकी गनू घाट ने बीते रविवार को 4 कैदियों के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल करवाए गए हैं। कुछ कैदियों के आज मेडिकल होने की जानकारी मिल रही है। डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत ने पुष्टि करते हुए बताया कि सेंट्रल जेल के कैदियों के साथ जेल पुलिस द्वारा मारपीट की शिकायत आई है। पुलिस चौकी गनूघाट के प्रभारी सुरेश मेहता की टीम जांच में जुटी है। डीएसपी ने बताया कि 4 कैदियों के मेडिकल करवा दिए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार अन्य कुछ के आज होंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस मारपीट के कारणों को लेकर जेल प्रबंधन से पूछताछ कर रही है। रिपोर्ट के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। उधर, जेल प्रशासन अपने स्तर पर भी जांच में जुटा है।

संवाद व एक्सपोजर विजिट से स्टूडेंट्स ने सीखी प्राकृतिक खेती की बारीकियां

अनंत ज्ञान, सोलन

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा प्राकृतिक खेती के ईएलपी (अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम) विद्यार्थियों के लिए एक विशेष संवाद-सह एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में चल रही प्राकृतिक खेती गतिविधियों से अवगत करवाना था।

प्राकृतिक खेती में संलग्न विश्वविद्यालय की संपूर्ण वैज्ञानिक टीम ने इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम में पद्मश्री नेकराम शर्मा और कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने भाग लिया। इसकी शुरुआत विश्वविद्यालय के प्राकृतिक खेती प्रदर्शन ब्लॉक के फील्ड विजिट से हुई, जहां विभिन्न फसल संयोजनों पर अनुसंधान चल रहे हैं। नेकराम शर्मा ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर विद्यार्थियों से प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न फसलों में किए जा रहे प्रयोगों पर विचार-विमर्श किया। सभा को संबोधित करते हुए नेकराम शर्मा ने इस पर्यावरण हितैषी खेती पद्धति के पीछे के विज्ञान को सीख रहे युवा विद्यार्थियों के साथ संवाद कर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने आधुनिक समय में प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पौष्टिक और स्वस्थ आहार के लाभ गिनाए। प्रो. चंदेल ने रासायनिक-मुक्त, स्वस्थ भोजन की बढ़ती वैश्विक मांग और प्राकृतिक खेती के प्रति बढ़ती रुचि पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उद्यमिता के अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती में विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए फसल संयोजन मॉडलों के बारे में बताया, जिनका उद्देश्य किसानों को विविध फसलों के माध्यम से सालभर आय उपलब्ध करवाना है।

न्यूज ब्रीफ

1.506 किलो गांजे सहित महिला नशा तस्कर काबू

अनंत ज्ञान, पानीपत। पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रावसेड़ा गांव की रहने वाली एक महिला नशा तस्कर को 1 किलो 506 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने जानकारी दी कि सोमवार को उनकी टीम हथवाला गांव के अड्डा पर थी, जहां उन्हें सूचना मिली कि महिला कांता गांजा बेचने के इरादे से अपने घर के पास घूम रही है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक महिला पॉलिथीन पकड़े खड़ी मिली। टीम में मौजूद महिला सिपाही शालू ने उसे काबू किया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम कांता, निवासी रावसेड़ा बताया। पॉलिथीन की तलाशी लेने पर उसमें 1.506 किलो गांजा बरामद हुआ। कांता ने पूछताछ में बताया कि वह लंबे समय से गांजा बेचने का अवैध धंधा कर रही है और पहले भी इसी आरोप में जेल जा चुकी है। उसने हाल ही में गांव के एक युवक से 2 किलो गांजा खरीदा था, जिसमें से कुछ बेच चुकी थी। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पत्रकारिता में संयम व सजगता अनिवार्य

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सदन की कार्यवाही की रिपोर्टिंग करते समय पत्रकारों में संयम, सजगता और समझदारी अत्यंत आवश्यक है। वे मंगलवार को हरियाणा विधानसभा द्वारा आयोजित एकदिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला में बोल रहे थे, जो विधानसभा की कार्यवाही कवर करने वाले पत्रकारों के लिए पहली बार आयोजित की गई। अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा कोई सामान्य संस्था नहीं, बल्कि राज्यहित में कानून निर्माण का मंच है, जहां विभिन्न राजनीतिक दल अपनी नीति व विचारधारा के अनुसार विचार रखते हैं। ऐसे में मीडिया की भूमिका अहम हो जाती है, जो तकनीकी और जटिल विधेयकों को सरल भाषा में आम जनता तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि कई विधेयक तत्कालिक मुद्दों से जुड़े होते हैं, जिनकी रिपोर्टिंग में अतिरिक्त सजगता जरूरी होती है। पूर्व मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा ने कार्यशाला में अपने प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए मीडिया कर्मियों को डिजिटल युग की चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने सहनशीलता व गहन अध्ययन को पत्रकारिता का मूल बताया। कार्यशाला में कई वरिष्ठ अधिकारी, विशेषज्ञ और पत्रकार मौजूद रहे।

हरियाणा में अवैध गर्भपात के खिलाफ सख्ती

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा में इस वर्ष अवैध गर्भपात और एमटीपी किट की गैरकानूनी बिक्री के मामलों में 120 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से 39 मामलों में अदालत में चालान पेश किया जा चुका है, जबकि 47 मामलों की जांच अभी चल रही है। यह जानकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक में दी। बैठक का उद्देश्य प्रदेश में लिंगानुपात में और सुधार लाने के प्रयासों की समीक्षा करना था। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पुलिस के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित करने और सभी कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि इन मामलों को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके और दोषियों को सजा दिलाई जा सके। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की बेहतर तैनाती पर बल दिया। राजपाल ने पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों को छापेमारी के दौरान संयुक्त रूप से काम करने और लिंग परीक्षण व अवैध गर्भपात में शामिल पूरे नेटवर्क को तोड़ने के निर्देश भी दिए। इसके लिए आरोपियों के फोन रिकॉर्ड और लोकेशन हिस्ट्री की जांच पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी जिले में पीएनडीटी नोडल अधिकारी का स्थानांतरण डीजीएचएस की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता विज्ञापन सिनेमाघरों में प्रसारित किए जा रहे हैं और एक आईईसी डैशबोर्ड अगले एक माह में कार्यशील होगा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक, कई योजनाएं मंजूर, कहा-

शहरी सुंदरता पर खर्च होंगे 342 करोड़

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए अधिकारियों को राज्य में सिविल कार्यों के लिए टेंडर फ्लोट करने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के लिए एसओपी तैयार की जाए, जिसमें प्रत्येक चरण की स्पष्ट समय-सीमा और जिम्मेदारी तय की जाए ताकि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी समाप्त हो सके और परियोजनाओं का क्रियान्वयन तय समय पर सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री मंगलवार को पंचकूला में शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 342 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन कांट्रेक्टर्स द्वारा उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जा रहा है, उन्हें समय-समय पर सम्मानित किया जाए ताकि कार्य के प्रति प्रतिस्पर्धा और प्रतिबद्धता बनी रहे। साथ ही, काम में कोताही बरतने या सही तरीके से काम न करने वाली एजेंसी एवं कांट्रेक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाए।

बैठक में करनाल नगर निगम में दिव्य नगर योजना के तहत प्रमुख सड़क खंडों के विकास एवं सौंदर्यीकरण, पार्कों और चौकों के आधुनिकीकरण के लिए 15.30 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों के पूरा होने से न केवल नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध होंगे, बल्कि साफ-सुथरे और आकर्षक वातावरण के कारण लोगों के जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इसी प्रकार डेयरी कॉम्प्लेक्स, कन्हेली रोड, रोहतक में 13.92 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई जिससे स्थानीय गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ गुरुग्राम में श्रीमाता शीतला देवी श्राइन परिसर के पुनर्विकास के लिए 13.50 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।

स्वच्छता पर विभिन्न कार्यों को दी मंजूरी

बैठक में स्वच्छता पर विशेष फोकस रखते हुए घर-घर कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन और निस्तारण के संबंध में भी विभिन्न कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें नरवाना नगर परिषद में 9.18 करोड़ रुपए, नगर निगम रोहतक में 85.90 करोड़ रुपए, नगर निगम यमुनानगर में 21.97 करोड़ रुपए, फतेहाबाद नगर परिषद में 10.45 करोड़ रुपए, नगर निगम हिसार में 56.95 करोड़ रुपए, नगर निगम मानेसर में 64 करोड़ रुपए, टोहाना नगर परिषद में 9.35 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा रोहतक नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण तथा रेवाड़ी नगर परिषद में लीगेसी वेस्ट के लिए भी क्रमश: 25.96 करोड़ रुपए व 15.28 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

एमसीएम में 'राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस' पर लगाई पुस्तक प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की पुस्तकालय समिति ने राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह दिवस भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक माने जाने वाले डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती पर मनाया जाता है।

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य ज्ञान, अनुसंधान और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने में पुस्तकालयों की अमूल्य भूमिका का उत्सव मनाना है। पुस्तकों के इस संग्रह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विविध विषयों पर उपलब्ध ज्ञान-संसाधनों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। उद्घाटन दिवस पर विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अवलोकन व क्रय किया।

कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. नीना शर्मा ने इस विशेष अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का हृदय होता है और यह प्रदर्शनी डॉ. रंगनाथन के उस दृष्टिकोण को समर्पित है, जिसमें वह ज्ञान को सभी के लिए सुलभ बनाना चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों के भंडार नहीं हैं, बल्कि ऐसे प्रेरणादायी स्थल हैं जो सृजनशीलता को प्रोत्साहित करते हैं, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और आजीवन पठन के प्रति प्रेम को पोषित करते हैं।

आर्थिक संकट से जूझ रहे नागरिकों को राहत देने की मांग

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज चंडीगढ़ में रिहायशी संपत्तियों की शेयर-वाइज रजिस्ट्री को तुरंत बहाल करने की मांग दोहराई।

यह मांग उस हालिया जवाब के बाद आई है जो केंद्रीय मंत्री ने चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में दिया, जिसमें एक बार फिर स्पष्ट किया गया है कि चंडीगढ़ विरासत शहर (हेरिटेज सिटी) की परिधि में नहीं आता और केवल कुछ चुनिंदा इमारतों को ही विरासत का दर्जा प्राप्त है। इस मुद्दे पर बोलते हुए चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और चंडीगढ़ प्रशासन से अपील की कि वे तुरंत समीक्षा कर शेयर-वाइज रजिस्ट्री पर लगे मनमाने प्रतिबंध को वापस लें। लक्की ने आम नागरिकों की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा, 'कई लोग, जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई संपत्ति में लगाई थी, इस गलत फैसले के कारण फंस गए हैं। एक समय पर बैंक इन लेन-देन को फंड करते थे, लेकिन प्रशासन के प्रतिबंध के बाद यह रास्ता भी बंद हो गया है। लोग अपनी हिस्सेदारी बेचने या संपत्ति के बदले ऋण लेने में असमर्थ हैं। जो लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, बच्चों की शिक्षा के लिए फंड जुटा रहे हैं या शादियों की तैयारी कर रहे हैं, वे आर्थिक संकट में धकेले जा रहे हैं।

चंडीगढ़ प्रशासन से अपील शेयर-वाइज रजिस्ट्री पर मनमाने प्रतिबंध को लें वापस

उन्होंने आगे कहा कि चंडीगढ़ को सिर्फ चंद अमीरों का शहर नहीं बनाया जा सकता, जबकि आम निवासी परेशानियों में जीने को मजबूर हों। कांग्रेस नेता ने इस मुद्दे पर बीजेपी की चुप्पी की आलोचना करते हुए कहा, 'ऐसा लगता है कि सत्तारूढ़ दल लोगों की तकलीफ सिर्फ देखता रहेगा, उनके अधिकारों के लिए खड़ा नहीं होगा। यह शासन नहीं, बल्कि जनहित की पूरी तरह अनदेखी है।

लक्की ने सुझाव दिया कि पहले चरण में कम से कम सेक्टर 30 से ऊपर के क्षेत्रों में शेयर-वाइज रजिस्ट्री की अनुमति दी जानी चाहिए, जिससे तुरंत हजारों लोगों को राहत मिल सके।

चंडीगढ़ कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि वह इस मांग को तब तक उठाती रहेगी जब तक प्रशासन अपना फैसला वापस लेकर लोगों को बिना किसी अनावश्यक बाधा के संपत्ति शेयर रजिस्ट्री का अधिकार बहाल नहीं करता।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रवनीत प्रथम

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर 50, चंडीगढ़ ने हर घर तिरंगा पहल और विकसित भारत 2047 दृष्टि का उत्साहपूर्वक 79वें स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर जश्न मनाया। इस अवसर पर कॉलेज ने इको क्लब आदि के सहयोग से रचनात्मक प्रतियोगिताओं की एक रंगारंग शृंखला आयोजित की, जिनका उद्देश्य था छात्रों में स्थिरता और शहरी विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना। पोस्टर मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताएं दो महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित की गईं 'एक सतत भविष्य के लिए हरा भारत' और 'स्मार्ट सिटीज़, उज्जवल भविष्य'। पोस्टर मेकिंग में रवनीत (प्रथम), जस्सन कौर (द्वितीय), और खुशबू (तृतीय) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया, जबकि ध्रुपद, वंश, और पायल ने कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उत्सव में नो-फ्लेम विषय पर आधारित त्रि-रंग भोजन प्रतियोगिता ने रसोई कला में स्थिरता का जलवा दिखाया, जिसमें नौ उत्साही टीमों ने भाग लिया।

ईशाना एवं भौमिक को प्रथम स्थान मिला, इसके बाद आनंदी एवं दिव्या (द्वितीय) और अभेदिका एवं यतिन (तृतीय) रहे। इन विजेताओं को उप उपाध्यक्षा डॉ. अमरप्रीत एस. सिजहर, परीक्षा रजिस्ट्रार डॉ. मगेश वी., और मूल्यांकन मंडल डॉ. बिक्रमजीत कौर, डॉ. प्रीति शारदा, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. सुभिना स्याल, और डॉ. कमलप्रीत कौर द्वारा पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के समन्वयन में सुश्री आंचल मलिक, डॉ. रेणुका मेहरा, और डॉ. हरिंदर कौर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक चर्चा के बाद हरवीर सिंह, अर्शदीप कौर , और दिक्षा सत्संगी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता रहे सभी को सम्मानित किया गया।

देश-विदेश

राहुल बोले- बेजुबान पशु कोई समस्या नहीं, उन्हें हटाना क्रूरता

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह दशकों से चली आ रही मानवीय और साइंटिफिक पॉलिसी से पीछे ले जाने वाला कदम है। ये बेजुबान पशु कोई 'समस्या' नहीं हैं, जिन्हें हटाया जाए।

राहुल ने एक्स पर लिखा, 'शेल्टर्स, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल अपनाया जाना चाहिए। इससे बिना क्रूरता के भी डॉग्स को सुरक्षित रखा जा सकता है। पूरी तरह पाबंदी क्रूर-अदूरदर्शी है और हमारी दया-भावना को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों कैसे साथ-साथ चलें।' दरअसल, 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया।

सड़क हादसे में गई पत्नी की जान, बाइक पर ले जाना पड़ा शव

एजेंसी, मुंबई। नागपुर से मध्य प्रदेश जाने वाले हाईवे पर दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत के बाद पति मदद के लिए राहगीरों से गुहार लगाता रहा, लेकिन किसी ने सहायता नहीं की। संवेदनहीनता की इंतहा तब हुई जब युवक ने थक-हारकर अपनी पत्नी के शव को मोटरसाइकिल पर बांधा और करीब 80 किलोमीटर दूर अपने गांव तक यूं ही ले गया। मध्य प्रदेश स्थित अपने गांव पहुंच जाने के बाद नागपुर पुलिस ने उसका पता लगाकर उसकी पत्नी ज्ञारसी यादव का शव वापस लाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दंपती को टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश कर रही है।

मोहन भागवत बोले-भगवान से प्रार्थना है मेरा दिमाग ठीक रहे

एजेंसी सीकर

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- अगर स्वतंत्रता के बाद का हमारा इतिहास देखें तो उसके आधार पर कोई यह तर्क नहीं कर सकता कि भारतवर्ष उठेगा। लेकिन भारत वर्ष उठ रहा है। विश्व में अपना स्थान बना रहा है। विश्व में बड़ी ताकत है, लेकिन उसके बावजूद भारत अपना स्थान बना रहा है।

भागवत ने मंगलवार को सीकर के रैवासा धाम में संत राघवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने 9 दिवसीय सियपिय मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए राघवाचार्य को भी याद किया। इस दौरान संघ प्रमुख ने कहा- भगवान से प्रार्थना है कि मेरा दिमाग ठीक रहे। भारत के स्वतंत्र होने के बाद लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि यहां प्रजातंत्र चल ही नहीं सकता। आज भारत आश्चर्यकारक रीति से प्रजातांत्रिक देश के नाते प्रजातंत्र के मामले में सारी दुनिया से आगे है।

इमरान की जमानत याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

एजेंसी, इस्लामाबाद। प्रधान न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने अपदस्थ प्रधानमंत्री और पीटीआई संस्थापक इमरान खान की नौ मई 2023 से जुड़े आठ मामलों में जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान अफरीदी ने लाहौर उच्च न्यायालय के फैसले में शामिल कुछ टिप्पणियों पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'क्या जमानत के मामले में अंतिम टिप्पणियां दी जा सकती हैं?' पीठ ने स्पष्ट किया कि कानूनी निष्कर्षों पर टिप्पणी करने से दोनों पक्षों का मामला प्रभावित हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ऐसा कोई निष्कर्ष नहीं देगा जिससे मुकदमे की निष्पक्षता पर असर पड़े। इमरान खान की ओर से बैरिस्टर सलमान सफदर पेश हुए, जबकि पंजाब सरकार की तरफ से विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने दलीलें दीं। जब सफदर ने अदालत से बोलने की अनुमति मांगी तो मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें अस्वीकार कर दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त तक के लिए स्थगित करते हुए पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया। (अनंत ज्ञान)

कुलगाम में आतंकवाद-रोधी अभियान 12वें दिन भी जारी

एजेंसी, कुलगाम। कुलगाम में अखल के जंगल में आतंकवाद-रोधी अभियान मंगलवार को 12वें दिन भी जारी है। सुरक्षा बलों ने जंगल की प्राकृतिक गुफाओं और घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों का सफाया करने के लिए अपनी ताकत दोगुनी कर दी है। अधिकारी के अनुसार अभियान अभी भी जारी है। सुरक्षा बल गुफा जैसी संरचनाओं में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। जंगल में मौजूद आतंकवादी अत्यधिक प्रशिक्षित माने जा रहे हैं, क्योंकि वह ड्रोन से बचने के लिए घने जंगलों का फायदा उठा रहे हैं। जिले के अकाल वन क्षेत्र में एक अगस्त को शुरू हुई मुठभेड़ में सेना के दो जवान बलिदान हो गए हैं, जबकि नौ अन्य घायल हो गए हैं। मुठभेड़ में दो आतंकवादी भी मारे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रमुख नलिन प्रभात और सेना के उत्तरी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा चौबीसों घंटे अभियान की निगरानी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

सेंसेक्स 368 अंक गिरा, निफ्टी 24500 के नीचे

एजेंसी, मुंबई। भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद भारतीय शेयर बाजार आज 12 अगस्त को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों अपनी शुरुआती बढ़त को खोकर लाल निशान में आ गए। निवेशक भारत और अमेरिका के महंगाई आंकड़े आने से पहले सतर्क दिखाई दिए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 368.49 अंक या 0.46 फीसदी गिरकर 80,235.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 97.65 अंक या 0.40 फीसदी टूटकर 24,487.40 के स्तर पर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट का रुख मिलाजुला रहा। बीएसई मिडकैप इंडेक्स जहां 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.04 फीसदी की मामूली बढ़त देखी गई। (अनंत ज्ञान)

बीजापुर में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो जवान घायल

एजेंसी, बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सोमवार से शुरू हुई मुठभेड़ मंगलवार को भी रुक-रुक फायरिंग हो रही है। इस अभियान में डीआरजी के दो जवानों के घायल होने की खबर है। दोनों जवानों की हालत सामान्य है और वे खतरे से बाहर हैं। यह अभियान जिला रिजर्व गार्ड की टीम द्वारा चलाया गया था।

सुरक्षा बलों को आशंका है कि इस मुठभेड़ में कई माओवादी भी घायल हुए हैं, हालांकि उनकी सटीक संख्या और पहचान की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। अभियान के समापन के बाद विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

आईएएस अधिकारी पर महिला अफसरों ने लगाए शोषण के आरोप

एजेंसी, लखनऊ

नोएडा में अपर आयुक्त के पद पर तैनात एक आईएएस अधिकारी के खिलाफ महिला अधिकारियों ने शोषण, उत्पीड़न और अमानवीय व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं। शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आईएएस अधिकारी के खिलाफ महिला अधिकारियों के उत्पीड़न की शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि की है। साथ ही यह भी पुष्ट किया है कि इस मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं।

राज्य कर विभाग में पिछले दिनों महिला उत्पीड़न के मामले में सात अधिकारियों के निलंबन का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि इसी तरह की एक और शिकायत ने खलबली मचा दी है। इस बार ये आरोप राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त व आईएएस अधिकारी पर विभाग की महिला अधिकारियों ने लगाए हैं।

मुख्यमंत्री को भेजे इस पत्र में शिकायत की गई है कि चार महीने से महिला अधिकारियों के साथ गुलामों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। ये भी आरोप लगाए गए हैं कि आईएएस अधिकारी अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए कहते हैं कि मेरी बात नहीं मानोगे तो तुम्हारी नौकरी खा जाउंगा और हाथ में कटोरा देकर नौकरी से निकलवा दूंगा। पत्र में आईएएस अधिकारी पर यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आने वाले गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है कि वे महिला अधिकारियों को अपने कार्यालय में बुलाकर घंटों खड़ा कर घूरते हैं। रात-रात भर महिला अधिकारियों को फोन और वीडियो कॉल करते हैं। महिला अफसरों को छुप-छुप कर देखते हैं और उनका वीडियो बनाते हैं, जो अधिकारी उनकी इस हरकत का विरोध करती है तो उसे किसी मामले में फंसाकर निलंबित करा देते हैं या सूचना लीक करने या कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाकर फंसा देते हैं।

बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने माना, आधार नागरिकता का सबूत नहीं

एजेंसी, पटना

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर सुनवाई हुई।

आरजेडी सांसद मनोज झा की तरफ से पैरवी कर रहे वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि बिहार की वोटर लिस्ट में 12 जीवित लोगों को मृतक बताया गया है। चुनाव आयोग की तरफ से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार की एक्सरसाइज में कुछ गलतियां स्वाभाविक थीं। यह दावा करना कि मृतकों को जीवित और जीवित को मृत घोषित किया गया, यह सही किया जा सकता है, क्योंकि यह एक मसौदा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहें, क्योंकि प्रक्रिया शुरू होने से पहले वोटरों की संख्या, प्रोसेस से पहले और अब मृतकों की संख्या समेत अन्य कई सवाल उठेंगे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय चुनाव आयोग के इस विचार का समर्थन किया कि आधार को नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए।

वहीं, बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के तहत चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट सुधार के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। मंगलवार को 13,970 दावे-आपत्तियां मिलीं, पर किसी दल ने आपत्ति दर्ज नहीं कराई। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जांच और स्पीकिंग आदेश के बिना किसी का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा।

रिपोर्ट

पीएम मोदी के खिलाफ ट्रंप के मोहरा या मास्टरस्ट्रोक हैं मुल्ला मुनीर?

असीम मुनीर की अमेरिका की दूसरी यात्रा एक चेतावनी

एजेंसी, वॉशिंगटन

पाकिस्तानी सेना के फील्ड मार्शल जब अमेरिका के टॉप सैन्य अधिकारियों से मुस्कुराकर मिल रहे थे तो वे पाकिस्तान की जनता को अमेरिका से गर्मजोशी भरे रिश्ते का संकेत दे रहे थे। लगातार दो महीनों में यह दूसरी बार था, जब असीम मुनीर का अमेरिका में स्वागत किया गया, जबकि इन दो महीनों में भारत और अमेरिका के संबंध अकल्पनीय स्तर पर खराब हुए हैं, खासकर विश्वास के जिस रिश्ते की बुनियाद रखी जा रही थी, वो तोड़ दी गई है। लिहाजा सवाल ये हैं कि क्या असीम मुनीर डोनाल्ड ट्रंप के मोहरा हैं या पीएम मोदी के खिलाफ मास्टरस्ट्रोक?

ये सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अमेरिका के ज्यादातर रणनीतिकार भारत के साथ ट्रेड डील को पटरी से उतारने और स्ट्रैटजिक संबंध को सूली पर चढ़ाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना कर रहे हैं। भारत के साथ सैन्य संघर्ष के ठीक बात असीम मुनीर के साथ डोनाल्ड ट्रंप ने वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में लंच किया था और अब अमेरिकी सेना के कार्यक्रम में मुनीर का स्वागत किया गया है, लेकिन कई एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि असल में असीम मुनीर डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक प्यादे से ज्यादा कुछ नहीं हैं, जबकि पाकिस्तानी एक्सपर्ट इसे मास्टरस्ट्रोक करार दे रहे हैं।

दिल्ली-एनसीआर में पुराने वाहनों पर रोक नहीं: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने वाले आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी। तब तक किसी भी वाहन मालिक के खिलाफ सिर्फ पुराना वाहन होने के आधार पर कार्रवाई नहीं की जाए। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने यह आदेश दिया। इस मामले में दिल्ली सरकार की पैरवी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने की। पुराने वाहनों पर रोक लगाने से राहत देने का अनुरोध किया था। मेहता ने कहा कि कई लोग अपने वाहनों का उपयोग सीमित रूप से करते हैं, जैसे घर से दफ्तर आने-जाने के लिए। ऐसे वाहन साल में शायद 2000 किलोमीटर भी नहीं चलते लेकिन मौजूदा नियम के तहत इस तरह के वाहन को भी 10 साल बाद बेचना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ किया करार

एजेंसी, मैड्रिड। स्पेन के फुटबॉल क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ अनुबंध किया है जो अभी तक नेपोली की तरफ से खेल रहे थे। इस 25 वर्षीय फॉरवर्ड ने अपना मेडिकल परीक्षण पास कर लिया और उन्होंने स्पेनिश टीम के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। एटलेटिको ने सोमवार को कहा, ''इटली का यह खिलाड़ी बहुमुखी प्रतिभा का धनी है। वह अग्रिम पंक्ति के अलावा मध्य पंक्ति में भी खेल सकता है।'' रास्पाडोरी ने 2022 में नेपोली के साथ करार किया और अपने पहले सत्र और फिर 2024-25 में क्लब के साथ सीरी ए खिताब जीता। उन्होंने नेपोली की तरफ से 109 मैच खेले और 18 गोल किए। उन्होंने 2021 में 21 साल की उम्र में इटली की सीनियर टीम की तरफ से फुटबॉल में पदार्पण किया और वह उस यूरोपीय चैंपियनशिप में खेले, जिसे इटली ने जीता। अभी तक इटली की तरफ से 40 मैच खेले हैं, जिनमें मैं गोल किए हैं।(अनंत ज्ञान)

दिल्ली प्रीमियर लीग में हर्षित राणा और दो अन्य क्रिकेटरों को जुर्माना

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 में हर्षित राणा को उनके व्यवहार के लिए सजा मिली है। हालांकि, इस बार उनके साथ कृष यादव और यजस शर्मा भी शामिल थे। तीनों क्रिकेटरों को एक ही मैच में आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। कृष यादव और यजस शर्मा को हर्षित राणा से दोगुनी सजा मिली है। यह घटना 11 अगस्त को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और वेस्ट दिल्ली लायंस के बीच हुए मुकाबले में हुई। कृष यादव और यजस शर्मा को आक्रामक या अश्लील हावभाव के इस्तेमाल के लिए दोषी पाया गया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मैच फीस में 20-20 प्रतिशत की कटौती की गई। हर्षित राणा को अपमानजनक भाषा का उपयोग करने के लिए दोषी ठहराया गया, 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। (अनंत ज्ञान)

संजू सैमसन मामले पर टीम ने पहली बार आधिकारिक तौर पर दी प्रतिक्रिया

एजेंसी, नई दिल्ली। पिछले कुछ समय से राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की एक टिप्पणी की बड़ी चर्चा हो रही है। इसके बाद से कयास लगने शुरू हो गए कि क्या रॉयल्स के स्टार क्रिकेटर टीम छोड़ने वाले हैं। संजू सैमसन पिछले 11 सालों से राजस्थान रॉयल्स के साथ हैं लेकिन अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि शायद संजू ने इस वर्ष के आईपीएल ऑक्शन से पहले टीम से अलग होने की इच्छा जताई है। संजू सैमसन ने भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन के साथ एक यूट्यूब शो के दौरान एक टिप्पणी की जिसने उनके राजस्थान रॉयल्स से अलग होने की चर्चा छिड़ गई। संजू ने इसमें कहा,मेरे लिए सबकुछ है, केरल के गांव से आया एक छोटा बच्चा, जो अपनी योग्यता दिखाना चाहता था और फिर राहुल (द्रविड़) सर और मनोज बडाले सर ने मुझे मंच दिया कि मैं दुनिया को दिखाऊं कि मैं क्या हूं। हालांकि अश्विन ने संजू सैमसन से जब खुलकर सवाल किया तो उन्होंने हंसकर इसे टाल दिया, लेकिन सोशल मीडिया पर संजू सैमसन और राजस्थान रॉयल्स की चर्चा छिड़ी हुई है। अब राजस्थान रॉयल्स ने भी संजू सैमसन के मामले पर चुप्पी तोड़ दी है। टीम ने पहली बार आधिकारिक तौर पर इस बारे में प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक कार्ड पोस्ट किया है, इसमें संजू सैमसन की टिप्पणी के नीचे एक हार्ट का इमोजी बना है, वैसे इस इमोजी का कुछ भी मतलब निकाला जा सकता है लेकिन उसके साथ जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, उससे ऐसा लगता है कि ये एक फेयरवेल संदेश है।(अनंत ज्ञान)

मनु भाकर का खूबसूरत अंदाज

मनु भाकर एक भारतीय खेल निशानेबाज़ हैं। उन्होंने ओलंपिक खेलों में 2 पदक, एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में 7 पदक और विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप में 22 पदक जीते हैं। 2024 के ओलंपिक में, वह 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं।

टी-20 सीरीज

सीरीज 1-1 की बराबरी पर, ब्रेविस ने बनाए 125 रन

ऑस्ट्रेलिया लगातार नौ टी-20 जीतने के बाद हारा

एजेंसी, डार्विन

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी-20 में 53 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 11 महीने बाद कोई टी-20 मैच हारी। इससे पहले टीम ने लगातार 9 मैच जीते थे।

मंगलवार को मिली इस जीत के साथ अफ्रीकी टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने 17 रन से जीता था। तीसरा मुकाबला 16 अगस्त को खेला जाएगा। डार्विन ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 218 रन बना दिए। टीम से 22 साल के डेवाल्ड ब्रेविस ने 56 बॉल पर 125 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और 8 छक्के लगाए।

जवाबी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम 17.4 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम से टिम डेविड ने 50 रन बनाए। प्रोटियाज से क्वेना मफाका और कार्बिन बॉश ने 3-3 विकेट झटके। (अनंत ज्ञान)

साउथ अफ्रीका ने 53 रन से मात दी

डेवाल्ड ब्रेविस दूसरे टी-20 में प्लेयर ऑफ द मैच बने। उन्होंने 2 कैच भी लपके।

ब्रेविस के शतक से बने कई रिकॉर्ड्स

- ब्रेविस साउथ अफ्रीका के लिए टी 20 में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने 22 साल 105 दिन के उम्र में शतक लगाया।
- ब्रेविस का शतक साउथ अफ्रीका के लिए दूसरा सबसे तेज है। डेविड मिलर बांग्लादेश के खिलाफ 35 गेंद पर शतक बना चुके हैं।
- ब्रेविस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे तेज टी 20 में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी 20 में सबसे तेज शतक लगाया।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

ऑस्ट्रेलिया : मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), टिम डेविड, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल ओवन, बेन ड्वार्शिस, सीन एबॉट, एडम जम्पा और जोश हेजलवुड।

साउथ अफ्रीका : ऐडन मार्करम (कप्तान), रायन रिकेल्टन (विकेटकीपर), रासी वान डर डुसन, डेवाल्ड ब्रेविस, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, ट्रिस्टन स्टब्स, नकाबायोमजी पीटर, कॉर्बिन बॉश, कगिसो रबाडा, क्वेना मफाका और लुंगी एनगिडी।

एशिया कप 2025 में अक्षर और गिल उपकप्तानी के दावेदार

एजेंसी, नई दिल्ली

इंग्लैंड सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय फैंस अब बेसब्री से साथ एशिया कप 2025 का इंतजार कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 9 सितंबर से होगी। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले फैंस के मन में इस वक्त सबसे बड़ा सवाल ये है कि जसप्रीत बुमराह एशिया कप 2025 में खेलेंगे या नहीं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वह एशिया कप में खेल सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

गिल को मिल सकती है उपकप्तानी की जिम्मेदारी

शुभमन गिल शानदार लय में नजर आए हैं। ऐसे में भारतीय टी-20 टीम में उनकी वापसी भी तय मानी जा रही है। पीटीआई के मुताबिक गिल न सिर्फ भारत की टी-20 टीम में वापसी करने की होड़ में हैं, बल्कि उन्हें उपकप्तान बनाए जाने को लेकर भी विचार किया जा रहा है। उन्हें या अक्षर पटेल को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

20 तक हो सकता है टीम का ऐलान

अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति 19 या 20 अगस्त को एशिया कप के लिए टीम का ऐलान कर सकती है। टीम का सेलेक्शन इस बात पर निर्भर करेगा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की टीम सभी खिलाड़ियों का मेडिकल रिपोर्ट कब तक भेजती है जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव की जानकारी भी शामिल है।

एशिया कप के लिए भारत का संभावित स्क्वॉड

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती,कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा/प्रसिद्ध कृष्णा, हार्दिक पांड्या, जितेश शर्मा/ध्रुव जुरेल शामिल हैं।

रोनाल्डो ने गर्लफ्रेंड जॉर्जिना से की सगाई

एजेंसी, वाशिंगटन

पुर्तगाल और अल नस्र के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी पार्टनर जॉर्जिना रॉड्रिगेज के साथ सगाई कर ली है।

जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर कर इस बात की जानकारी अपने फैंस को दी। जॉर्जिना ने अपने हाथ और रोनाल्डो के हाथ की तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि हां मैं आपसे प्यार करती हूं। इस जिंदगी और आने वाली हर जिंदगी में।(अनंत ज्ञान)

गुच्ची के स्टोर पर मुलाकात

रोनाल्डो और जॉर्जिया 2016 में पहली बार एक गुच्ची के स्टोर मिले थे। जॉर्जिया उस स्टोर पर काम करती थीं। पहली मुलाकात के बाद दोस्ती बढ़ी और फिर दोनों ने एक साथ समय बिताने का फैसला किया।

9 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे जॉर्जिना और रोनाल्डो

रोनाल्डो और जॉर्जिना साल 2016 से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और लगभग नौ साल बाद दोनों ने सगाई की है। दोनों की मुलाकात एक ब्रांड स्टोर में हुई थी। 2017 में इन दोनों ने अपने रिलेशनशिप को दुनिया के सामने रखा था। रोनाल्डो और जॉर्जिना के 4 बच्चे हैं। उनके दो बच्चे इवा मारिया और मातेओ का जन्म साल 2017 में हुआ था। इसके बाद 2022 में जॉर्जिना ने बेला एस्मेराल्डा को जन्म दिया था। इसके अलावा रोनाल्डो का एक बेटा भी है। जिसका नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर है, उसका जन्म 2010 में हुआ था। जॉर्जिना फिलहाल सभी बच्चों की देखभाल कर रही हैं।

फुटबॉल प्रशिक्षण के लिए जर्मनी जाएंगे सात खिलाड़ी

एजेंसी, नई दिल्ली

चार अंतरराष्ट्रीय टीम सहित कुल 106 टीम 19 अगस्त से यहां शुरू हो रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन आयु वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन जूनियर लड़कों (अंडर-17), जूनियर लड़कियों (अंडर-17) और सब जूनियर (अंडर-15) वर्ग में किया जाएगा।

वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु के विभिन्न स्थलों पर 25

सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 19 अगस्त से होगा शुरू

सितंबर तक किया जाएगा। एयर मार्शल एस शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''इसमें श्रीलंका और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय टीम भाग लेंगी जो टूर्नामेंट की वैश्विक पहुंच और बढ़ते कद के बारे में बहुत कुछ कहता है।'' 'इंडियन टाइगर और टाइग्रेस' प्रतिभा खोज अभियान के हिस्से के रूप में टूर्नामेंट के दौरान जर्मनी में प्रशिक्षण के लिए सात खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। भारतीय महिला फुटबॉलर दालिमा छिब्बर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थीं। टूर्नामेंट की शुरुआत जूनियर लड़कियों के वर्ग के साथ 19 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होगी जिसके बाद सब जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले दो सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होंगे। जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले 16 सितंबर से दिल्ली-एनसीआर में खेले जाएंगे। दिल्ली-एनसीआर में अंबेडकर स्टेडियम, तेजस फुटबॉल ग्राउंड, सुब्रतो पार्क फुटबॉल ग्राउंड और पिंटो पार्क फुटबॉल ग्राउंड में मैच खेले जाएंगे। बेंगलुरु में एयर फोर्स स्कूल जलाहल्ली, एयर फोर्स स्कूल येलहंका और मुख्यालय ट्रेनिंग कमांड फुटबॉल ग्राउंड में मैच खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

दीप्ति अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर, मंधाना सूची में फिसली

एजेंसी, दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गई जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रहीं। सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिए। पाकिस्तान महिला टीम इस श्रृंखला को 1-2 से हार गई थी।

सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह

हरमनप्रीत कौर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब

वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं। कलात्मक बल्लेबाज मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गयी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुंच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।

आयरलैंड की हरफनमौला ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को पाकिस्तान के खिलाफ उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं। प्रेंडरगैस्ट पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में आयरलैंड की 2-1 की श्रृंखला जीत के दौरान शानदार फॉर्म में थीं। इस 23 साल की खिलाड़ी ने बेहतरीन योगदान दिया और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। (अनंत ज्ञान)

मैनचेस्टर ने लंदन स्पिरिट को 10 रन से हराया

एजेंसी, लंदन। मैनचेस्टर ओरिजिनल्स ने सोमवार रात सीजन की पहली जीत दर्ज करते हुए लंदन स्पिरिट को 10 रन से हराया। ओरिजिनल्स की ओर से शीर्ष चार बल्लेबाजों ने 20 से अधिक रन बनाए, जिससे टीम ने 163 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। ओरिजिनल्स के लिए बेन मैकिनी ने 12 गेंदों पर तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 29 रन की तेज पारी खेली।

फिल साल्ट (31) ने उन्हें अच्छा साथ दिया। जोस बटलर (46) और हेनरिक क्लासेन (24) ने पारी को संभाला, लेकिन तेजी से रन नहीं बना सके। टीम का स्कोर 163 रन रहा। वॉर्नर (71) और कप्तान केन विलियमसन ने संभलकर खेलते हुए स्कोर 75 तक पहुंचाया, लेकिन रन गति बनाए रखना चुनौतीपूर्ण रहा।

जेमी स्मिथ और एश्टन टर्नर ने बड़े शॉट लगाए, पर आखिरी 40 गेंदों में दो रन प्रति गेंद की दर से बेलना टीम के लिए मुश्किल हो गया। जॉश टंग ने तीन विकेट झटके, जिसमें वॉर्नर का अहम विकेट भी शामिल रहा। अंतिम ओवरों में जेमी ओवरटन (19 रन, 7 गेंद) के प्रयास के बावजूद स्पिरिट 153/6 पर सिमट गई।

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने ग्रैंड शतरंज में ओपेरिन-लिएम को हराया

सेंट लुई (अमेरिका)

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अमेरिका के लेवोन अरोनियन से पहले दौर में मिली हार के बाद वापसी करते हुए ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले क्वांग पर जीत दर्ज की और ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

गुकेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें पहले दौर में एक कड़े मुकाबले में अरोनियन से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और सोमवार को खेली गई अन्य बाजियों में ओपेरिन और लिएम को हराकर संभावित छह में से चार अंक हासिल किए।

लास वेगास में हाल ही में संपन्न फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने वाले अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर अपना परफेक्ट स्कोर बनाए रखा। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि उनके हमवतन फैबियानो कारुआना दो जीत और एक ड्रॉ के बाद पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

गुकेश एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से तीसरे, जबकि वाचियर-लाग्रेव और लीनियर डोमिनगुएज पेरेज तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।

लिएम और ओपेरिन दो-दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नोडिरबेक के खाते में एक अंक है, जबकि सैम शैंकलैंड अपने सभी मैच हारने के बाद अंतिम स्थान पर हैं। गुकेश को पहले दौर में कैरो कान के डिफेंस गेम के कारण पैदा हुई जटिलताओं के कारण हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए ओपेरिन को शह और मात देने के लिए अपनी रानी की बलि दे दी और आसानी से जीत हासिल की। दिन के आखिरी मुकाबले में लिएम के खिलाफ काले मोहरों से खेल रहे गुकेश को फिर से मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दबाव बनाए रखा और आखिर में वह जीत हासिल करने में सफल रहे। (अनंत ज्ञान)

सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज के पहले दिन के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर

आनी के आर्यन का एशियाई युवा खेलों के लिए भारतीय कैंप में चयन

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

आनी। विशलाधार क्षेत्र की वॉलीबॉल प्रतिभा आर्यन को आगामी एशियाई युवा खेलों के लिए भारतीय कैंप में चयनित किया गया है। यह प्रतियोगिता मनामा, बहरीन में आयोजित होगी।

प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय चयन परीक्षा 30 और 31 जुलाई को जयपुर में संपन्न हुई, जिसमें देश भर से 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। आर्यन की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। 204 सेंटीमीटर की प्रभावशाली ऊंचाई वाले आर्यन मिडल ब्लॉकर की भूमिका निभाते हैं और वर्तमान में खेल प्राधिकरण भारत के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, तिरुवनंतपुरम में प्रशिक्षण ले रहे हैं। देश के प्रमुख वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्रों में से एक है, जहां शीर्ष खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाता है। आर्यन ने इससे पूर्व स्कूल गेम्स ऑफ इंडिया नेशनल्स में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था।

वे आनी खंड के बिशलाधार गांव के निवासी हैं। उनके पिता जगदीश चंद आयुर्वेद में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता ममता चौहान एक नेत्री हैं। आर्यन की माता ममता चौहान ने बताया कि आर्यन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आनी के सरस्वती विद्या मंदिर से प्राप्त की उन्होंने बताया कि आर्यन के पिता और वे चाहते थे कि वे नीट परीक्षा की तैयारी करें और डॉक्टर बनें। लेकिन वॉलीबॉल स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में बतौर हाई परफॉर्मेंस मैनेजर सेवारत अंकुश कटोच ने आर्यन की लंबाई को देखकर उन्हें वॉलीबॉल में भविष्य बनाने की सलाह दी।

जूनियर हॉकी टूर्नामेंट

जालंधर में नए फॉर्मेट में चैंपियनशिप की हुई शुरुआत

छत्तीसगढ़ ने गोवा को 5-1 से दी मात

एजेंसी, जालंधर

15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप 2025 की शुरुआत हो चुकी है। इस बार टूर्नामेंट में कुल 30 टीमों ने हिस्सा लिया है। यह टूर्नामेंट इस बार जालंधर में नए डिवीजन आधारित फॉर्मेट में खेला जा रहा है। यह नया फॉर्मेट इस साल के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप में ही लागू किया जा चुका था। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30 टीमों को तीन डिवीजन डिवीजन 'ए', डिवीजन 'बी' और डिवीजन 'सी' में बांटा गया है। (अनंत ज्ञान)

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला

वहीं, 15 वीं हॉकी इंडिया जूनियर नेशनल चैंपियनशिप टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ को 18 सदस्यीय टीम ने भी हिस्सा लिया है। छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मुकाबला गोवा की टीम से हुआ। इस मैच में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए गोवा को 5-1 से हरा दिया है। छत्तीसगढ़ और गोवा के बीच हॉकी का मुकाबला जालंधर के सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में खेला गया।

गोल कीपर अल्फाज खान ने दिखाया दमदार खेल

छत्तीसगढ़ की टीम ने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन हासिल की है। छत्तीसगढ़ की टीम का नेतृत्व बिलासपुर हॉकी एक्सीलेंस सेंटर के आनंद कर रहे हैं और अल्फाज खान ने टीम में गोल कीपर की भूमिका निभाई। आपको बता दें कि, टूर्नामेंट खेलने गई छत्तीसगढ़ की टीम में अधिकतर प्लेयर बिलासपुर हॉकी एक्सीलेंस सेंटर के है। ये खिलाड़ी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम को आगे पहुंचा रहे हैं।

विश्व चैंपियनशिप में भाग लेना चाहती हैं भारत की महिला ड्राइवर निकिता

एजेंसी, इंडोनेशिया

एशिया पैसिफिक रैली चैंपियनशिप (एपीआरसी) में एकमात्र भारतीय महिला चालक निकिता ताकाले यहां सफलता हासिल करने के बाद अब विश्व रैली चैंपियनशिप और चुनौती पूर्ण डकार रैली में भाग लेना चाहती हैं।

निकिता ने अपने सह-चालक सुधींद्र बीजी के साथ रविवार को संपन्न हुए एपीआरसी के तीसरे राउंड में तीन खिताब जीते, जिसमें एपीआरसी आरसी4 वर्ग, एपीआरसी महिला वर्ग और सुमात्रा रैली आरसी4 श्रेणी शामिल हैं। इससे उन्होंने जापान में नवंबर में होने वाले फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

निकिता ने पीटीआई से कहा, ''मैं दूसरी बार इस चैंपियनशिप में भाग ले रही थी। दो साल पहले मैंने भारत में क्वालीफाई किया था लेकिन फाइनल तक नहीं पहुंच सकी थी। उन्होंने कहा, ''इस खेल में सभी का लक्ष्य विश्व रैली चैंपियनशिप और डकार रैली में भाग लेना होता है।

एपीआरसी के फाइनल में जगह बनाना सपना सच होने जैसा है। मैं धीरे-धीरे आगे बढ़ना चाहती हूं और मेरा लक्ष्य कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना है।'' जेके रेसिंग का प्रतिनिधित्व कर रही निकिता ने इस रैली को जीतकर अपने करियर का 100वां पोडियम हासिल किया और वह इस संख्या को बढ़ाना चाहती हैं। (अनंत ज्ञान)